kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

❑ वर्ष-15 ❑ अंक-43 ❑ शुक्रवार, 13 मार्च 2026 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12



भारतीय रेलवे तकनीकी सुधार, दुर्घटनाओं को रोकने और यात्रियों को बेहतर सुविधा मुहैया कराने की दिशा में लगातार प्रयासरत है तथा इस दिशा में स्मार्ट मॉनिटरिंग को अपनाकर सुरक्षा एवं परिचालन दक्षता बढ़ाने के लिए उन्नत एआई और मशीन लर्निंग उपकरणों को तैनात किया है। अश्विनी वैष्णव

मोदी जारी करेंगे पीएम किसान की 22वीं किस्त 11
गायक विशाल ने कैंची धाम में बाबा के दर्शन कर लिया आशीर्वाद 12

## संक्षेप

### बांदा और गोंडा के खान अधिकारियों को दी गई प्रतिकूल प्रविष्टि

**लखनऊ।** काम में शिथिलता, कर्तव्यों का प्रभावी निर्वहन न करने और निर्धारित राजस्व लक्ष्य के अनुरूप प्राप्ति न करने के चलते बांदा के खान अधिकारी राज रंजन कुमार तथा गोण्डा के खान अधिकारी अभय रंजन को वित्तीय वर्ष 2025-26 की मध्यावधि के लिए विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि प्रदान की गई है। इसके निर्देश सचिव व निदेशक भूतत्व एवं खनिकर्म माला श्रीवास्तव ने विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में खनन व्यवस्था को पारदर्शी, प्रभावी बनाने और राजस्व प्राप्ति को ध्यान में रखते हुए कार्य करें ताकि अवैध खनन पर पूर्ण नियंत्रण स्थापित किया जा सके। उन्होंने कहा कि खनन कार्यों में शिथिलता किसी भी दशा में क्षम्य नहीं है। खनन अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रदेश में उपखनिजों के अवैध खनन एवं अवैध परिवहन पर प्रभावी और ठोस कार्यवाही करते हुए पूर्ण रूप से अंकुश लगाया जाए।

### यूपी बोर्ड 2026 की हाईस्कूल-इंटर परीक्षाएं सकुशल संपन्न, 50 लाख से अधिक छात्रों ने दी परीक्षा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) द्वारा आयोजित वर्ष 2026 की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाएं गुरुवार को सफलतापूर्वक सम्पन्न हो गईं। इस वर्ष हाईस्कूल में लगभग 24.5 लाख तथा इंटरमीडिएट में करीब 26 लाख परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। बोर्ड के सचिव भगवती सिंह के अनुसार प्रदेश के 8033 परीक्षा केंद्रों के लगभग 1.22 लाख परीक्षा कक्षों में 2.89 लाख से अधिक वॉइस रिकॉर्डर युक्त सीसीटीवी कैमरों के जरिए 24 घंटे ऑनलाइन निगरानी की गई। इसके लिए जिलों में कंट्रोल रूम तथा लखनऊ में राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित किया गया।

### आगरा के चार यात्री मालकर अधिकारी निलंबित

**लखनऊ।** परिवहन आयुक्त किंजल सिंह ने परिवहन मंत्री के निर्देशों पर दायित्वों के निर्वहन में घोर उदासीनता एवं शिथिलता बरतने के आरोप में आगरा में तैनात चार यात्री-मालकर अधिकारियों नीलम, अमित वर्मा, शारदा मिश्रा एवं शिव कुमार मिश्रा को निलंबित कर दिया है। साथ ही शासन को सहायक संभागीय प्रवर्तन अधिकारी आगरा को निलंबित करने की सस्तुति भी की गई है। उप परिवहन आयुक्त संजय सिंह को जांच अधिकारी नामित किया गया है, जो जांच प्रक्रिया पूर्ण कर एक माह के अंदर जांच आख्या उपलब्ध कराएंगे। परिवहन आयुक्त ने बताया कि 11 मार्च को दो 2.30 बजे आगरा में आरबीएस हायर सेकेन्ड्री स्कूल अगवार रोड भागूपुर (हवेली) एत्मादपुर आगरा की स्कूली बस से दुर्घटना में एक बच्ची की दुखद मृत्यु हो गई थी। जिसके संबंध में मृतका के पिता ने प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उप परिवहन आयुक्त आगरा द्वारा अन्य अधिकारियों के साथ की गई भौतिक निरीक्षण में बस की तकनीकी दशा खराब पाई गई जबकि आगरा में तैनात प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा उक्त वाहन के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गई।

# होटलों, रेस्तरां को केरोसिन और कोयले के इस्तेमाल की अनुमति

## ग्रामीण क्षेत्रों में सिलेंडर की बुकिंग 45 दिन के अंतराल पर

एजेंसी

नयी दिल्ली। सरकार ने पश्चिम एशिया संकट के कारण बनी परिस्थितियों को देखते हुए सिलेंडर और पाइप से आपूर्ति की जाने वाली रसोई गैस पर दबाव कम करने के लिए होटलों और रेस्तरां में केरोसिन और कोयले के ईंधन के रूप में इस्तेमाल की अनुमति देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके अलावा सीमित संख्या में वाणिज्यिक इस्तेमाल के सिलेंडरों की भी आपूर्ति की जायेगी जिसके लिए राज्य सरकारों को प्राथमिकता के आधार पर लाभार्थियों की सूची बनानी होगी।

सरकार ने गुरुवार को एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय में कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में रसोई गैस सिलेंडर की बुकिंग 45 दिन के अंतराल पर ही की जा सकेगी। इससे पहले शहरी क्षेत्रों के लिए यह अवधि 25 दिन कर दी गयी थी। सरकार की ओर से बताया गया कि पश्चिम एशियाई देशों से अब तक एक लाख 30 हजार भारतीय स्वदेश लौट चुके हैं और विभिन्न देशों से उडानों का संचालन हो रहा है। प्रभावित क्षेत्रों में फंसे विभिन्न देशों के जहाजों पर 78 भारतीय नाविक थे जिनमें से 70 सुरक्षित निकाल लिये गये हैं जबकि चार घायल हैं और दुर्भाग्य से तीन की मौत हुई है जबकि एक लापता है। सरकार ने कहा है कि इस पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष में वहां रहे भारतीयों में से 20 से अधिक घायल हुए हैं जिनमें से अधिकतर उपचार



के बाद घर लौट गये हैं जबकि एक - दो की हालत गंभीर है। विभिन्न मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारियों ने पश्चिम एशिया की स्थिति पर यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकार स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए है और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए उचित कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि देश में गैस और पेट्रोल डीजल की आपूर्ति लगातार बनी हुई और देश के किसी भी हिस्से से इन पदार्थों की कोई कमी होने की सूचना नहीं है। लोग सिलेंडरों की बुकिंग में हड़बड़ी ने करें और अफवाहों पर ध्यान न दें। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा देशभर में हमारे लगभग 25,000 वितरक हैं और हम प्रतिदिन लगभग 50 लाख सिलेंडरों की आपूर्ति करते हैं। वितरण के स्तर पर भी कहीं भी गैस खत्म होने की कोई रिपोर्ट नहीं है, लेकिन घबराहट के कारण बुकिंग में कई गुना वृद्धि हुई है। हम नागरिकों से आग्रह करते हैं कि वे घबराहट में बुकिंग न करें और इस वैश्विक अनिश्चितता के दौर में जहाँ भी संभव हो ईंधन की बचत करें। उन्होंने कहा कि रसोई गैस के अलावा अन्य ईंधनों को भी उपभोक्ताओं के लिए उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि एलपीजी और गैस पर दबाव कम किया जा सके। उन्होंने कहा,'' आज एक आदेश जारी किया गया है जिसके तहत अतिरिक्त 48,000 किलोलीटर केरोसिन राज्यों को दिया जाएगा। यहाँ भी लाभार्थियों की पहचान और वितरण में राज्य सरकारों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। सुश्री शर्मा ने कहा कि पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने भी राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों को सलाह दी है कि इस संकट अवधि के दौरान एक महीने के लिए आतिथ्य और रेस्तरां क्षेत्रों में वैकल्पिक ईंधन-जैसे बायोमास, ● शेष पेज 11 पर

### ईंधन टैंकरों और देश की ऊर्ज़ा सुरक्षा के बारे में विदेश मंत्री ईरान के निरंतर संपर्क में : विदेश मंत्रालय

**नयी दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट से ईंधन की आपूर्ति श्रृंखला पर प्रभावों के बीच भारत ने स्पष्ट किया है कि वह इस क्षेत्र से आने वाले भारत के ईंधन टैंकरों तथा देश की ऊर्ज़ा सुरक्षा को लेकर ईरान के साथ निरंतर संपर्क बनाये हुए है और विदेश मंत्री डा एस जयशंकर ने इस बारे में अपने ईरानी समकक्ष अब्बास अराघची के साथ हाल के दिनों में तीन बार बात की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को यहां साप्ताहिक ब्रीफिंग में ईरान के साथ बातचीत के बारे में पूछे गये सवाल के जवाब में कहा,'' पिछले कुछ दिनों में विदेश मंत्री और ईरान के विदेश मंत्री के बीच तीन बार बातचीत हुई है। अंतिम बातचीत में शिपिंग की सुरक्षा और भारत की ऊर्ज़ा सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गयी। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर इसके अलावा अभी मेरे लिए कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी।

# होर्मुज जलडमरूमध्य बंद रहेगा : मोजतबा

एजेंसी

तेहरान। ईरान के नवनियुक्त और तीसरे सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई ने कार्यभार संभालने के बाद राष्ट्र के नाम अपने प्रथम संदेश में कहा है कि इजरायल-अमेरिका हमले में मारे गये ईरानियों की मौत का बदला लिया जायेगा और ईरान पड़ोसी देशों में बने अमेरिकी ठिकानों पर हमले करना जारी रखेगा।

सर्वोच्च नेता ने अपने संदेश में संघर्ष के दौरान मारे गये लोगों का जिक्र करते हुए कहा, ﾠईरान अपने शहीदों के खून का बदला लेने से पीछे नहीं हटेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि ईरान की सैन्य रणनीति केवल बचाव तक सीमित नहीं है। संदेश में चेतावनी दी गयी कि यदि आवश्यक हुआ, तो ईरान मौजूदा संघर्ष के बीच 'अन्य मोर्चे' भी खोल सकता है, जो पूरे क्षेत्र के लिए खतरे की घंटी है। श्री खामेनेई का संदेश लिखित था और इसे सरकारी टीवी पर महिला एंकर ने पढ़कर सुनाया। इसमें श्री खामेनेई ने कहा, होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद रखा जाना चाहिए। उन्होंने इसे दुश्मनों पर दबाव बनाने का एक प्रभावी जरिया करार दिया। साथ ही, उन्होंने स्पष्ट किया कि ईरान अपने पड़ोसी देशों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध चाहता है और उसका लक्ष्य केवल वे अमेरिकी सैन्य ठिकाने हैं, जहां से ईरान के खिलाफ हमले किये जा रहे हैं। संदेश में इस बात का कोई संकेत नहीं दिया गया कि नये सर्वोच्च नेता वर्तमान में कहां हैं, या उनकी स्वास्थ्य और शारीरिक स्थिति कैसी है। कुछ समाचारों में उन्हें घायल बताया गया था। श्री खामेनेई का बयान ऐसे समय ● शेष पेज 11 पर



- ❑ शहीदों के खून का बदला लेंगे, जरूरत पड़ी तो खोलेंगे नये मोर्चे: खामेनेई
- ❑ ईरान अपने पड़ोसियों से दोस्ताना संबंध चाहता है लेकिन वह वहां बने अमेरिकी फौजी अड्डों को निशाना बनाता रहेगा

### सुरक्षा परिषद में खाड़ी देशों पर ईरानी हमले के विरोध में प्रस्ताव पारित, भारत ने भी किया समर्थन

**न्यूयॉर्क।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में 130 से अधिक देशों के साथ बुधवार को उस प्रस्ताव का समर्थन किया जिसमें खाड़ी देशों और जॉर्डन के खिलाफ ईरान के हालिया 'भीषण' हमलों की निंदा की गई है। यह प्रस्ताव ईरान के हमलों की भर्त्सना करता है और शत्रुता को तत्काल समाप्त करने का आह्वान करता है। इसमें होर्मुज जलडमरूमध्य के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय समुद्री परिवहन को अवरुद्ध करने, बाधित करने या हस्तक्षेप करने की ईरान की ● शेष पेज 11 पर

# वायु सेना प्रमुख ने अग्रिम बेस पर मिग 29 लड़ाकू विमान में भरी उड़ान

एजेंसी

नयी दिल्ली। वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए.पी. सिंह ने गुरुवार को वायु सेना की पश्चिमी कमान के एक अग्रिम ऑपरेशनल बेस पर बहुउद्देशीय मिग-29 यूपीजी लड़ाकू विमान में उड़ान भरी। वायु सेना प्रमुख ने करीब पौने घंटे की उड़ान के बाद अग्रिम बेसों पर संचालन तैयारियों, युद्धक क्षमताओं और मिशन तत्परता की भी समीक्षा की। वायु सेना के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि यह दौरा वायु सेना की अग्रिम परिचालन इकाइयों के साथ नेतृत्व के निरंतर जुड़ाव को भी दर्शाता है।

फ्लाइट लेफ्टिनेंट परविंदर सिंह ने इस फॉर्मेशन का नेतृत्व किया। लैंडिंग से पहले फॉर्मेशन ने रनवे के ऊपर एक सटीक ''पील-ऑफ'' युद्धाभ्यास किया, जो स्क्वाड्रन के उच्च स्तर के प्रशिक्षण और सटीक उड़ान कौशल को दर्शाता है। बेस के वायु यौद्धाओं ने उच्च स्तर की परिचालन तत्परता बनाए रखी और दौरे के दौरान उड़ान से संबंधित गतिविधियों में



सक्रिय रूप से भाग लिया। बेस के कमांडिंग ऑफिसर ने वायु सेना प्रमुख को स्क्वाड्रन की परिचालन भूमिका, मिग-29 यूपीजी प्लेटफॉर्म की उन्नत क्षमताओं और यूनिट की समृद्ध विरासत के बारे में जानकारी दी। यह स्क्वाड्रन 1963 में अपने गठन के बाद से सेवा के 63 वर्ष पूरे करने जा रहा है, जो देश के आकाश की रक्षा में इसकी लंबी और गौरवपूर्ण परंपरा को दर्शाता है। वायु सेना प्रमुख ने एयरक्रू, तकनीशियनों ● शेष पेज 11 पर

### आईएएस अभिषेक प्रकाश की बहाली का रास्ता साफ, 14 मार्च के बाद समाप्त होगा निलंबन

लखनऊ। रिश्वत मांगने के आरोप में निलंबित किए गए 2006 बैच के आईएएस अधिकारी अभिषेक प्रकाश की बहाली का रास्ता साफ होता दिख रहा है। शासन के सूत्रों के अनुसार उनका निलंबन जल्द समाप्त होने जा रहा है और उनकी बहाली 14 मार्च के बाद से प्रभावी मानी जाएगी। दरअसल, अभिषेक प्रकाश के खिलाफ दाखिल चार्जशीट को इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने साक्ष्यों के अभाव में रद्द कर दिया है। अदालत के इस फैसले के बाद विभागीय स्तर पर उनकी बहाली की तैयारी पूरी कर ली गई है। गौरतलब है कि 20 मार्च 2025 को अभिषेक प्रकाश को रिश्वत मांगने के गंभीर आरोप में निलंबित किया गया था। उन पर एक सोलर कंपनी से प्रोजेक्ट मंजूरी के बदले घूस मांगने का आरोप लगा था। कंपनी की शिकायत के आधार पर सरकार उनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें निलंबित कर दिया था। मामले की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने पाया कि आरोपों की पुरुष के लिए कोई ठोस साक्ष्य उपलब्ध नहीं हैं। इसके चलते ● शेष पेज 11 पर

# केवल माता-पिता की सैलरी ओबीसी क्रीमी लेयर का आधार नहीं

## यूपीएससी सिविल सर्विस पास कैंडिडेट्स का मामला

एजेंसी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को ओबीसी क्रीमी लेयर तय करने के मामले में कहा कि केवल माता-पिता या अभिभावकों की सैलरी के आधार पर किसी की कैटेगरी तय नहीं की जा सकती। माता-पिता या अभिभावकों के पद और स्थिति को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए।

जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने फैसले में केंद्र सरकार की उन अपीलों को खारिज कर दिया, जो हाईकोर्ट के फैसलों के खिलाफ थीं। कोर्ट ने उन यूपीएससी कैंडिडेट्स को बड़ी राहत दी है, जिन्हें सिविल सेवा परीक्षा पास करने के बावजूद नौकरी नहीं दी गई थी। सरकार ने उनके माता-पिता की सैलरी को आधार मानकर उन्हें क्रीमी लेयर की श्रेणी में डाल दिया था। कोर्ट ने साफ किया कि अधिकारियों ने कैंडिडेट्स को आरक्षण से बाहर करने के लिए गलत पैमाना अपनाया।



यह पूरा विवाद उन कैंडिडेट्स से जुड़ा है जिनके माता-पिता पब्लिक सेक्टर्स (पीएसयू), बैंक या इसी तरह के संस्थानों में काम करते थे। सरकार ने 2004 के एक स्पष्टीकरण पत्र का सहारा लेकर कैंडिडेट्स के माता-पिता की सैलरी को आय में जोड़ दिया था। इस वजह से कैंडिडेट्स आरक्षण के लाभ से वंचित हो गए थे। यह आदेश इंदिरा साहनी मामले के बाद बना था। इसमें स्पष्ट है कि क्रीमी लेयर तय करने के लिए माता-पिता का पद (जैसे ग्रुप ए या ग्रुप बी अधिकारी) मुख्य आधार है। इस नियम के तहत सैलरी और खेती से होने वाली कमाई को आय/संपत्ति में शामिल नहीं किया जाता। कोर्ट ने कहा कि 2004 का एक पत्र मुख्य नीति को नहीं बदल सकता। कोर्ट यह भी पाया कि सरकारी कर्मचारियों और पीएसयू कर्मचारियों के बीच भेदभाव करना गलत है। अगर सरकारी कर्मचारियों के बच्चों को पद के आधार पर छूट मिलती है, तो पीएसयू कर्मचारियों के बच्चों को केवल सैलरी के आधार पर आरक्षण से बाहर करना समानता के अधिकार का उल्लंघन है। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को आदेश दिया है कि वह 6 महीने के भीतर इन कैंडिडेट्स के दावों पर फिर से विचार करे। कोर्ट ने यह भी कहा कि अगर जरूरी हो तो इन कैंडिडेट्स को नौकरी देने के लिए अलग से पद बनाए जाएं।

# सदन में मर्यादाओं को बनाये रखने के लिए हो सामूहिक संकल्प : बिरला

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरुवार को कहा कि सदन नियम परंपराओं से चलता है तथा इसमें अच्छी परंपराओं एवं मर्यादाओं को बनाए रखने के लिए सामूहिक संकल्प लिया जाए और सामूहिक विचार-विमर्श हो।

श्री बिरला अपने खिलाफ लाये गये अविश्वास प्रस्ताव के लोकसभा में खारिज होने के बाद आज सदन में आये। उन्होंने कहा ''मैंने अपने नैतिक कर्तव्य का पालन करते हुए अपने खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिए जाने के साथ ही लोकसभा की कार्यवाही के संचालन से खुद को अलग कर लिया था। सदन द्वारा मुझ पर व्यक्त किए गए विश्वास के लिए सभी का आभार व्यक्त करता हूं, इस विश्वास को अपनी जिम्मेदारी मानते हुए पूरी निष्ठा, निष्पक्षता और संवैधानिक मर्यादा के साथ निभाऊंगा। उन्होंने कहा, कि कुछ सदस्यों का मानना था कि नेता प्रतिपक्ष सदन से ऊपर हैं और किसी भी विषय पर बोल



सकते हैं, लेकिन ऐसा विशेषाधिकार किसी को नहीं है और चाहे प्रधानमंत्री हों, मंत्री हों, विपक्ष के नेता हों या अन्य सदस्य, सभी को नियम के अनुसार ही बोलने का अधिकार है। ये नियम सदन ने ही बनाए हैं और मुझे विरासत में मिले हैं। उन्होंने कहा मैंने हमेशा यह प्रयास किया है कि लोकसभा में हर सदस्य नियमों के अनुसार अपने विचार रखें, इसके लिए सभी को समय देने का प्रयास किया है ताकि सदन की कार्यवाही निष्पक्षता, अनुशासन, संतुलन और ● शेष पेज 11 पर

## रामनवमी पर बड़ी संख्या में अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता: मुख्यमंत्री

# तैयारियां समय से की जाएं पूर्ण : मुख्यमंत्री

एजेंसी

अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के आगमन तथा रामनवमी की तैयारियों को लेकर गुरुवार को समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में तैयारियों का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने पीएफसी स्थित सभाकक्ष में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारियों, जन प्रतिनिधियों व पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक की और आवश्यक निर्देश दिए। सीएम योगी ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के प्रस्तावित आगमन के दृष्टिगत सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाएं।

समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को राष्ट्रपति के आगमन की तैयारियों के बारे में जानकारी दी, जिसमें एयरपोर्ट पर स्वागत, यात्रा मार्ग पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन तथा अतिथियों के लिए आवश्यक प्रबंध शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि सुरक्षा

- ❑ सीएम योगी ने दिया राष्ट्रपति के यात्रा मार्ग पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन का निर्देश
- ❑ योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में राष्ट्रपति के आगमन व रामनवमी की तैयारियों की समीक्षा की

व्यवस्था, स्वच्छता तथा आगंतुकों के लिए सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने पूज्य संतों समेत अन्य प्रतिष्ठित अतिथियों के लिए समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि प्रशासन व श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारी समन्वय के साथ सभी तैयारियों को निर्धारित समय-सीमा में सुनिश्चित करें। सीएम ने पुलिस अधिकारियों को सभी सार्वजनिक स्थानों पर कड़ी निगरानी व ठोस सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित करने, खुफिया तंत्र व एंटी-ड्रोन कंट्रोल रूम को अलर्ट रखने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामनवमी के अवसर



पर अयोध्या धाम आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं के संबंध में भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि श्रद्धालुओं के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं तथा फुटपाथों को खाली रखा जाए, जिससे श्रद्धालुओं को आवागमन में किसी प्रकार की समस्या न हो। सीएम योगी ने भीड़ नियंत्रण के लिए प्रभावी व्यवस्था करने तथा दर्शन-पूजन कार्यक्रम को स्क्रीन के माध्यम से भी प्रसारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रामनवमी प्रमुख पर्व है, इस अवसर पर अयोध्या धाम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने सुरक्षा एजेंसियों को संदिग्ध एवं देशविरोधी तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। मंदिर परिसर में बिना जांच के किसी को भी प्रवेश न दिए जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समीक्षा बैठक में रामनवमी के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए लता मंगेशकर चौक से हनुमानगढ़ी तक गोल्फ कार्ट संचालित करने के निर्देश दिए, ताकि उन्हें ज्यादा पैदल न चलना पड़े। सीएम ने इसके साथ ही वीआईपी मूवमेंट को न्यूनतम रखने पर भी जोर दिया, जिससे आम श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने निर्देश दिया कि पार्किंग व्यवस्था पहले से सुनिश्चित की जाए। सड़कों के किनारे वाहनों की पार्किंग न होने दी जाए। सेवाभाव से विभिन्न स्थानों पर पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने परिक्रमा मार्ग एवं मंदिर म्यूजियम के निर्माण की प्रगति की भी जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर जन प्रतिनिधियों एवं ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने भी मुख्यमंत्री जी के समक्ष अपने सुझाव प्रस्तुत किए। बैठक में कृषि मंत्री/जनपद के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, रामचंद्र यादव, डॉ अमित सिंह चौहान, अभय सिंह, चंद्रभानु पासवान, ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, सदस्य गोपाल जी, ट्रस्ट्री अनिल मिश्रा, एडीजी लखनऊ जोन प्रवीण कुमार, मंडलायुक्त राजेश कुमार, डीआईजी सोमेन बर्मा, जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर आदि मौजूद रहे।

# प्रयागराज में मशरूम उत्पादन तकनीक पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण का दूसरा दिन संपन्न

❒ तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन लगभग 100 प्रशिक्षार्थियों को मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण दिया गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केंद्र, खुसरो बाग प्रयागराज में एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के अंतर्गत औद्यानिक फसलों के उत्पादन प्रबंधन एवं संरक्षित खेती के साथ-साथ मशरूम उत्पादन तकनीक पर आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन लगभग 100 प्रशिक्षार्थियों को मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण दिया गया।

इस प्रशिक्षण में फतेहपुर, कौशांबी, प्रतापगढ़ और प्रयागराज जनपदों से आए किसानों और प्रशिक्षार्थियों ने भाग लिया।मुख्य उद्यान विशेषज्ञ डॉ. वीरेंद्र सिंह ने मशरूम उत्पादन की आधुनिक तकनीकों के साथ-साथ विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री युवा योजना के अंतर्गत ?5 लाख तक का ब्याज मुक्त ऋण लेकर किसान मशरूम उत्पादन शुरू कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि लगभग ?2 लाख की लागत से एक मिनी मशरूम उत्पादन यूनिट स्थापित कर किसान एक छोटी झोपड़ी से भी मशरूम उत्पादन शुरू कर सकते हैं, जिससे प्रति माह 20,000 से 25,000 तक आय प्राप्त की जा सकती है।उन्होंने यह भी बताया कि मशरूम में प्रोटीन, विटामिन-डी और फाइबर प्रचुर मात्रा में पाया जाता है, जो डायबिटीज, हृदय रोग और बीपी के मरीजों के लिए लाभदायक होता है।शुभ सेवा एग्रो वेलफ़ेयर फाउंडेशन के सीईओ डॉ. एस. आर. बघेल ने प्रशिक्षण के दौरान व्यावहारिक प्रदर्शन करते हुए बताया कि भूसे को भिगोने (शॉकिंग) के बाद उसमें उचित नमी बनाए रखते हुए स्पॉन डालकर बैग कैसे तैयार किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि मशरूम बैग को कमरे में कैसे रखना है, कितने दिनों में उत्पादन शुरू होता है, मशरूम को ड्राई करने की प्रक्रिया क्या है तथा बाजार में पैकिंग कर बिक्री कैसे की जाती है।उन्होंने बताया कि सही तरीके से मशरूम उत्पादन कर किसान अच्छा लाभ प्राप्त कर सकते हैं। प्रशिक्षण के व्यवहारिक सत्र में सभी प्रतिभागियों को एक-एक मशरूम बैग निशुल्क दिया गया, जिससे वे घर पर मशरूम उत्पादन का अभ्यास कर सकें। इस दौरान 10 किसानों ने लगभग ?2 लाख की लागत से मशरूम उत्पादन यूनिट लगाने की इच्छा व्यक्त की।मशरूम विशेषज्ञ कुंवारी ईशा ने बताया कि बटन मशरूम उत्पादन के लिए कंपोस्ट तैयार करनी पड़ती है, जिसमें लगभग 28 दिन का समय और 7 बार पलटाई करनी पड़ती है। कंपोस्ट बनाने में चोकर, मुर्गे की खाद, यूरिया, पोटाश और जिप्सम की आवश्यकता होती है। उन्होंने बताया कि बटन मशरूम का उत्पादन अक्टूबर से फरवरी के बीच बेहतर होता है।उन्होंने बताया कि ऑटोमैटिक मशरूम प्लांट लगाने में लगभग ?30 लाख का खर्च आता है, जिसमें सरकार द्वारा लगभग 12 लाख की सब्सिडी दी जाती है और शेष 18 लाख किसान को वहन करना होता है।कार्यक्रम के अंत में खुसरो बाग प्रभारी डॉ. वी. के. सिंह ने सभी प्रशिक्षार्थियों को खुसरोबाग की नर्सरी का भ्रमण कराया तथा आम और अमरूद की फसलों में कीट-रोग से बचाव और फल गिरने से रोकने की वैज्ञानिक विधियों की जानकारी दी।इस प्रकार आज का प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# ईरान–इजराइल तनाव के बीच गैस की कमी की अफवाहें

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ प्रयागराज में एलपीजी की आपूर्ति सामान्य, जिला पूर्ति अधिकारी का दावा 144 एजेंसियों से नियमित आपूर्ति, कालाबाजारी करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

प्रयागराज। ईरान-इजराइल और मध्य-पूर्व में चल रहे संघर्ष के कारण गैस की कमी होने की अफवाहें सोशल मीडिया पर तेजी से फैल रही हैं। हालांकि जिला प्रशासन ने इन अफवाहों को पूरी तरह निराधार बताया है। जिला पूर्ति अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि जनपद में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और किसी प्रकार की कमी नहीं है।जिला पूर्ति कार्यालय के अनुसार जनपद प्रयागराज में 144 गैस एजेंसियों के माध्यम से उपभोक्ताओं को नियमित रूप से घरेलू गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। तेल कंपनियों के स्तर पर भी एलपीजी का पर्याप्त भंडारण मौजूद है, जिससे उपभोक्ताओं की मांग के अनुरूप आपूर्ति में किसी प्रकार की बाधा नहीं है।प्रशासन ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि गैस सिलेंडर की रिफिल बुकिंग 25 दिन पूरे होने के बाद ही कराएं। उपभोक्ता अधिकृत गैस वितरक से ही मोबाइल या स्मार्ट बुकिंग ऐप के माध्यम से गैस बुक करें और डिलीवरी के समय ओटीपी बताकर सिलेंडर प्राप्त करें।जिला प्रशासन ने चेतावनी दी है कि गैस सिलेंडरों का अवैध भंडारण, डायवर्जन, ओवररेटिंग या कालाबाजारी पाए जाने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 तथा भारतीय न्याय संहिता के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए उपजिलाधिकारी, पुलिस अधिकारियों और आपूर्ति विभाग के निरीक्षकों को विशेष निगरानी के निर्देश दिए गए हैं।जनता की शिकायतों के समाधान के लिए जिला पूर्ति कार्यालय में कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है। यहां क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी संजय कुमार यादव (8299632748), पूर्ति निरीक्षक विकास सोनकर (7388036037), आपूर्ति लिपिक राम किशोर (8853522200) और कुलदीप कुमार (8026271301) को जिम्मेदारी सौंपी गई है।प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी समस्या की सूचना तुरंत संबंधित अधिकारियों को दें।

## सोशल मीडिया पर न्यायिक अधिकारियों पर टिप्पणी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** थाना कैंट थाना पुलिस ने न्यायिक अधिकारियों के खिलाफ सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने के मामले में दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार मु0अ0सं0 52/2026 में दर्ज मामले में आरोपियों की तलाश की जा रही थी। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में दीपक कुमार पुत्र संतोष कुमार और देविंदर पुत्र संतोष कुमार निवासी पिया निरंजनपुर, थाना उरई कोतवाली, जनपद जालौन शामिल हैं। दोनों को 10 मार्च को जालौन के पिया निरंजनपुर से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर न्यायिक अधिकारियों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां पोस्ट की थीं, जिसके बाद उनके खिलाफ धारा 353(1)(बी), 352, 356 बीएनएस और Information Technology Act, 2000 की धारा 67 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### थाने और पुलिस गश्त की वीडियो से रील बनाने वालों पर होगी कार्रवाई: पुलिस कमिश्नर

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जोगेंद्र कुमार ने पुलिस गश्त, वाहन चेकिंग और थानों के अंदर की वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर रील पोस्ट करने की बढ़ती प्रवृत्ति को गंभीरता से लिया है। उन्होंने साफ कहा है कि ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि हाल के दिनों में कुछ लोग गले में आई-कार्ड डालकर थानों से निकलते हुए वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर रहे हैं, जिससे पुलिस की कार्यप्रणाली का गलत संदेश जा रहा है। बताया गया कि ट्धपद्धथद्ध उथद्दद्ध इलाके में एक कथित पत्रकार ने पुलिस गश्त के साथ सेल्फी वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया था। मामले का संज्ञान लेते हुए कमिश्नर ने प्रयागराज जोन के सभी थानों को निर्देश जारी करने की बात कही है। कमिश्नर के अनुसार जल्द ही एक निर्देश पत्र जारी कर थानों में इस तरह की गतिविधियों पर रोक लगाने और दोषियों पर कार्रवाई सुनिश्चित करने के आदेश दिए जाएंगे।

### 50 हजार का इनामी गौ तस्कर एसटीएफ के हत्थे चढ़ा

**प्रयागराज, चंदौली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** यूपी स्पेशल टास्क फोर्स को बड़ी सफलता मिली है। एसटीएफ ने 50 हजार रुपये के इनामी आरोपी अफसार अहमद सिद्दीकी को गुजरात से गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार आरोपी गौ तस्करी के मामले में वांछित था और उसके खिलाफ ट्टथद्धभथदन्थद्धथ ध्धद्यद्धदद्द ट्टथ्पद्धधद्ध में मुकदमा दर्ज था। लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। एसटीएफ ने आरोपी को गुजरात से पकड़ लिया है और उसे ट्रांजिट रिमांड पर लेकर उत्तर प्रदेश लाने की तैयारी की जा रही है। यूपी लाने के बाद उससे पूछताछ कर गिरोह से जुड़े अन्य लोगों के बारे में भी जानकारी जुटाई जाएगी।

### कुएं में गिरा युवक, ग्रामीणों और पुलिस की मदद से सुरक्षित बाहर निकाला गया

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** करछना थाना क्षेत्र के भरहा गांव के पास नहर किनारे स्थित एक कुएं में गिरा युवक ग्रामीणों, पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम की मदद से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। घटना के बाद कुछ देर के लिए इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार सुबह एक व्यक्ति शौच के लिए जा रहा था। तभी उसे कुएं के अंदर से किसी के चिल्लाने की आवाज सुनाई दी। पास जाकर देखने पर पता चला कि एक युवक कुएं में गिरा हुआ है। इसके बाद उसने तुरंत गांव वालों को सूचना दी।सूचना मिलते ही ग्रामीण रस्सी लेकर मौके पर पहुंचे और युवक को निकालने का प्रयास करने लगे। इसी दौरान करछना थाने को भी सूचना दी गई। सूचना मिलने पर करछना थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई। काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों, पुलिस और फायर ब्रिगेड की मदद से युवक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। कुएं में गिरे युवक की पहचान रवि कुमार भारतीया (24 वर्ष) पुत्र राधेश्याम भारतीया, निवासी कैथी गांव के रूप में हुई है। पुलिस ने युवक को सुरक्षित बाहर निकालकर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। समय रहते ग्रामीणों और पुलिस की तत्परता से युवक की जान बच गई।

## प्रयागराज में गैस संकट की अफवाह से मचा हड़कंप, बुकिंग के 10 दिन बाद भी नहीं मिल रहा सिलेंडर

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शहर में एलपीजी गैस सिलेंडर को लेकर अफवाहों और बढ़ती मांग के कारण लोगों में बेचैनी बढ़ गई है। कई उपभोक्ताओं का कहना है कि सिलेंडर बुक कराने के बाद भी 7-10 दिन तक डिलीवरी नहीं हो रही, जिससे गैस एजेंसियों के बाहर लंबी कतारें लगने लगी हैं। जानकारी के अनुसार अचानक बढ़ी बुकिंग और अफवाहों के कारण कई जगहों पर गैस कंपनियों के सर्वर भी धीमे पड़ गए। बड़ी संख्या में लोग गैस एजेंसियों पर पहुंचकर सिलेंडर लेने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि प्रशासन और तेल कंपनियों का कहना है कि घरेलू एलपीजी की कोई वास्तविक कमी नहीं है और पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और गैस की अनावश्यक बुकिंग या जमाखोरी न करें। बताया जा रहा है कि सरकार ने सिलेंडर की बुकिंग के बीच न्यूनतम अवधि 21 दिन से बढ़ाकर 25 दिन कर दी है, जिससे कई उपभोक्ताओं को भ्रम हुआ और एक साथ बड़ी संख्या में बुकिंग होने लगी। इसी वजह से गैस एजेंसियों पर दबाव बढ़ गया। इस बीच होटल और ढाबा संचालकों ने शिकायत की है कि कमर्शियल सिलेंडरों की आपूर्ति प्रभावित होने से उन्हें दिक्कतें आ रही हैं और कुछ जगह ब्लैक मार्केटिंग की भी शिकायतें सामने आई हैं। प्रशासन ने साफ कहा है कि गैस की सप्लाई सामान्य है और अफवाह फैलाने या जमाखोरी करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 170 जोड़ों का विवाह सम्पन्न



कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत बृहस्पतिवार को ददरौल विधान सभा क्षेत्र के कंाट स्थित संगम मैरिज लॉन में 170 जोड़ों का विवाह सम्पन्न हुआ। जिसमें 156 हिन्दू और 14 मुस्लिम नवयुगलों का रीतिरिवाज से विवाह सम्पन्न हुआ।

सामूहिक विवाह में ददरौल, कंाट, भावलखेड़ा और मदनापुर ब्लॉकों से वर-वधु पक्ष के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि ददरौल विधायक अरविन्द कुमार सिंह ने दीप प्रज्जवलन से किया और कहा कि कन्यादान मानव जीवन का सर्वोत्तम दान है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है। जिनके लिए अपनी बेटियों का विवाह कर पाना कठिन होता है। उनके लिए यह योजना आर्थिक संबल प्रदान कर रही है। उन्होंने नवयुगलों को उपहार देकर नव दामपत्य जीवन की बधाई और शुभकामनायें दीं। इस दौरान वर-वधू को सरकार की ओर से उपहार स्वरूप दूल्हे के लिए पैंट-शर्ट, गैस चूल्हा, बर्तन और बैग, वधु को साड़ी, पायल व बिछिया भेंट आदि सामग्री दी गई। कार्यक्रम समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित हुआ। इस दौरान नगर पंचायत कंाट अध्यक्ष, कंाट नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी, संबंधित खण्ड विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

# स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय में विश्व किडनी दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय में विश्व किडनी दिवस के अवसर पर एक जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर किडनी रोगियों के लिए विशेष डाइट चार्ट का विमोचन प्रधानाचार्य प्रो. डॉ. वी.के. पांडेय एवं एसआईसी डॉ. नीलम सिंह द्वारा किया गया।कार्यक्रम में किडनी रोगों की बढ़ती समस्या, उनके बचाव, समय पर जांच तथा संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यक्रम का आयोजन नेफ्रोलॉजी विभाग की सहायक आचार्य डॉ. सौम्या गुप्ता द्वारा किया गया तथा इसका नेतृत्व नेफ्रोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. अरविंद गुप्ता एवं यूरोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. दिलीप चौरसिया ने किया।इस अवसर पर डॉ. अरविंद गुप्ता ने बताया कि आज के समय में डायबिटीज और उच्च रक्तचाप किडनी रोग के प्रमुख कारण बनते जा रहे हैं। यदि इन बीमारियों को नियंत्रित रखा जाए, पर्याप्त पानी पिया जाए और समय-समय पर किडनी की जांच कराई जाए तो किडनी की गंभीर बीमारियों से काफी हद तक बचाव संभव है। उन्होंने यह भी कहा कि संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली किडनी को लंबे समय तक स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।कार्यक्रम में प्लास्टिक सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. मोहित जैन, डॉ. श्रीश मिश्रा, डॉ. दीपक गुप्ता, डॉ. संतोष मौर्य सहित अन्य संकाय सदस्य, रेजिडेंट चिकित्सक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।कार्यक्रम का उद्देश्य मरीजों एवं आमजन को किडनी स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा।

# मंडल रेल प्रबंधक ने विण्डो ट्रेलिंग संरक्षा का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन ने अपने एक दिवसीय निरीक्षण कार्यक्रम में आज दिनांक 12 मार्च 2026 को वाराणसी सिटी-मऊ रेल खण्ड का विण्डो ट्रेलिंग संरक्षा निरीक्षण किया। मंडल रेल प्रबंधक श्री आशीष जैन निरीक्षण स्पेशल वाराणसी सिटी - मऊ रेल खण्ड का निरीक्षण करते हुए मऊ पहुंचे इस दौरान उन्होंने इस रेल खण्ड पर रेल पथ,बैलास्ट फैलाई,ओवर हेड ट्रेक्शन लाइन एवं पोल्स की मानक स्थिती तथा मार्ग में पड़ने वाले पुल/पुलियाओं,समपार फाटकों,अंडर पासों आदि का निरीक्षण किया ।मऊ स्टेशन पहुँचने के पश्चात मंडल रेल प्रबंधक ने मंडलीय अधिकारियों के साथ मऊ स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन विकास योजना के अंतर्गत चल रहे पुनर्विकास कार्यों का गहन निरीक्षण किया और सम्बंधित को कार्य की गति बढ़ाने का निर्देश दिया । इसी क्रम में उन्होंने मऊ स्टेशन पर यात्री सुख-सुविधाओं का संज्ञान लिया और ग्रीष्मकालीन यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पीने के पानी की उपलब्धता,वाटर कूलर एवं पंखो के समुचित प्रबंधन का निर्देश दिया । निरीक्षण के क्रम में उन्होंने मऊ यार्ड में पॉइंट सं 114 एवं 122 का पॉइंट्स एण्ड क्रासिंग निरीक्षण किया और पॉइंट्स की संरक्षा सुनिश्चित की । इसी क्रम में ट्रेनों के सुरक्षित और आरामदायक संचालन हेतु रख-रखाव, सफाई, और तकनीकी सुरक्षा (जैसे- ब्रेक सिस्टम, पहिए, अग्निशामक) की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मंडल रेल प्रबंधक श्री जैन ने मऊ कोचिंग डिपो में व्हील व्यास गेज, बफर ऊंचाई, और ब्रेक वैन एयर प्रेशर गेज, Centre Buffer Coupler प्रणाली समेत डिपो में उपलब्ध विभिन्न उपकरणों एवं उनकी कार्य प्रणाली का विधिवत निरीक्षण किया।

# प्रयागराज में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा, दो मंदिरों के विकास पर खर्च होंगे 3.46 करोड़ रुपये

❒ करछना के फलाहिरी बाबा मंदिर और सोरांव के दुर्गा मंदिर देवी धाम का होगा सौंदर्यीकरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। संगम नगरी में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन विभाग ने दो प्रमुख आस्था केंद्रों के विकास की तैयारी शुरू कर दी है। करछना स्थित फलाहिरी बाबा मंदिर और सोरांव तहसील के दुर्गा मंदिर देवी धाम पचदेवा के पर्यटन विकास व सौंदर्यीकरण पर कुल 3.46 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि प्रयागराज देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए प्रमुख आस्था केंद्र बन चुका है। इसलिए पर्यटन विभाग लोकप्रिय तीर्थस्थलों के साथ-साथ कम चर्चित धार्मिक स्थलों के विकास पर भी विशेष ध्यान दे रहा है।परियोजना के तहत करछना स्थित फलाहिरी बाबा मंदिर के विकास के लिए करीब 1.64 करोड़ रुपये और सोरांव तहसील के दुर्गा मंदिर देवी धाम पचदेवा के सौंदर्यीकरण व पर्यटन सुविधाओं के लिए लगभग 1.82 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। दोनों परियोजनाओं के लिए क्रमशः 40 लाख और 45 लाख रुपये की पहली किस्त जारी कर दी गई है।इन परियोजनाओं के तहत मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण, आधुनिक लाइटिंग, भव्य प्रवेश द्वार, श्रद्धालुओं के लिए यात्री शेड, स्टाम्प फ्लोरिंग युक्त मार्ग, बैठने की व्यवस्था, स्वच्छ शौचालय, पेयजल सुविधा, डस्टबिन, साइनेज और म्यूरल आर्ट जैसे कार्य कराए जाएंगे।मंत्री ने कहा कि संगम नगरी सदियों से आस्था और संस्कृति का केंद्र रही है और यह स्पिरिचुअल ट्रायंगल (प्रयागराज-अयोध्या-काशी) का अहम हिस्सा है। वर्ष 2025 में करीब 69 करोड़ पर्यटकों ने जनपद का भ्रमण किया, जबकि माघ मेला 2026 के दौरान 21 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आगमन से जिले में धार्मिक पर्यटन को नई गति मिली है।

# नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ने विद्यालय भवन का किया लोकार्पण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा ने अपने मऊ भ्रमण के दौरान मधुबन तहसील के उच्च प्राथमिक विद्यालय बहरामपुर में आयोजित नवनिर्मित विद्यालय भवन के लोकार्पण एवं शैक्षिक उन्नयन समारोह में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय परिसर में लगभग 27 लाख की लागत से निर्मित नए भवन का लोकार्पण किया।

कार्यक्रम के दौरान सीएसआर मद से एक करोड़ की लागत से मधुबन तहसील के 70 परिषदीय विद्यालयों के लिए थ्री-सीटर डेस्क-बेंच का लोकार्पण भी किया गया। इस पहल से ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षिक वातावरण उपलब्ध होगा और पढ़ाई में सुविधा बढ़ेगी।अपने संबोधन में मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि देश के मा. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य दिया है और उसकी मजबूत नींव गांवों में ही है। जब देश का प्रत्येक गांव विकसित होगा, तभी भारत वास्तव में विकसित भारत बनेगा।इसी क्रम में उन्होंने लगभग 6 करोड़ की लागत से 127 गांवों में हाईमास्ट लाइट, पेयजल व्यवस्था, सीसी रोड और इंटरलॉकिंग सहित विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि ये सभी कार्य ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने और विकास को गति देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।मंत्री श्री शर्मा ने यह भी घोषणा की कि कोपा-कसारा मार्ग के निर्माण का कार्य शीघ्र ही प्रारंभ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री जी के मार्गदर्शन और नेतृत्व में प्रदेश में विकास के कार्य निरंतर जारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि न तो मोदी जी और न ही ए के शर्मा चुनाव के लिए कार्य करते हैं, बल्कि देश और प्रदेश के विकास को ही सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है।इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख दोहरीघाट श्री प्रदीप राय, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मंडाव श्री शुभम सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री संतोष कुमार उपाध्याय, ग्राम प्रधान श्री सुरेंद्र कुमार तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## नन्दौर में आयोजित ग्राम चौपाल में एसडीएम ने सुनी समस्याएं

अमेठी। जनसमस्याओं के त्वरित समाधान तथा शासन की योजनाओं को गांव स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के उददेश्य से गुरुवार को ग्राम पंचायत नन्दौर में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया।चौपाल की अध्यक्षता मुसाफिरखाना के एसडीएम अभिनव कनौजिया ने की। चौपाल के दौरान उप जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधान तथा उपस्थित ग्रामवासियों से संवाद कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त की। ग्रामीणों ने विभिन्न विषयों से जुड़ी समस्याओं को रखा, जिनमें विशेष रूप से राजस्व संबंधी मामलों पर चर्चा की गई। उप जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के लिए आवश्यक निर्देश भी दिये। इस अवसर पर राजस्व विभाग से संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीम भी उपस्थित रही, जिन्होंने ग्रामीणों से भूमि, खसरा-खतौनी, सीमांकन तथा अन्य राजस्व कार्यों से जुड़ी समस्याओं के बारे में जानकारी ली और उनके समाधान के लिए आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया। उप जिलाधिकारी ने कहा कि ग्राम चौपाल का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं को उनके गांव में ही सुनकर उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है।

# ट्रस्ट द्वारा आयोजित किया गया सामूहिक विवाह समारोह कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज, लखनऊ। गुरुवार के दिन मोहनलालगंज में गोपाल खेड़ा स्थित श्री अन्नपूर्णश्वर महादेव मंदिर में मुख्य आयोजक मुकेश जिन्दल के नेतृत्व में श्रीमती लक्ष्मी देवी जिन्दल वेलफ़ेयर ट्रस्ट द्वारा 52 कन्याओं का सामूहिक विवाह कार्यक्रम का भव्य आयोजन मधुर संगीत के साथ किया गया। इस दौरान आयोजित 52 कन्याओं के सामूहिक विवाह कार्यक्रम में काफ़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए जिन्होंने वर वधू को आशीर्वाद दिया। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सभी के लिए भोजन की व्यवस्था ट्रस्ट द्वारा की गईं इसके आलावा शादी में तोहफा स्वरुप साइकिल, अलमारी, टीवी, पंखा, गद्दा, रजाई, टेबल, कुकर, ब्रीफकेस, कुर्सी, गैस चूल्हा सहित अन्य घरेलू समान भी दिए गए एवं सभी जोड़ों को अंग वस्त्र दिया गया। इस शुभ अवसर पर पत्रकार एकता वेलफ़ेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश सिंह भंडारी समेत उनके एसोसिएशन के सभी सम्मानित पत्रकार विवाह कार्यक्रम में सम्मलित हुए साथ ही मुख्य आयोजक मुकेश जिन्दल द्वारा पत्रकार एकता वेलफ़ेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष के नेतृत्व में सभी पत्रकारों को भेंट देकर सम्मानित किया गया। यह विवाह कार्यक्रम में सभी दूल्हा और उनके परिवार जनों ने एक साथ झूमते नाचते बारात लेकर आए और जिन्दल परिवार ने सभी 52 जोड़ों पर फूलों से वर्षा कर उनका स्वागत सम्मान किया। इस कार्यक्रम में मुख्य आयोजक मुकेश जिन्दल एवं व मुख्य संरक्षक श्रीमती लक्ष्मी देवी जिन्दल डॉली- विपिन जिन्दल, सीमा-अरुण जिन्दल व मुख्य अतिथि डॉ कृष्ण गोपाल संयोजक आर एस एस व विशेष अतिथि डॉ राजेश्वर सिंह विधायक भाजपा नेता उत्तर प्रदेश सरकार व वरिष्ठ अतिथि अमित मोहन श्रीवास्तव, अनुराग मोहन श्रीवास्तव, जयकेश त्रिपाठी, एडवोकेट अनिल सिंह,सचिन मित्तल, जनरल मैनेजर बैंक ऑफ बड़ोदा लखनऊ, जनरल मैनेजर केनरा बैंक लखनऊ, व मुख्य कार्यकर्त्ता सुलभ गुप्ता (मुख्य संयोजक), शेखर अग्रवाल, अछत जिन्दल, देवांश जिन्दल, अनूप सिंह, सरोज बेहरा, सुनील यादव, सनी डे, योगेश प्रताप सिंह, आशीष मिश्रा, सुनील शुक्ला, अमन शुक्ला आदि व संरक्षक शिविका जिन्दल, लतिका जिन्दल विशेष सहयोगी प्रमोद जिन्दल, पंकज अग्रवाल, दीनदयाल गुप्ता, राकेश अग्रवाल, अजय अग्रवाल, राव सुल्ताना खान, राव अलबीना खान, राजीव खरे, रज्जन त्रिपाठी, अनुराग जैन, आशीष अग्रवाल, राजकिशोर वर्मा, विपिन जैन, विपिन अग्रवाल, अमित हर्ष जिन्दल सहित समेत समस्त वर वधु को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की कार्यक्रम में परिजन सहित हजारों लोग कार्यक्रम में शामिल रहे।

# नारी शक्ति वंदन उत्सव के अंतर्गत भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

❐ आयोजन का उद्देश्य भारतीय संस्कृति में नारी की गरिमा, शक्ति और योगदान को सम्मानित करना है

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । वाइब्रेंट फोक आर्ट एंड कल्चर सोसाइटी द्वारा संस्कृति निदेशालय, उत्तर प्रदेश शासन के सहयोग से नारी शक्ति वंदन उत्सव के अंतर्गत 12 मार्च को नीलमाथा अटलपुरम में एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

इस आयोजन का उद्देश्य भारतीय संस्कृति में नारी की गरिमा, शक्ति और योगदान को सम्मानित करना तथा लोक कला और सांस्कृतिक परंपराओं को प्रोत्साहित करना रहा।कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ समाज सेविका संगीता सिंह एवं उमा त्रिपाठी द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम में नगर की अनेक मातृशक्तियों और गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिससे आयोजन का वातावरण अत्यंत उत्साहपूर्ण और प्रेरणादायक बन गया।इस अवसर पर कलाकारों द्वारा प्रस्तुत लोक नृत्य, भजन, लोकगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भारतीय लोक परंपराओं की जीवंत झलक से रूबरू कराया। रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से नारी शक्ति, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक विरासत के महत्व को प्रभावी ढंग से अभिव्यक्त किया गया।कार्यक्रम का संचालन आदरणीय कृष्णदेव त्रिपाठी जी द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता उदय प्रताप सिंह जी ने की। अपने संबोधन में वक्ताओं ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन समाज में नारी सम्मान, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक जागरूकता को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

वाइब्रेंट फोक आर्ट एंड कल्चर सोसाइटी की सचिव वंदना मिश्रा ने बताया कि संस्था का उद्देश्य भारतीय लोक कला, संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए निरंतर प्रयास करना है। उन्होंने कहा कि इन्हारी शक्ति वंदन उत्सवङ्क जैसे आयोजन महिलाओं के योगदान और उनके सम्मान को समाज के केंद्र में स्थापित करने का माध्यम बनते हैं।कार्यक्रम के अंत में सभी कलाकारों, अतिथियों और सहयोगियों को सम्मानित किया गया तथा भविष्य में भी इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजनों को निरंतर आयोजित करने का संकल्प व्यक्त किया गया।

# सीएचसी में प्रसव के बाद महिला की मौत, 9 दिन बाद भी कार्रवाई नहीं

❐ ओपीडी समय में डॉक्टर की गैरमौजूदगी का आरोप भारी रक्तस्राव के बाद किया रेफर, स्टाफ पर रुपये मांगने का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बख्शी का तालाब, लखनऊ । इटौंजा थाना क्षेत्र के मरपा गांव में प्रसव के बाद 26 वर्षीय महिला की मौत के मामले में नौ दिन बीत जाने के बाद भी किसी जिम्मेदार पर कार्रवाई न होने से परिजनों में आक्रोश है। परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) इटौंजा के स्टाफ पर गंभीर लापरवाही और अभद्र व्यवहार का आरोप लगाया है।

मरपा गांव निवासी विमलेश के अनुसार, तीन मार्च को सुबह करीब साढ़े नौ बजे उनकी पत्नी पिंकी को प्रसव पीड़ा होने पर एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इटौंजा ले जाया गया। वहां मौजूद स्टाफ नर्सों ने सामान्य प्रसव कराया, जिसमें पिंकी ने एक पुत्र को जन्म दिया।परिजनों का आरोप है कि प्रसव के दौरान अस्पताल में कोई महिला चिकित्सक मौजूद नहीं थी, जबकि उस समय ओपीडी का समय चल रहा था। पति का कहना है कि प्रसव के दौरान पेट पर अत्यधिक दबाव डाला गया और उचित देखभाल नहीं की गई, जिससे महिला को तेज रक्तस्राव होने लगा।स्थिति गंभीर होने पर अस्पताल स्टाफ ने महिला को मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। रास्ते में हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सौ शैया अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

विमलेश ने यह भी आरोप लगाया कि प्रसव के दौरान अस्पताल स्टाफ ने पांच हजार रुपये की मांग की थी। उनके अनुसार तीन हजार रुपये दे दिए गए, जबकि शेष दो हजार रुपये नहीं दिए गए। उन्होंने प्रसव कक्ष का वीडियो भी बनाया है, जिसमें फर्श पर खून फैला दिखाई दे रहा है।घटना के बाद पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। हालांकि घटना को नौ दिन बीत जाने के बावजूद अब तक किसी जिम्मेदार के खिलाफ कार्रवाई न होने से परिजन नाराज हैं और मामले में जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# घरेलु गैस की आपूर्ति एजेंसी सामान्य रूप से सुचारू रखे, लापरवाही पर होगी कार्यवाही: डीएम

❐ जिलाधिकारी ने कानपुर रोड स्थित बीपीसीएल गैस एजेंसी का निरीक्षण किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । घरेलू गैस सिलेंडरों की सुचारु एवं पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से जनपद में मजिस्ट्रेट एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारियों के द्वारा लगातार भ्रमण किया जा रहा है। जिलाधिकारी लखनऊ विशाख जी द्वारा आज कानपुर रोड स्थित बीपीसीएल की ममता गैस एजेंसी का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा उपभोक्ताओं को समय से गैस उपलब्ध कराने की प्रक्रिया, एजेंसी संचालकों से प्रतिदिन की आपूर्ति, बुकिंग की स्थिति तथा वितरण प्रणाली के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। एजेंसी द्वारा बताया गया कि वर्तमान में प्रतिदिन 700 से 800 बुकिंग प्राप्त हो रही है। जिसकी बुकिंग की वरीयता अनुसार डिलीवरी कराई जा रही है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा गैस एजेंसी पहुंच कर उपस्थित ग्राहकों से भी संवाद किया गया। जिलाधिकारी द्वारा ग्राहकों को आश्वस्त किया गया कि घरेलू गैस सिलेंडर की सप्लाई चेन सुचारू रूप से चलती रहेगी। उन्होंने बताया कि वर्तमान उपलब्ध स्टॉक को देखते हुए किसी भी तरह से पैनिक करने की कोई आवश्यकता नहीं है। कंपनियों की गाइडलाइन के अनुसार घरेलू गैस सिलेंडरों की बुकिंग व डिलीवरी निर्धारती समयावधि 25 दिन के अंतराल पर सुचारु रूप से जारी रहेगी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया कि उपभोक्ताओं को समय से घरेलू गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाए तथा किसी भी प्रकार की कृत्रिम कमी या अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि गैस वितरण में पारदर्शिता बनाए रखते हुए उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में अपर जिलाधिकारी नागरिक आपूर्ति ज्योति गौतम के पर्वेक्षण में जिलाधिकारी द्वारा अपर नगर मजिस्ट्रेट, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, पूर्ति निरीक्षक तथा ऑयल कंपनी के प्रतिनिधियों की गठित की गई संयुक्त टीमों के द्वारा आज शहर में भ्रमणशील रहते हुए कपसेठिया इंडेन गैस, डोमेस्टिक इंडेन गैस, लालबाग इंडेन गैस, सहकारी गैस एजेंसी, स्मृति गैस ऐजेंसी, गीता गैस एजेंसी, तेलीबाग गैस एजेंसी, रुक्मणि गैस एजेंसी व किरण गैसे एजेंसी का निरीक्षण किया गया। उक्त निरीक्षण में जिला आपूर्ति अधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# निगोहां में एसटीएफ-पुलिस की बड़ी कार्रवाई डीसीएम से 775 किलो गांजा बरामद



कैनविज टाइम्स संवाददात

निगोहां, लखनऊ । एसटीएफ और निगोहां पुलिस की संयुक्त टीम ने बुधवार देर रात मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक डीसीएम से करीब 775 किलो अवैध गांजा बरामद किया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत लगभग एक करोड़ रुपये आंकी जा रही है।

पुलिस ने घेराबंदी कर वाहन को रोकते हुए फतेहपुर निवासी कौशल कुमार (22) को गिरफ्तार किया है। उसके पास से दो मोबाइल फोन और 210 रुपये नकद भी बरामद हुए। तलाशी के दौरान डीसीएम में रखी 31 बोरियों से 775 पैकेट गांजा मिला। पूछताछ में पता चला कि गांजे की यह खेप ओडिशा से लाकर नगराम क्षेत्र में सप्लाई की जानी थी। पुलिस के अनुसार इस तस्करी में समरजीत उर्फ सोनू गुप्ता, मयंक गुप्ता, रविंद्र जायसवाल और सैय्यद दावर अलवी समेत अन्य लोग शामिल हैं, जिनकी तलाश में पुलिस टीम लगातार छापेमारी कर रही है। थाना प्रभारी अनुज तिवारी के मुताबिक एसटीएफ की सूचना पर यह कार्रवाई की गई है और पूरे तस्करी नेटवर्क की जांच की जा रही है।

## मानदेय न मिलने को लेकर नाराज मनरेगा कर्मियो ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन




**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बीते 10 माह से अधिक समय व्यतीत हो जाने के उपरांत मानदेय का भुगतान न होने के कारण नाराज मनरेगा कर्मियों ने सोमवार को गोसाईगंज ब्लाक कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। सभी मनरेगा कर्मी बीडीओ राजेश बहादुर सिंह को ज्ञापन सौंपकर मानदेय जल्द भुगतान की मांग की। मनरेगा कार्मिक महासंघ उत्तर प्रदेश के आह्वाहन पर अयोजित इस प्रदर्शन की अध्यक्षता अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी गौरव त्रिपाठी व तकनीकी सहायक राजेश कुमार तथा रोजगार सेवक ब्लाक अध्यक्ष मनीष पटेल तथा कंप्यूटर आपरेटर जितेन्द्र यादव तथा समस्त सविदा कर्मचारी ब्लाक परिसर मे एकत्रित हुए।समस्त कार्मिकों ने बताया कि उनका मानदेय पिछले 10 माह से लम्बित है होली जैसे बड़े त्योहार पर भी. भुगतान न होने से उन्हें आर्थिक व मानसिक परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है कई कर्मचारियो के सामने भरण पोषण का विकराल संकट खड़ा हो गया है। मनरेगा कर्मियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही बकाया मानदेय का भुगतान नहीं किया गया तो दिनाक 15 मार्च से कलम बन्द हड़ताल के लिए बाध्य होगे।

## सीएचसी पर नर्स ने गर्भवती से मांगे रुपए, न मिलने पर करवाया डिस्चार्ज




**गोसाईगंज, लखनऊ।** गोसाईगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर नर्स बबिता द्वारा प्रसव कराने से पहले गर्भवती से 200 रुपए की मांग की गई ।मांगी गई रकम न मिलने पर उस गर्भवती महिला को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। इस बात की शिकायत गर्भवती महिला के पति राजन की ओर से सीएचसी अधीक्षक सुरेश पांडेय से की गई है।क्षेत्र में सुल्तानपुर रोड के किनारे स्थित गांव सेखनापुर निवासी साजन के अनुसार उनकी पत्नी खुशबू गर्भवती थी।उसे प्रसव कार्य हेतु 11 मार्च को 11 बजे गोसाईगंज सीएचसी ले जाया गया। अस्पताल में ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर सरला ने जांच के बाद उसे भर्ती कर लिया। सब कुछ ठिक चल रहा था। रात में 8 बजे जब रात की ड्यूटी करने के लिए नर्स बबिता पहुंची । उसने वहां पहुंचते ही पहले से मौजूद नर्स अनीता और शशि के साथ झगड़ा करना शुरू कर दिया। वह दोनों से कह रही थी कि तुम लोगों की ड्यूटी समाप्त हो गई है फिर यहां किस लिए रुकी हो? शिकायत पत्र के अनुसार नर्स बबिता ने डिलिवरी रूम के अंदर जाकर गर्भवती महिला से रुपयों की मांग की। खुशबू द्वारा रुपए देने से इंकार करने पर नर्स बबिता ने गली गलौज करना शुरू कर दिया।नर्स ने खुद की पहुंच मुख्यमंत्री तक होने की बात कही और डॉक्टर कैलाश से कहकर डिस्चार्ज पर्चा बनवाकर पीड़िता को अस्पताल से बाहर कर दिया। शिकायत कर्ता साजन के अनुसार सी एच सी से निकाले जाने के बाद वह पत्नी को एक निजी अस्पताल लेकर गया जहां उसका प्रसव कराया गया।इस मामले सीएचसी इंचार्ज डॉ सुरेश पांडेय से प्रसव के समय पड़ने वाले शुल्क की जानकारी मांगी गई तो उनकी ओर से यह काम नि:शुल्क होने कि बात कही गई। उन्होंने कहा कि शिकायत पत्र मिलने के बाद पैसा मांगने वाली नर्स के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

# मीराबाई की माधुर्य भक्ति ने बांधा समां, श्रीकृष्ण के बाल रूप के दर्शन से गूंजे जयकारे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहां, लखनऊ । निगोहां क्षेत्र के वाजपेई खेड़ा गांव में चल रही रासलीला के पंचम दिवस पर मीराबाई की अनन्य भक्ति और श्रीकृष्ण के बाल रूप का मनमोहक मंचन किया गया। कलाकारों की भावपूर्ण प्रस्तुति देखकर बड़ी संख्या में मौजूद श्रद्धालु भावविभोर हो उठे और पूरा वातावरण कृष्णमय हो गया।

वृंदावन के रसाचार्य भावेश कृष्ण भारद्वाज के सानिध्य में आयोजित रासलीला में राजस्थान की राधा कही जाने वाली मीराबाई के चरित्र का प्रभावशाली मंचन किया गया। नन्हे गिरिधर गोपाल की सजीव झांकियों और मीरा के भजनों ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। गुरुवार देर रात तक चले इस आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस दौरान विन्ध्येश्वरी परिवार की ओर से भक्तों को प्रसाद भी वितरित किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ल, सोनू शुक्ल 'विन्ध्येश्वरी', आशीष मिश्रा, अभिषेक शुक्ल, अनुराग शुक्ला, देवांश शुक्ल और मंडल महामंत्री नवीन मिश्रा, मंडल उपाध्यक्ष अर्जुन शुक्ल सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# एचसीएल सिटी में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला आयोजित

❐ कार्यक्रम में 240 कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । यातायात पुलिस और हीरो मोटो कॉर्प के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को एचसीएल सिटी परिसर में कर्मचारियों के लिए सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों और प्रशिक्षुओं को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करना था।

यह कार्यशाला पुलिस उपायुक्त (यातायात) के निर्देशन में एचसीएल के सभागार में आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में थाना प्रभारी अहिमामऊ राधेश्याम सिंह, यातायात उपनिरीक्षक दिलीप कुमार सिंह,हीरो मोटो कॉर्प यातायात पार्क के सुरक्षा प्रशिक्षक सुमित मिश्रा और पंकज शर्मा मारुति ड्राइविंग स्कूल से एहतेश्याम तथा यातायात के 'यमराज' के रूप में अंशु दीक्षित उपस्थित रहे।कार्यशाला में एचसीएल के मानव संसाधन प्रमुख वैभव निगम, रिजवान हाफिज, मानव संसाधन अधिकारी सार्थक खरे अरुण सिंह और सामिया नकवी सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे। प्रशिक्षण के दौरान प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रतिभागियों को सही वाहन चलाने की मुद्रा सड़क संकेतों सड़क चिह्नों तथा 'गुड सेमेरिटन कानून' के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।कार्यक्रम के दौरान अंशु दीक्षित ने यमराज की वेशभूषा धारण कर लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षकों ने वाहन चलाने के लाइसेंस और विभिन्न सड़क संकेतों के महत्व के बारे में भी जानकारी दी।इस कार्यशाला में लगभग 240 कर्मचारी और प्रशिक्षु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने और दूसरों को भी इसके लिए जागरूक करने की अपील की गई।

## नारी शक्ति वंदन उत्सव के अंतर्गत भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** वाइब्रेंट फोक आर्ट एंड कल्चर सोसाइटी द्वारा संस्कृति निदेशालय, उत्तर प्रदेश शासन के सहयोग से नारी शक्ति वंदन उत्सव के अंतर्गत एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य भारतीय संस्कृति में नारी की गरिमा, शक्ति और योगदान को सम्मानित करना तथा लोक कला और सांस्कृतिक परंपराओं को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ समाजसेविका संगीता सिंह एवं उमा त्रिपाठी द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कलाकारों द्वारा प्रस्तुत लोक नृत्य, भजन, लोकगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भारतीय लोक परंपराओं की जीवंत झलक से रूबरू कराया। रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से नारी शक्ति, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक विरासत के महत्व को प्रभावी ढंग से अभिव्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन कृष्णदेव त्रिपाठी द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता उदय प्रताप सिंह ने की। वाइब्रेंट फोक आर्ट एंड कल्चर सोसाइटी की सचिव वंदना मिश्रा ने बताया कि संस्था का उद्देश्य भारतीय लोक कला, संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए निरंतर प्रयास करना है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन उत्सव जैसे आयोजन महिलाओं के योगदान और उनके सम्मान को समाज के केंद्र में स्थापित करने का माध्यम बनते हैं।

# कैंसर के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । स्त्री फाउंडेशन कैंसर को लेकर वर्ल्डवाइड कैंसर फ्री लीडरशिप अवार्ड के माध्यम से स्वास्थ्य जागरूकता, स्वास्थ्य शक्ति कारण एवं स्वास्थ्य शिक्षा के क्षेत्र में एक नई पहल की गई हैं।

स्त्री वेलफ़ेयर फाउंडेशन ने अपने अनुभव में देखा कि कैंसर केवल एक बीमारी नहीं है, बल्कि जानकारी की कमी, डर और समय पर जांच न होने के कारण यह बड़ी चुनौती बनती जा है। इसीलिए संस्था का उद्देश्य लोगों को जागरूक करना, समय पर जांच के लिए प्रेरित करना और खासकर महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग बनाना है। इसी क्रम में संस्था द्वारा 'वर्ल्डवाइड कैंसर फ्री लीडरशिप अवार्ड' का आयोजन किया गया। इस आयोजन के माध्यम से संस्था ने कैंसर फ्री लीडर्स को वैश्विक स्तर पर जोड़ने की शुरुआत की है और इस अभियान में देश विदेश के उन लोगों, संस्थाओं और लीडर्स को एक मंच पर लाने का प्रयास किया है जो कैंसर के खिलाफ जागरूकता, रोकथाम और सेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व संरक्षक एमएलसी पवन सिंह चौहान, उपाध्यक्ष लघु उद्योग निगम नटवर गोयल, अति विशिष्ट अतिथि मिसेज इंडिया 2026 भाग्यश्री पिल्लई, रिटायर्ड जज हाई कोर्ट बृजमोहन गुप्ता,रीता मित्तल, डॉक्टर कमल किशोर, प्रोफ़ेसर डीके अवस्थी, प्रोफ़ेसर रमेश सिंह, डॉ शैली महाजन, डॉक्टर नेहा श्री, प्रोफ़ेसर सुधा बाजपेई इत्यादि उपस्थित रहे।

# गैस के लिए सुबह से जंग, धूप में सिलेंडर लेकर घंटों खड़े रहे लोग

❐ गैस सिलेंडर के लिए लंबी कतार, घरों में बढ़ी इलेक्ट्रॉनिक चूल्हों की मांग, ढाबों पर जलने लगी लकड़ी की भट्ठियां

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बख्शी का तालाब, लखनऊ। बख्शी का तालाब क्षेत्र में घरेलू गैस सिलेंडरों की किल्लत ने उपभोक्ताओं की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। गुरुवार की सुबह करीब छह बजे से ही गैस वितरण स्थल पर सिलेंडर लेने वालों की लंबी कतार लग गई। लोग अपने-अपने खाली सिलेंडर लेकर सड़क किनारे लाइन में खड़े होकर घंटों तक अपनी बारी का इंतजार करते रहे।

तेज धूप के बावजूद बड़ी संख्या में उपभोक्ता सिलेंडर मिलने की उम्मीद में कतार में डटे रहे।ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों का कहना है कि गैस सिलेंडरों की आपूर्ति नियमित नहीं होने के कारण उन्हें सुबह से ही लाइन में लगना पड़ता है। कतार में महिलाएं और बुजुर्ग भी सिलेंडर के साथ खड़े दिखाई दिए, जिन्हें सबसे ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई लोग सुबह से दोपहर तक लाइन में लगे रहने के बाद भी सिलेंडर मिलने को लेकर आशंकित दिखे।कतार में खड़ी गांव की बुजुर्ग महिलाओं ने पुराने दिनों को भी याद किया। उनका कहना था कि पहले घरों में मिट्टी के चूल्हे हुआ करते थे, जिन पर लकड़ी या उपलों से खाना बनाया जाता था। उस समय गैस की चिंता नहीं रहती थी और चूल्हे पर बना भोजन ज्यादा स्वादिष्ट लगता था। एक बुजुर्ग महिला ने कहा, ल्पहले मिट्टी के चूल्हे पर खाना बनता था तो अलग ही स्वाद आता था, अब गैस पर सब कुछ जल्दी बन तो जाता है लेकिन वही स्वाद नहीं मिलता। आज गैस के लिए घंटों लाइन में खड़ा होना पड़ रहा है।ङ्क वहीं कमर्शियल गैस सिलेंडरों की आपूर्ति प्रभावित होने का असर स्थानीय बाजारों में भी देखने को मिल रहा है। फास्ट फूड के ठेले और छोटे रेस्टोरेंट संचालकों के सामने भी संकट खड़ा हो गया है। कई ढाबा संचालकों ने मजबूरी में लकड़ी व कोयले से जलने वाली भट्ठियां बनवाना शुरू कर दिया है, ताकि किसी तरह अपना कारोबार चलाया जा सके।घरेलू गैस की किल्लत के चलते ग्रामीण परिवार अब वैकल्पिक साधनों की ओर रुख कर रहे हैं। कई घरों में बिजली से चलने वाले इंडक्शन चूल्हे खरीदे जा रहे हैं, ताकि गैस सिलेंडर के अभाव में भोजन बनाने में परेशानी न हो। अचानक बढ़ी मांग के कारण बाजार में इंडक्शन चूल्हों की बिक्री भी बढ़ गई है और कुछ दुकानदार अधिक कीमत वसूल रहे हैं।

तेज धूप में घंटों कतार में खड़े रहने से उपभोक्ताओं में नाराजगी भी देखने को मिली। लोगों का कहना है कि यदि गैस आपूर्ति व्यवस्था को समय रहते दुरुस्त नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में समस्या और गंभीर हो सकती है। उपभोक्ताओं ने संबंधित विभाग से व्यवस्था सुधारने और पर्याप्त मात्रा में गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि लोगों को इस तरह सड़क पर लाइन लगाने को मजबूर न होना पड़े।

## गोमती नगर में निर्माणाधीन नगर निगम के नवीन भवन का महापौर ने किया औचक निरीक्षण

लखनऊ । गोमती नगर में निर्माणाधीन नगर निगम के नवीन भवन का माननीय महापौर सुषमा खर्कवाल जी ने नगर आयुक्त गौरव कुमार जी के साथ औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महापौर ने भवन में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान महापौर ने निर्माण कार्यों की धीमी गति पर नाराजगी जताते हुए निर्माण एजेंसी सीएंडडीएस के अधिकारियों और ठेकेदार को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। महापौर ने कहा कि नगर निगम के इस नए भवन से शहर की प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ और व्यवस्थित बनाने में मदद मिलेगी, इसलिए निर्माण कार्य की गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। इसके बाद महापौर ने एसबीएम हॉल में निर्माण कार्य कर रही एजेंसी के अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की।

# सकरन में गैस का 'गायब खेल'! एक सिलेंडर के लिए दर-दर भटक रहे उपभोक्ता

❒ मुफ्त सिलेंडर के दावों की निकली हवा, कालाबाजारी और एजेंसियों की मनमानी से ठंडी पड़ी गरीबों की रसोई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सकरन , सीतापुर । सरकार भले ही गरीबों की रसोई को धुआं मुक्त बनाने और मुफ्त गैस सिलेंडर देने के बड़े-बड़े दावे कर रही हो, लेकिन जमीनी हकीकत सकरन क्षेत्र में इन दावों की पोल खोलती नजर आ रही है। यहां हालात ऐसे हो गए हैं कि एक अदद गैस सिलेंडर के लिए उपभोक्ताओं को दर-दर भटकना पड़ रहा है। गैस एजेंसियों की कथित मनमानी और सिलेंडरों की कालाबाजारी ने गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों की रसोई पर संकट खड़ा कर दिया है।

ग्रामीणों का आरोप है कि गैस बुकिंग कराने के बावजूद कई-कई दिनों तक सिलेंडर की डिलीवरी नहीं होती। उपभोक्ता एजेंसी के चक्कर लगाते-लगाते थक जाते हैं, लेकिन हर



बार ह्लस्टॉक खत्म हैङ्क का बहाना बनाकर उन्हें टाल दिया जाता है। वहीं दूसरी ओर कुछ लोगों को मोटी रकम लेकर तुरंत सिलेंडर उपलब्ध कराने की चर्चाएं भी क्षेत्र में आम हो गई हैं।

### बुकिंग के बाद भी नहीं मिल रहा सिलेंडर

कई उपभोक्ताओं का कहना है कि उन्होंने समय से बुकिंग करा दी, लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी सिलेंडर घर तक नहीं पहुंचा। एजेंसी पहुंचने पर उन्हें कभी गाड़ी न आने का बहाना दिया जाता है तो कभी अगले दिन आने की बात कहकर लौटा दिया जाता है। इससे साफ जाहिर होता है कि क्षेत्र में गैस वितरण व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है।

### मजबूरी में चूल्हे पर लौटे गरीब

गैस सिलेंडर समय से न मिलने के कारण गरीब परिवारों की रसोई ठंडी पड़ गई है। कई परिवार मजबूरी में फिर से लकड़ी और चूल्हे का सहारा लेने को मजबूर हैं। महिलाएं और बुजुर्ग धुएं से भरे चूल्हों के सामने घंटों खाना बनाने को विवश हैं, जिससे सरकार की धुआं मुक्त रसोई की योजना पर भी सवाल उठने लगे हैं।

### कालाबाजारी का खेल होने का आरोप

ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि एजेंसी संचालकों की मिलीभगत से कुछ बिचौलिये सक्रिय हो गए हैं, जो जरूरतमंदों को अधिक कीमत लेकर सिलेंडर उपलब्ध कराते हैं। ऐसे में गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों की परेशानी और बढ़ गई है। क्षेत्रीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि गैस एजेंसियों की कार्यप्रणाली की निष्पक्ष जांच कराई जाए और कालाबाजारी में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। लोगों का कहना है कि अगर जल्द ही इस पर अंकुश नहीं लगाया गया तो आम उपभोक्ताओं की परेशानी और बढ़ सकती है।

फिलहाल सकरन क्षेत्र में हालात यह हैं कि गरीबों की रसोई ठंडी है और उपभोक्ता अपने ही हक के सिलेंडर के लिए एजेंसी के चक्कर काटते हुए सरकार और जिम्मेदार अधिकारियों को कोसते नजर आ रहे हैं। ग्रामीणों अनुभव सिंह,सर्वेश, रामू,हसीब,अमित, उत्कर्ष सिंह, अनमोल ने बताया कि होली के पूर्व से खाली सिलेंडर जमा हैं फिर भी आज तक गैस नहीं मिल पाई जबकि क्षेत्र के बाहर के लोग खुलेआम ले जा रहे हैं। गैस एजेंसी संचालकों की मनमानी से खिन्न किसान यूनियन नेता सुशील राज ने बताया कि जिम्मेदारों ने अपने व्यवहार में तब्दीली न की और सरकार की फ़जीहत कराते रहे तो जल्द ही इनके खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा जबकि प्रदेश के मुखिया ने कड़े शब्दों में बता दिया है कि कालाबाजारियों को बख्शा नहीं जाएगा तब उपभोक्ताओं की ये दशा है जोकि बड़े सवाल खड़े कर रही आमजन को इसके खिलाफ आवाज उठानी चाहिए।

भाकियू जिलाध्यक्ष रामशंकर सिंह ने बताया कि गैस किल्लत पर सरकार नजर बनाए हुए है सीतापुर में कोई कालाबाजारी करने वाला जिलाधिकारी की नजरों से नहीं बच सकता फिर भी अगर एजेंसी संचालक अपने व्यवहार में बदलाव नहीं करते हैं तो जिलाधिकारी से शिकायत की जाएगी।

# कन्यादान योजना का द्वितीय शुभ परिणाम

❒ राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना ने आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की बिटिया सौ.कीर्ति एवं ची. अरुण का शुभ विवाह सम्पन्न कराया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना की कन्यादान योजना के अंतर्गत चयनित द्वतीय लाभार्थी बिटिया कुंवारी कीर्ति का विवाह काबिला रिजार्ट , सीतापुर में पूरे हिन्दू रीति-रिवाज और के साथ धूमधाम से संपन्न कराया गया।

आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से आने वाली बिटिया को संगठन ने अपनी योजना के तहत सहयोग देकर सम्मानपूर्वक विदा किया।संगठन द्वारा विवाह की सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गईं। बिटिया को दहेज के रूप में लगभग सभी आवश्यक घरेलू उपयोग के सामान प्रदान किए गए। समारोह में करीब 200 लोगों के लिए भोजन और जलपान की विशेष व्यवस्था रही, जिससे कार्यक्रम का माहौल उत्सवपूर्ण बना रहा।राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिंदू ने बताया कि योजना का उद्देश्य जरूरतमंद बहनों के विवाह में सहयोग देना है। उन्होंने कहा कि यह योजना का दूसरा सफल विवाह है और आगे भी इसी तरह जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के विवाह कराए जाते रहेंगे। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि आगामी जनवरी माह में 21 जोड़ों का सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया जाएगा।विवाह समारोह में राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिंदू एवं राष्ट्रीय महासचिव प्रदीप हिंदू स्वयं मौजूद रहें नवविवाहित दम्पति को व्यासपीठाधीश्वर श्री अनिल शास्त्री जी नैमिषारण्य धाम का आशीर्वाद प्राप्त हुआ। इस शादी मे कीबाला रीजर्ट के मालिक रचित अग्रवाल जी भी बहुत योगदान रहा जिन्होंने गेस्ट हाउस निःशुक्ल उपलब्ध कराया बरिष्ठ समाजसेवी अमित बाजपेई मीतू जी का बहुत सहयोग रहा कार्यक्रम को सफल बनाने में संगठन के सभी कार्यकर्ताओं विकास शुक्ला नितेश नीरज लवकुश पुनीत शुभम का विशेष योगदान रहा, जिनके प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# फर्जी बैनामा करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। थाना सदर बाजार पुलिस ने फर्जी बैनामा करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।बीती 24 जून 2025 को थाना कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला अजीजगंज निवासी निमेष कुमार भारद्वाज ने सदर बाजार पुलिस को तहरीर देकर बदायूं जिले के ग्राम मौजमपुर पिपला निवासी शिवम और उसके साथी अवनीश सिंह पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप था कि उसके छोटे भाई आदर्श की पत्नी रुचि और रामसेवक की पत्नी गुड़िया देवी को फर्जी व कूटरचित दस्तावेज तैयार कर कृषि भूमि का फर्जी बैनामा कर दिया और उनसे छह लाख रूपये ठग लिए गए तथा वो लोग उक्त रूपए वापस नहीं कर रहे हैं। पुलिस ने विवेचना के दौरान पाया कि उपनिबन्धक कार्यालय सदर में शिवम के नाम से कुल 94 किता गाटों का बैनामा कराया गया। जिसमें शेखर पुत्र जितेन्द्र निवासी ग्राम पुरैना थाना जलालाबाद ने फर्जी आधार कार्ड व पैन कार्ड बनवाकर खुद को शिवम बताकर बैनामा कराया है। शेखर की पहचान वास्तविक भू-स्वामी के रूप में पहचानकर्ता अवनीश सिंह निवासी



ग्राम यारपुर तहसील सदर तथा रामसेवक निवासी मोहल्ला मरहया थाना कांट द्वारा की गई थी। इसी क्रम में आज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त शेखर को बरेली मोड़ से गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि उसके पड़ोसी गांव के अवनीश सिंह ने उससे कहा कि वह अपने सगे भतीजे शिवम की जमीन को फर्जी तरीके से बेचना चाहता है। इसी उद्देश्य से उन दोनों ने अपने-अपने फर्जी आधार कार्ड एवं पैन कार्ड बनवाए। जिन पर नाम व पता वास्तविक भू-स्वामी शिवम का अंकित था। जबकि फोटो उनकी लगी थी। बताया कि लालच में आकर उसने अवनीश के कहने पर भू-स्वामी शिवम के स्थान पर उपनिबंधक कार्यालय सदर में उपस्थित होकर खुद को शिवम बताकर फर्जी तरीके से बैनामा करा दिया। पुलिस के अनुसार, पकड़े गए अभियुक्त शेखर पर थाना सदर बाजार, थाना कांट, थाना जलालाबाद में करीब एक दर्जन अपराधिक मामले दर्ज हैं।

## जनपद में गैस एजेंसियों में सिलेंडर का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध:एडीएम




रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ व अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा ने शहर में स्थित विभिन्न गैस एजेंसियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण कर उपलब्ध स्टाक, वितरण व उपभोक्ताओं द्वारा की गई बुकिंग इत्यादि की अभिलेखों की जांच की गई। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में समस्त गैस एजेंसियों के पास पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है, उपभोक्ताओं को उनके द्वारा की गई बुकिंग के अनुसार गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है। जनपद में कही पर भी गैस सिलेंडर की कोई समस्या नहीं है। इसी क्रम में जनपद की समस्त तहसील क्षेत्र में उप जिलाधिकारियों द्वारा गैस एजेंसियों का निरीक्षण किया गया एवं उपलब्ध स्टाक व व्यवस्थाओं को परखा गया, जिससे कही पर भी उपभोक्ताओं को कोई समस्या उत्पन्न न हो।

# भाजपा सरकार मजदूरों के हक़ पर डाल रही डाका: सुनीता चौधरी

❒ इस्लामनगर गांव पहुंची कांग्रेस पार्टी की मनरेगा बचाओ रथ यात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मिश्रिख, सीतापुर। मिश्रिख ब्लाक के ग्राम इस्लामनगर में कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाई जा रही मनरेगा बचाओ रथ यात्रा पहुंचने पर ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। कांग्रेस नेत्री व जिला पंचायत सदस्य सुनीता चौधरी के नेतृत्व में यह यात्रा ब्लाक के अलग अलग ग्रामों में पहुंच रही हैं।

बुधवार को इस्लामनगर स्थित बाजार में रथ यात्रा पहुंचने पर सभा आयोजित हुई। सभा को संबोधित करतें हुए कंग्रेस नेत्री सुनीता चौधरी ने भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार गरीबों के हक़ पर डाका डालने का कार्य कर रही है। मनरेगा मजदूरों का हक़ छीना जा रहा है। कंग्रेस सरकार ने मनरेगा गारंटी योजना गरीबों के लिए चलाई थी। जिसें खत्म करने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। सरकार सौ दिन का काम मजदूरों को दें नही पा रही है। और झूठा प्रचार दिन बढ़ाने का कर रही है। उन्होंने आह्वान करते हुए



कहा कि आने वाले विधानसभा चुनावों में कंग्रेस पार्टी के हाथों को मजबूत करतें हुए सरकार बनाने में अपना भरपूर सहयोग दें। जिससे एक बार फिर समाज के दबे कुचलें गरीबों की सरकार बन सकें। कंग्रेस पार्टी व किसान नेता शिव प्रकाश सिंह ने सभा को संबोधित करतें हुए कहा कि भाजपा सरकार किसानों के हक़ छीन रही है। खाद की बोरियों का वज़न कम हो गया पर पैसा उतना ही देना पड़ रहा है। बच्चों की शिक्षा को भी खत्म करने की साज़िश के तहत स्कूल बंद करें जा रहें हैं। नगर अध्यक्ष जीतेंद्र सक्सेना व वरिष्ठ पत्रकार जावेद कासिम ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता निवर्तमान प्रधान सैय्यद अली कासिम ने की। इस मौके पर अबरार अहमद, आबिद गाज़ी गोवर्धन लाल राजवंशी, राम लाखन यादव,संजय यादव, अभिषेक कुमार,मनोज गौतम, अतुल कुमार ने कंग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम में शिखा वर्मा, सरोजनी, जगदीश गौतम,कामिल,नीरज राठौर, अंकित राठौर, दिलीप राठौर, आशीष कुमार सहित गांव के गणमान्य लोग व काफ़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।

# लखीमपुर में पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारी डीएम-एसपी ने कलक्ट्रेट में की बैठक

❒ 16 परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के रहेंगे कड़े इंतजाम, 14 और 15 मार्च को दो पालियों में होगी पुलिस भर्ती परीक्षा

❒ प्रत्येक पाली में शामिल होंगे 4800 परीक्षार्थी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा जिले में 16 परीक्षा केंद्रों पर 14 और 15 मार्च को उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती 2025 परीक्षा दो-दो सत्रों में आयोजित होंगी। प्रथम पाली 10 बजे से मध्यान्ह 12 तक एवं दूसरी पाली अपराह्न 03 से शाम 05 बजे तक होगी। परीक्षा के प्रत्येक सत्र में 4800 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी, सुचितापूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल व एसपी डॉ ख्याति गर्ग ने कलेक्ट्रेट में बैठक ली। बैठक का संचालन एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने



किया।बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने नोडल अधिकारी (पुलिस), नोडल अधिकारी (प्रशासन), समस्त स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक व सहायक केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया कि परीक्षा की जो नियम-शर्तें हैं,उनके अनुरूप ही परीक्षा कराएं। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर छोटी से छोटी गलती भी अक्षम्य होगी। सभी सम्बन्धित बोर्ड द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का भलि-भांति अध्ययन कर सकुशल परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाय। उन्होनें केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया कि शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार केन्द्र की व्यवस्था समय से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। डीएम ने स्टेटिक मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिया कि अपने-अपने केन्द्र पर भ्रमणशील रहकर केन्द्र पर स्थापित सीसीटीवी कैमरा, कन्ट्रोल रूम से परीक्षा केन्द्र के सभी कक्षों का मानीटरिंग भी करते रहे। डीएम ने निर्देश दिए कि उप्र पुलिस भर्ती बोर्ड द्वारा सकुशल एवं पारदर्शी तथा नकल विहीन परीक्षा सम्पन्न कराये जाने हेतु दिये गये निर्देशों का परीक्षा डियूटी में नामित अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण द्वारा अक्षरशः अनुपालन करेंगे। एसपी डॉ ख्याति गर्ग ने उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि परीक्षा की अवधि में भ्रामक खबरों पर अंकुश लगाये जाने के लिए सोशल मीडिया पर भी सर्तक निगरानी रखी जायेगी। एएसपी पवन गौतम ने परीक्षा के संबंध में जरूरी जानकारी देकर उनकी सभी शंकाओं का समाधान किया।एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक, सहायक केंद्र व्यवस्थापक के विस्तार से कार्य दायित्व समझाएं।

# तालाब की बड़ी गाटा संख्या पर अवैध कब्जा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

निघासन, लखीमपुर। लुधौरी गांव में पिछले पांच सालों से तारा तालाब की गाटा संख्या 1742पर अवैध ढंग से कब्जा करके मछली पालने तथा सिंघाड़े की फसल लगाकर करोड़ों की कमाई करने वाले कुछ दबंगों के खिलाफ प्रशासन कार्रवाई नहीं कर रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि तालाब की गाटा संख्या पश्चिम से दक्षिण तक काफी लंबी है। उसमें गांव के ही कुछ दबंग व्यक्ति कब्जा करके राजस्व का नुकसान करते आ रहे है।प्रशासन की लापरवाही से ना ही तालाब का सीमांकन हो पाया है ना ही दबंगों के लिए कोई रोक लगी है।कुछ दिन पहले कुछ व्यक्तियों ने सिंघाड़े की पतली डालकर फिर से अवैध कब्जा किया है।बता दे कि लुधौरी के सैकड़ों ग्रामीणों ने विरोध जताते हुए एसडीएम राजीव निगम को लुधौरी के मुख्य तालाब को कब्जा मुक्त कराने के बाद सीमांकन कराने की मांग की है।

## पीएम श्री विद्यालयों के बच्चों ने किया हरगांव शुगर मिल का शैक्षिक भ्रमण




**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पी.एम. उच्च प्राथमिक विद्यालय भनवापुर एवं पी.एम. उच्च प्राथमिक विद्यालय राजेपुर के बच्चों का शैक्षिक भ्रमण अवध शुगर मिल एंड एनर्जी लिमिटेड हरगांव में कराया गया। दोनों विद्यालयों के विद्यार्थियों प्रातः 10 बजे बी .आर.सी. हरगांव उपस्थित हुए जहां पर खंड शिक्षा अधिकारी हरगांव श्री रमाकांत मौर्य द्वारा उन्हें हरी झंडी दिखाकर शुगर मिल हेतु रवाना किया गया। अवध शुगर मिल एवं एनर्जी लिमिटेड हरगांव के द्वारा अपने प्रतिनिधि के माध्यम से सभी बच्चों को शुगर मिल की प्रत्येक यूनिट पर गन्ने से चीनी बनाने की प्रक्रिया से विधिवत बच्चों को सूक्ष्मता से जानकारी दी गयी। सभी बच्चों को कैप, बैग, कापी, पेन,फोल्डर एवं भ्रमण के उपरान्त लंच की व्यवस्था की गयी । विद्यालयों के छात्र /छात्राओं ने गन्ने से चीनी बनाने की संपूर्ण प्रक्रिया को जानकर अत्यंत प्रसन्नता की अनुभूति करते नजर आए। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक अवधेश जायसवाल ,मदन लाल गौतम सरोज कुमार, रोहित शुक्ला,सुरेन्द्र प्रताप सिंह,हिमाचल प्रताप राजवंशी,प्रमोद कुमार,प्रदीप कुमार एवं शुगर मिल के अनेक अधिकारी उपस्थित रहे।

## शराबी बेटे की मार से मां की हुई मौत

**कमलापुर, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र कमलापुर के अंतर्गत शराबी बेटे ने अपनी मां को मौत के घाट उतार दिया। कातिल की पत्नी और बच्चों ने घटना की पूरी जानकारी देते हुए कहा कि मेरे पति हरिशंकर पुत्र मथुरा प्रसाद उम्र करीब 40 वर्ष द्वारा मालती पत्नी मथुरा प्रसाद की मारने पीटने से मौत हो गई।ग्रामीणों के अनुसार हरिशंकर काफी दुर्व्यसन प्रवृत्ति का व्यक्ति था। आए दिन अपने मां एवं बीवी बच्चों को मारता पीटता था। आस पड़ोस के लोग भी काफी परेशान रहते थे। लगभग 5 वर्ष पूर्व अपने पिता को भी बहुत ज्यादा मारा पीटा था जिससे उनकी भी इलाज के दौरान मौत हो गई थी। मृतक मालती बेटे के डर से कुछ दिन पहले अपनी बेटी के घर चली गई थी। पत्नी भी अपने मायके में रहती थी। हरिशंकर अपनी मां को बेटी के यहां से बुधवार को ही लेकर? अपने घर आया था। रात में घटना को अंजाम दे दिया। सुबह आसपास के लोगों को जानकारी होते ही घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी गई। घटनास्थल पर थाना प्रभारी इतुल चौधरी भारी पुलिस बल के साथ पहुंचकर घर को खुलवाकर अपराधी हरिशंकर को घटनास्थल से गिरफ्तार करते हुए शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। तब तक एडिशनल एसपी दुर्गेश कुमार सिंह एवं क्षेत्राधिकार महमूदाबाद वेद प्रकाश फॉरेंसिक टीम सहित मौके का जायजा लिया। एडिशनल एस पी दुर्गेश कुमार ने बताया मृतक की बहू से तहरीर प्राप्त की जा रही है। आरोपी से पूछताछ कर कार्यवाही की जाएगी।

## राज्य महिला आयोग की सदस्या सुजीता कुमारी ने की जनसुनवाई दिए निर्देश



**लखीमपुर खीरी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती सुजीता कुमारी ने बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित अटल सभागार में महिला जनसुनवाई आयोजित कर महिलाओं से जुड़े प्रकरणों के प्रति गहरी संवेदनशीलता दिखाई। इस दौरान घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, संपत्ति विवाद, पारिवारिक कलह तथा अन्य प्रकार के महिला उत्पीड़न से जुड़े 49 नए मामलों की विस्तार से सुनवाई की गई। साथ ही पूर्व से आयोग के समक्ष विचाराधीन लंबित प्रकरणों पर भी प्रगति की समीक्षा कर जरूरी दिशा–निर्देश दिए।जनसुनवाई के दौरान पीड़ित महिलाओं ने आयोग सदस्य के समक्ष अपनी व्यथा खुलकर रखी। उन्होंने पुलिस, पारिवारिक और सामाजिक उत्पीड़न संबंधी मामलों को विस्तार से बताया। श्रीमती सुजीता कुमारी ने प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से सुनते हुए मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों को जरूरी कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पीड़ित महिलाओं को समयबद्ध न्याय दिलाना प्रशासन की जिम्मेदारी है, और इसमें कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।इस दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी वंदना सिंह, नायब तहसीलदार सुनील कुमार, थानाध्यक्ष शिल्पी शुक्ला, वन स्टॉप सेंटर प्रभारी रश्मि चतुर्वेदी, संरक्षण अधिकारी अनुज चतुर्वेदी और अन्य अधिकारी भी उनके साथ मौजूद रहे।

# सपा जिलाध्यक्ष ने किया बाइक मिनी रथ यात्रा का स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। वर्ष 2027 में उत्तर प्रदेश में पीडीए व समाजवादी पार्टी सरकार बनाकर अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने के उद्देश्य से जनपद बरेली की 120 भोजीपुरा विधानसभा से 12 फरवरी 2026 को सपा के युवा नेता हरविन्द यादव और प्रदीप यादव ने पीडीए समाजवादी बाइक मिनी रथ की शुरुआत की। दोनों युवा नेता प्रदेश के सभी 18 मंडल व प्रदेश के 75 जिले एवं 403 विधानसभाओं में समाजवादी पार्टी की नीतियों व पीडीए पर चर्चा और अखिलेश यादव के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लेकर प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। इसी क्रम में आज पीडीए समाजवादी बाइक मिनी रथ यात्रा शाहजहांपुर पहुंची। यहां सपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान के नेतृत्व में पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने फूलमाला पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया और उन्हें जनपद शाहजहांपुर की सभी विधान सभाओं में प्रचार- प्रसार करने के लिए रवाना किया। इस दौरान सपा जिला सचिव संतोष कुमार पाल, महिपाल सिंह यादव, मोहम्मद फैसल, दुर्गेश कुमार गुप्ता पूर्व सभासद, अरशद खान, सरताज अली इदरीसी, मोहम्मद हाशिम, फराज इदरीसी, सिद्दीक खान, गब्बर, विकास यादव, आरिफ खान, सपा जिलाध्यक्ष के प्रतिनिधि शाहनवाज आदि मौजूद रहे।

# दो वर्षों से माध्यमिक शिक्षा परिषद नहीं भेज पाया अंक पत्रों का सत्यापन

❒ संबंधित जिम्मेदारों पर कार्यवाही की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। सिकटिहा कुसुमौरी निवासी एक पत्रकार ने माध्यमिक शिक्षा परिषद के अधिकारियों द्वारा अंकपत्रों का गत लगभग दो वर्ष बीत जाने के बाद भी सत्यापन न भेजने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही करने के लिए मुख्यमंत्री उ0प्र0 को पत्र लिखकर कार्यवाही की मांग की है।

मुख्यमंत्री को ऑन लाइन संदर्भ संख्या 40015326010649 से भेजे गए इस पत्र में ब्लॉक फूलबेहड़ के ग्राम पंचायत कुसमौरी सिकटिहा निवासी पत्रकार हरिशंकर मिश्र कहा है कि उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी खीरी से अनुरोध कर दो शिक्षको की नौकरी में लगाये गये अंकों पत्रों के सत्यापन की मांग की थी जिस पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी खीरी ने उच्च प्राथमिक विद्यालय खानपुर के प्रधानाध्यापक ब्लाक फूलबेहड खीरी के शैक्षिक अभिलेख बी0टी0सी0 परीक्षा वर्ष 1993 के सम्बन्ध में पत्रांक सं0 2758 दिनांक 27.06.2025 को सचिव नियमावली प्राधिकारी उ0प्र0 प्रयागराज व परीक्षा नियंत्रक वीर बहादुर सिंह पूर्वाचल विश्वविद्यालय जौनपुर उ0प्र0 को पत्रांक सत्यापन 2832 दिनांक 24.07.2024 को शैक्षिक अभिलेख सत्यापन हेतु सचिव परीक्षा प्राधिकरण प्रयागराज उ0प्र0 पत्रांक सत्यापन 2831 दिनांक 24. 07.2024 को प्रभू नरायन यादव, बालचन्द शिक्षक की शैक्षिक बी0टी0सी0 प्रमाण पत्र बालचन्द्र प्रधानाध्यापक ग्रन्ट नं0 11 के ब्लाक फूलबेहड़ के माध्यमिक शिक्षा परिषद उ0प्र0 पत्रांक सत्यापक 2830 दिनांक 24.07.2025 तथा प्रभु नरायन यादव पुत्र पवन यादव के शैक्षिक अभिलेख सत्यापन के लिए अपर सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद उ0प्र0 के पत्रांक सं0 2827 दि0 24.07.2024 को सत्यापन के लिए भेजा। परन्तु कई माह तक जब सत्यापन नही आया तो उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी से सम्पर्क किया तो बताया गया कि जब तक वहां से सत्यापन नहीं आ जाता है तब तक हम कोई कार्यवाही नही कर पायेगें तब वह प्रयागराज में सम्बन्धित अधिकारियों के पास गये तो अधिकारियों ने कहा कि हमारे बाबू से मिल ले वही लोग सत्यापन भेजेगें तब वह सम्बन्धित बाबुओं से मिले तो उन्होनें बताया कि उपरोक्त सत्यापन 15 दिन में लखीमपुर खीरी बेसिक शिक्षा कार्यालय में भेज दिये जायेगें परन्तु प्रयागराज में भी उन्हें अधिकारियों एवं उनके लिपिकों से मिले करीब 1 वर्ष हो रहा है परन्तु आज तक सत्यापन नही आया जिस कारण फर्जी अंक पत्र पर नौकरी करने वाले आराम से वेतन ले रहे है तथा पेंशन भी उठा रहे है।उन्होंने सत्यापन न भेजने वाले संबंधित संस्थान के अधिकारियों तथा बाबूओं पर कार्यवाही करने तथा उपरोक्त लोगों का सत्यापन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी खीरी में अतिशीघ्र भेजवाने की मांग की है जिससे कि मामले में संबंधित दोषियों की पोल पटटी खुल सके तथा फर्जी अंकपत्र पर नौकरी करने वालों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही हो सके। ज्ञात हो कि इससे पूर्व भी इनकी शिकायत पर कई वर्ष की काफी टालमटोल के बाद तीन फर्जी अध्यापकों पर कार्यवाही हुई थी।

## हिंदुस्तान पेट्रोलियम के प्लांट में प्रबंधक और उप प्रबंधक की हत्या बदायूं में डबल मर्डर से सनसनी

बदायूं। मूसाझाग थाना क्षेत्र में स्थित एचपीसीएल प्लांट के प्रबंधक और उप प्रबंधक की हत्या कर दी गई। हमलावर ने प्लांट में घुसकर वारदात को अंजाम दिया। इसके बाद भाग गया। दोहरे हत्याकांड से इलाके में सनसनी फैल गई। हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) के कम्प्रेस्ड बायोगैस प्लांट के प्रबंधक और उप प्रबंधक की हत्या कर दी गई। हमलावर ने बृहस्पतिवार दोपहर प्लांट में घुसकर वारदात को अंजाम दिया। हमलावर ने प्लांट के प्रबंधक सुधीर गुप्ता और उप प्रबंधक हर्षित मिश्रा पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाईं। बताया जा रहा है कि दो से तीन गोलियां दोनों को मारी गईं हैं, जिससे प्रबंधक और उप प्रबंधक की मौके पर ही मौत हो गई। वारदात से प्लांट में दहशत फैल गई। चीख-पुकार मच गई। इस बीच हमलावर मौका पाकर वहां से भाग गया। दोहरे हत्याकांड की वारदात मूसाझाग क्षेत्र के गांव सैंजनी स्थित प्लांट में हुई है। सूचना मिलते ही थाना दातागंज और मूसाझाग थाना पुलिस मौके पर पहुंची। घटना की जांच शुरू कर दी। पुलिस अफसर भी मौके पर पहुंचे। गोली मारने का आरोप प्लांट में ऑपरेटर के पद पर रह चुके पूर्व कर्मचारी पर लगा है।

# संगठन के विस्तार में कार्यकर्ताओं की भूमिका सर्वोपरि : राजीव कुमार गुप्ता

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूँ। पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के अंतर्गत उझानी नगर मंडल एवं सलारपुर मंडल में प्रशिक्षण वर्गों में उझानी नगर मंडल का प्रशिक्षण वर्ग भगवान दास पैलेस, उझानी में आयोजित हुआ, जिसका उद्घाटन जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया। तथा सलारपुर मंडल का प्रशिक्षण वर्ग वार्ष्णेय रिसॉर्ट, कुंवरगांव में जिसका शुभारंभ बिल्सी विधायक हरीश शाक्य ने दीप प्रज्वलित कर किया। जनपद बदायूँ के विभिन्न मंडलों में आज 12 मार्च से प्रशिक्षण वर्गों का आयोजन प्रारंभ किया जा रहा है। इन प्रशिक्षण वर्गों में कार्यकर्ताओं को 24 घंटे का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। आयोजित प्रशिक्षण वर्ग में 07 सत्रों में इतिहास एवं विकास, वैचारिक अधिष्ठान, कार्य विस्तार की हमारी दृष्टि, कार्य पद्धति, बूथ प्रबंधन, भाजपा सरकार की उपलब्धियां एवं क्रियान्वयन, सोशल मीडिया, इक्र नमो ऐप, सरल ऐप के माध्यम से विभिन्न विषयों पर वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं पार्टी के वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया जायेगा। कार्य विस्तार की हमारी दृष्टि विषय पर जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा संगठन को सशक्त बनाने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंच बनाना आवश्यक है।

भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता समाज के बीच रहकर लोगों से संवाद स्थापित करता है और उन्हें संगठन की नीतियों एवं विचारधारा से जोड़ता है। कार्यकर्ताओं के सतत प्रयासों से ही संगठन का विस्तार होता है और समाज में भाजपा के प्रति विश्वास और समर्थन लगातार बढ़ता है।

इतिहास एवं विकास विषय पर बिल्सी विधायक हरीश शाक्य ने कहा कि भाजपा का इतिहास त्याग, संघर्ष और राष्ट्र समर्पण की प्रेरणादायक गाथा है। जनसंघ से प्रारंभ हुई यह यात्रा अनेक संघर्षों और चुनौतियों को पार करते हुए आज भारतीय जनता पार्टी के रूप में विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक दल के रूप में स्थापित हो चुकी है। संगठन के विस्तार और मजबूती में लाखों कार्यकर्ताओं के समर्पण और अथक परिश्रम की महत्वपूर्ण भूमिका रही है और कार्यकर्ताओं की यही निष्ठा व प्रतिबद्धता पार्टी को निरंतर आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। प्रशिक्षण वर्ग में विभिन्न विषयों पर वरिष्ठ नेता राणा प्रताप सिंह, केशव चौहान ने संबोधित किया। इस अवसर पर सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, राजीव गौड़, भारती सिंह लोधी, अजय शर्मा, सुनील चंद्र सक्सेना, अवदेश सक्सेना, राम मोहन शर्मा, नौरंग पाल, सचिन अग्रवाल, सुधीर श्रीवास्तव, अजय तोमर, विश्वजीत गुप्ता, अरविंद रावत, आदि लोग उपस्थित रहे।

## खुद की लूट की झूठी कहानी रचने वाले मैनेजर व एजेंट गिरफ्तार 1.15 लाख रुपये बरामद

बदायूँ। थाना मुजरिया पुलिस ने माइक्रो फाइनेंस कंपनी के पैसे हड़पने के लिए खुद की लूट की झूठी कहानी रचने वाले शाखा प्रबंधक और रिकवरी एजेंट को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 1,15,520 रुपये भी बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार 10 मार्च 2026 को रिकवरी एजेंट अभिनय मिश्रा ने सूचना दी थी कि ग्राम कोल्हाई और सराय मंशुख के बीच अज्ञात बदमाशों ने उससे 1,40,640 रुपये लूट लिए हैं। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. बृजेश कुमार सिंह के निर्देशन में पुलिस टीम ने मामले की गहन जांच और तकनीकी पड़ताल की। जांच के दौरान घटना संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस ने शिकायतकर्ता से सख्ती से पूछताछ की, जिस पर उसने सारा सच कबूल कर लिया।पूछताछ में सामने आया कि शिखर अर्बन एंड रूरल एंटरप्राइजेज प्रा. लि. की सहसवान शाखा के प्रबंधक विपिन और एजेंट अभिनय मिश्रा ने मिलकर कंपनी के पैसे गबन करने की योजना बनाई थी। दोनों ने कुल वसूली में से 25,510 रुपये ऑन लाइन जमा कर दिए, जबकि शेष 1,15,520 रुपये गमछे में लपेटकर झाड़ियों में छिपा दिए और पुलिस को गुमराह करने के लिए लूट की फर्जी सूचना दे दी।

# आज प्रधानमंत्री करेंगे पीएम किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त का वितरण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूँ। उप कृषि निदेशक मनोज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि 13 मार्च 2026 को मा0 प्रधानमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त सांय 5:00 बजे गुवाहटी, असम में आयोजित पीएम किसान उत्सव दिवस से जारी की जाएगी। जनपद बदायूँ के 431225 कृषकों के खातों में भी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की रु0 2000 की धनराशि वन क्लिक के माध्यम से अंतरित की जाएगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया जाएगा, जिसमें जनप्रतिनिधि एवं कृषकगण प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने बताया कि स्थानीय स्तर पर कृषि विभाग द्वारा शासन से प्राप्त निर्देशों के क्रम में विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जनपद स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र उझानी में किया जाएगा, जिसमें जिला कृषि अधिकारी एवं उप कृषि निदेशक उपस्थित रहेंगे। विकास खंड स्तर पर कार्यक्रम समस्त विकास खंडों के सभागार में आयोजित किए जाएंगे, जिसमें खंड विकास अधिकारी एवं सहायक विकास अधिकारी (कृषि) उपस्थित रहेंगे। ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यक्रम समस्त ग्राम पंचायत भवनों में आयोजित होंगे, जिनमें ग्राम पंचायत अधिकारी एवं कृषि विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।

इसी प्रकार मंडी समिति स्तर पर कार्यक्रम समस्त मंडी समितियों में आयोजित किए जाएंगे, जिनमें मंडी सचिव उपस्थित रहेंगे। पैक्स/सहकारिता समितियों पर कार्यक्रम समस्त संबंधित समितियों में आयोजित होंगे, जिसमें सचिव एवं सहायक विकास अधिकारी (सहकारिता) उपस्थित रहेंगे। इसके अतिरिक्त समस्त सम्बंधित प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्रों पर भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें जिला कृषि अधिकारी नामित रहेंगे। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि कार्यक्रमों का सफल आयोजन सुनिश्चित करते हुए अधिक से अधिक कृषकों की सहभागिता कराई जाए।

## आपदा प्रबंधन में स्वयंसेवकों की भूमिका महत्वपूर्ण : संजीव कुमार

**बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** नेहरू मेमोरियल शिव नारायण दास पी.जी. कॉलेज, बदायूँ की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की छात्र इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के छठवें दिन का शुभारम्भ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्काउट गाइड के पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर श्री संजीव कुमार रहे। उन्होंने ॡआपदा प्रबंधन में स्वयंसेवकों की भूमिकाॠ विषय पर स्वयंसेवकों को सैद्धान्तिक एवं व्यावहारिक जानकारी प्रदान की। प्रथम सत्र में उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज फहराने के नियमों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि कोई भी भारतीय नागरिक किसी भी दिन अपने घर, कार्यालय या संस्थान पर तिरंगा ध्वज फहरा सकता है, लेकिन ध्वज फहराते समय उसके सम्मान और मर्यादा का पालन करना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रध्वज कभी भी फटा, गंदा या भूमि को स्पर्श करता हुआ नहीं होना चाहिए। साथ ही राष्ट्रीय ध्वज की लंबाई और चौड़ाई का अनुपात 3:2 होता है तथा अन्य ध्वजों के साथ फहराते समय इसकी ऊँचाई अधिक रखी जानी चाहिए। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने राष्ट्रध्वज के सम्मान और उसके नियमों का पालन करने का संकल्प लिया।द्वितीय सत्र में मुख्य अतिथि ने आपदा की स्थिति में तंबू निर्माण की संपूर्ण प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रदर्शन किया, जिससे स्वयंसेवकों को आपदा प्रबंधन के व्यावहारिक पहलुओं की महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई। कार्यक्रम का संचालन राजनीतिविज्ञान विभाग के आकाश जी ने किया। अंत में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सत्यम मिश्र ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए स्वयंसेवकों के अनुशासन, परिश्रम और सेवा भावना की सराहना की।

## ट्रेन में महिला यात्री का गुम पर्स मिला, रेलवे कर्मियों ने लौटाया

**बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** रेल मदद एप पर मिली सूचना के आधार पर रेलवे कर्मियों की तत्परता से ट्रेन में सफर कर रही एक महिला यात्री का गुम हुआ पर्स ढूंढकर सुरक्षित लौटा दिया गया।जानकारी के अनुसार 11 मार्च 2026 को मंडल नियंत्रण कक्ष, इज्जतनगर को रेल मदद एप के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि गाड़ी संख्या 15091 दौराई-टनकपुर एक्सप्रेस के कोच संख्या एम-1 की बर्थ संख्या 18, 19, 21 व 22 पर फुलेरा से चंदौसी तक यात्रा कर रही एक महिला यात्री का पर्स चोरी हो गया है। सूचना मिलते ही ट्रेन में ड्यूटी पर तैनात ट्रेन कंडक्टर सुबोध कुमार को अवगत कराया गया। उन्होंने तत्परता दिखाते हुए कई कोचों में पर्स की तलाश शुरू की। काफी प्रयास के बाद पर्स कोच संख्या एम-2 के बाथरूम में रखा हुआ मिला। पर्स मिलने के बाद सुबोध कुमार ने आरक्षण चार्ट पर उपलब्ध यात्री के मोबाइल नंबर पर संपर्क कर पर्स मिलने की सूचना दी। पर्स में 7,200 रुपये नगद तथा कुछ आर्टिफिशियल ज्वेलरी रखी हुई थी। ट्रेन के टनकपुर पहुंचने पर पर्स रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) टनकपुर के प्रभारी रणदीप कुमार को सुपुर्द कर दिया गया। साथ ही इसकी सूचना महिला यात्री को भी दे दी गई।

## 13 मार्च को मा0 प्रधानमंत्री करेंगे पीएम किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त का वितरण

**बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** उप कृषि निदेशक मनोज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि 13 मार्च 2026 को मा0 प्रधानमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त सांय 5:00 बजे गुवाहटी, असम में आयोजित पीएम किसान उत्सव दिवस से जारी की जाएगी। जनपद बदायूँ के 431225 कृषकों के खातों में भी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की रु0 2000 की धनराशि वन क्लिक के माध्यम से अंतरित की जाएगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया जाएगा, जिसमें जनप्रतिनिधि एवं कृषकगण प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने बताया कि स्थानीय स्तर पर कृषि विभाग द्वारा शासन से प्राप्त निर्देशों के क्रम में विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जनपद स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र उझानी में किया जाएगा, जिसमें जिला कृषि अधिकारी एवं उप कृषि निदेशक उपस्थित रहेंगे। विकास खंड स्तर पर कार्यक्रम समस्त विकास खंडों के सभागार में आयोजित किए जाएंगे, जिसमें खंड विकास अधिकारी एवं सहायक विकास अधिकारी (कृषि) उपस्थित रहेंगे। ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यक्रम समस्त ग्राम पंचायत भवनों में आयोजित होंगे, जिनमें ग्राम पंचायत अधिकारी एवं कृषि विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।
इसी प्रकार मंडी समिति स्तर पर कार्यक्रम समस्त मंडी समितियों में आयोजित किए जाएंगे, जिनमें मंडी सचिव उपस्थित रहेंगे। पैक्स/सहकारिता समितियों पर कार्यक्रम समस्त संबंधित समितियों में आयोजित होंगे, जिसमें सचिव एवं सहायक विकास अधिकारी (सहकारिता) उपस्थित रहेंगे। इसके अतिरिक्त समस्त सम्बंधित प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्रों पर भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें जिला कृषि अधिकारी नामित रहेंगे। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि कार्यक्रमों का सफल आयोजन सुनिश्चित करते हुए अधिक से अधिक कृषकों की सहभागिता कराई जाए।

## होली प्रेम और भाईचारे का प्रतीक : कुशाग्र सागर

**बिसौली (बदायूँ) कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** पूर्व विधायक कुशाग्र सागर ने तहसील रोड स्थित अपने कैम्प कार्यालय पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने भाग लेकर एक-दूसरे को होली की शुभ कामनाएं दीं। इस अवसर पर कुशाग्र सागर ने कहा कि होली का पर्व प्रेम, सौहार्द और सामाजिक समरसता को बढ़ाने वाला त्योहार है, जो आपसी मतभेद भुलाकर भाईचारे का संदेश देता है। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए जनसमर्थन के लिए आभार व्यक्त किया।

## भाकियू कार्यकर्ताओं का अंडरपास निर्माण की मांग पर धरना

**उझानी (बदायूँ) कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के कार्यकर्ताओं और सैकड़ों ग्रामीणों ने एनएच- 530 बी राजमार्ग पर अंडरपास निर्माण की मांग को लेकर धरना दिया। नायब तहसीलदार को केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के नाम ज्ञापन सौंपा गया। भाकियू मंडल प्रवक्ता राजेश कुमार सक्सेना ने कहा कि फूलपुर, बटुला,जिरौली, गुनौरा और अन्य मार्गों पर अंडर पास बनना जरूरी है, अन्यथा ग्रामीणों के लिए आना-जाना मुश्किल और दुर्घटना का खतरा बढ़ जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि निर्माण कार्य शुरू न होने तक धरना अनिश्चितकालीन रहेगा।

## रेल और ओवर ब्रिज की समस्या के निदान को लेकर रेल मंत्री से मिले गन्ना मंत्री, केन्द्रीय मंत्री

पूरनपुर।पूरनपुर माधोटांडा रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज व हावड़ा अमृतपुर एक्सप्रेस चलाने को लेकर केंद्रीय मंत्री एवं सांसद जितिन प्रसाद व गन्ना विकास एवं चीनी मिल राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार, पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान ने दिल्ली में रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से मुलाकात की व जाम की समस्या से निजात दिलाने हेतु माधोटांडा रेलवे क्रॉसिंग को ओवर ब्रिज,पूरनपुर होते हुए हावड़ा अमृतसर एक्सप्रेस के संचालन को लेकर व लखीमपुर वाया पूरनपुर पीलीभीत बरेली तक शटल पैसेंजर ट्रेन चलाने की मांग की व केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने सौंपे गए सभी मांगों को स्वीकृति प्रदान करने का आश्वासन दिया उन्होंने बताया कि रेल मंत्री ने शीघ्र ही इस रेलखंड पर पूर्व की तरह ट्रेनों के संचालन का आश्वासन दिया है ।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत बालिकाओ को दिया गया आत्मरक्षा व योग प्रशिक्षण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सम्भल । जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि जिलाधिकारी महोदय के दिशानिर्देशों के क्रम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत आयोजित आत्म सुरक्षा प्रशिक्षण के अंतर्गत आज दिनांक 12-3-2026 को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय सम्भल कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय गुन्नौर, की छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्रदान किया गया, साथ जिससे कि वह विपरीत परिस्थितियों में विरोधी का डटकर मुकाबला भी कर सकें, ताइक्वांडो प्रशिक्षक सुरेश कुमार, तंजीम हादी, व महिला खिलाड़ी ब्लैक बैल्ट होल्डर रेखा, पूर्वी ने सभी बालिकाओं को फ्रंट जंप किक, साइड किक, बैक किक , फिंगर अटैक व टू हैंड सेल्फ डिफेंस का अभ्यास कराया। इसके साथ साथ बालिकाओं को शीर्षासन, वकासन, चक्रासन , वृक्षासन का भी अभ्यास कराया गया। सुरेश कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की बालिकाओं के लिए ये मुहिम मील का पत्थर साबित होगी। इसके साथ ही सभी विद्यालय के पीटीआई शिक्षकों को भी अभ्यास कराया जा रहा है ताकि कैंप के बाद भी बालिकाओं को निरंतर अभ्यास कराया जा सके व बालिकाएं राज्य व राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर सकें। ताइक्वांडो कोच ब्लैक बैल्ट धारक रेखा ने बताया कि हर माता पिता को अपनी बालिकाओं को मार्शल आर्ट सीखना चाहिए जिससे आत्मरक्षा के गुर के साथ साथ बालिकाओं के आत्मविश्वास में भी वृद्धि होती है। ग्रामवासियों ने भी सरकार की इस योजना की तारीफ की। छात्राओ को प्रशिक्षण के साथ-साथ सरकार और महिला कल्याण विभाग द्वारा महिलाओं और बालिकाओं के हितार्थ चलाई जा रही योजना यथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला, निराश्रित महिला पेंशन, गुड़ टच एवं बैड टच, बाल विवाह के दुष्परिणाम, बसल श्रम के दुष्प्रभावों आदि के बारे में बताया गया। इस अवसर पर कॉलेज का समस्त स्टाफ और अन्य ब्यक्ति उपस्थित रहे।

# अमेठी में दस परीक्षा केन्द्रों पर होगी एसआई भर्ती परीक्षा

### परीक्षा केन्द्रों के आसपास पर्याप्त पुलिस फोर्स तैनात रहेगी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

अमेठी । पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस उपनिरीक्षक परीक्षा सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस लाइन गौरीगंज में पुलिस बल को ब्रीफ कर आवश्यक आदेश निर्देश दिये गये। आगामी चौदह व पन्द्रह मार्च को जनपद में प्रस्तावित पुलिस उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों के लिये परीक्षा के दृष्टिगत गुरुवार को पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. द्वारा नवीन पुलिस लाइन गौरीगंज में कुल दस परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा को नकल विहीन, शांतिपूर्ण माहौल में पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस केन्द्र प्रभारी व सुरक्षा व्यवस्था में लगे पुलिस बल को ब्रीफ किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा की सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की सुचारु आवाजाही, परीक्षा केन्द्रों की निगरानी तथा नकल विहीन एवं पारदर्शी परीक्षा सुनिश्चित कराने के लिए सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का



निर्वहन करने, परीक्षा केन्द्र पर चेकिंग,फ्रिस्किंग के दौरान अभ्यर्थियों की सावधानी व गंभीरता पूर्वक चेकिंग किये जाने, किसी भी प्रकार की चश्मा, ब्लूटूथ, मोबाइल फोन अथवा अन्य अनावश्यक वस्तुओं को भली भांति चेक करने आदि के संबन्ध में के निर्देश दिये।परीक्षा के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने, संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने तथा परीक्षा केन्द्रों के आसपास पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जायेगी ताकि परीक्षा पूरी तरह से निष्पक्ष और शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हो सके।इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा, क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्र, पुलिस केन्द्र के प्रभारी एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# धनपाला मेमोरियल स्कूल में शास्त्रीय संगीत से मंत्रमुग्ध हुये नौनिहाल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




तिलोई अमेठी । विकास क्षेत्र सिंहपुर के ग्राम कैथागांव स्थित धनपाला मेमोरियल स्कूल में गुरुवार को भारतीय शास्त्रीय संगीत का एक उत्कृष्ट कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम भारत सरकार उत्तर प्रदेश सरकार, भातखंडे संस्कृत विश्वविद्यालय एवं भातखंडे संगीत महाविद्यालय तथा स्पिक मैके के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मंगलाचरण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।भारतीय शास्त्रीय संगीत की सुप्रसिद्ध सितार वादिका डॉ. श्रावणी विश्वास ने अपने मधुर और भावपूर्ण सितार वादन से उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। डॉ. विश्वास भारतीय शास्त्रीय संगीत की प्रतिष्ठित कलाकार हैं और देश के विभिन्न सांस्कृतिक मंचों पर अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से संगीत की समृद्ध परंपरा को आगे बढ़ा रही हैं। उनके सुरमय और भावपूर्ण वादन ने पूरे वातावरण को संगीतमय तथा आध्यात्मिक अनुभूति से भर दिया।तबले पर ज्ञानस्वरूप मुखर्जी ने अपनी उत्कृष्ट संगत से प्रस्तुति को और भी प्रभावशाली बना दिया जिसे उपस्थित सभी श्रोताओं ने अत्यंत सराहा।इस कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र एवं शिक्षकगण ही उपस्थित रहे, जिन्होंने कलाकारों की प्रस्तुति को बड़े ध्यान और उत्साह के साथ सुना।विद्यालय के प्रबंधक डॉ. अविनाश मिश्रा ने अतिथि कलाकारों का स्वागत एवं सम्मान करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों को भारतीय शास्त्रीय संगीत की समृद्ध परंपरा से परिचित कराते हैं और उनमें कला के प्रति संवेदनशीलता विकसित करते हैं।

# डीएम ने किया उप निरीक्षक पुलिस भर्ती परीक्षा केंद्रों व कोषागार का निरीक्षण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूं। जिलाधिकारी अवनीश राय ने पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ आगामी 14 व 15 मार्च को जनपद में होने वाली उप निरीक्षक पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए बनाए गए परीक्षा केंद्रों श्री कृष्ण इंटर कॉलेज और दास डिग्री कॉलेज तथा कोषागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया व संबंधित अधिकारियों का आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जनपद में परीक्षा के लिए 15 विद्यालयों एवं महाविद्यालयों को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाए तथा परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी ,सुचिता पूर्ण व सकुशल रूप से संपन्न कराया जाए। उन्होंने निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था उनके संचालन, पार्किंग व्यवस्था, साफ सफाई व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, फिस्किंग व्यवस्था आदि अन्य व्यवस्थाओं को जांच तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ के निर्देशानुसार आरक्षित नागरिक पुलिस में उपनिरीक्षक (एस0आई0) भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा जनपद में 14 एवं 15 मार्च 2026 को आयोजित की जाएगी। परीक्षा दोनों दिन दो पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 03:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक सम्पन्न कराई जाएगी। प्रत्येक पाली की परीक्षा अवधि 120 मिनट निर्धारित की गई है। प्रत्येक पाली में कुल 4320 तथा दोनों दिन की चारो पालियों में कुल 17280 अभ्यर्थी प्रतिभाग करेंगे।

## आज़मगढ़ में मिनी ट्रक से 1.20 करोड़ का गांजा बरामद, अंतरराज्यीय तस्कर भी गिरफ्तार

आज़मगढ़ । उत्तर प्रदेश के आज़मगढ़ जिले में एसटीएफ लखनऊ और गम्भीरपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने मिनी कंटेनर ट्रक से करीब 354 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा बरामद करते हुए एक अंतरराज्यीय तस्कर को गिरफ्तार किया है। बरामद गांजे की अनुमानित कीमत लगभग एक करोड़ 20 लाख रुपये है। यह गांजा छत्तीसगढ से लाया जा रहा था।

एसपी ग्रामीण चिराग जैन ने बताया कि थाना गम्भीरपुर क्षेत्र में एसटीएफ लखनऊ की टीम और गम्भीरपुर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि छत्तीसगढ़ प्रांत से एक मिनी कंटेनर ट्रक में भारी मात्रा में अवैध गांजा लाकर आजमगढ़ की ओर सप्लाई किया जा रहा है। सूचना के आधार पर एसटीएफ टीम प्रभारी उपनिरीक्षक फैजुद्दीन सिद्दीकी और थानाध्यक्ष गम्भीरपुर अखिलेश कुमार सिंह पुलिस बल के साथ अमौड़ा टोल प्लाजा के पास वाहन चेकिंग करने लगे। चेकिंग के दौरान टोल प्लाजा से करीब 200 मीटर पहले एक मिनी कंटेनर ट्रक आता दिखाई दिया। पुलिस ने ट्रक को रोककर चालक से पूछताछ की तो उसने अपना नाम राजीव कुमार यादव पुत्र तिलक सिंह निवासी ग्राम सुरैंदा फूलपुर थाना अजीतमल जनपद औरैया बताया। वाहन की तलाशी लेने पर ट्रक में बनाई गई प्लास्टिक की गुप्त कैविटी में छिपाकर रखी गई 14 बोरियों से कुल 353.990 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। इसके बाद पुलिस ने अभियुक्त को गुरुवार की सुबह अमौड़ा टोल प्लाजा के पास गिरफ्तार कर लिया। एसपी ग्रामीण ने बताया कि पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि वह छत्तीसगढ़ के रायपुर और आसपास के क्षेत्रों से अवैध गांजा लाकर उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में सप्लाई करता है। पुलिस से बचने के लिए वह मिनी कंटेनर ट्रकों में बनाई गई गुप्त कैविटी और प्लास्टिक की बोरियों में गांजा छिपाकर ले जाता था, जिससे सामान्य चेकिंग में पकड़ में आने की संभावना कम रहती थी।

# पुलिस मुठभेड़ में पचास हजार रुपये का इनामी अपराधी गिरफ्तार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

अमेठी । थाना मुसाफिरखाना पुलिस ने कबाड़ व्यवसायी का अपहरण कर रंगदारी मांगने के मामले में वांछित पचास हजार रुपये के इनामी अपराधी को मुठभेड़ में गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जिसके कब्जे से एक तमंचा व एक जिन्दा कारतूस व एक खोखा कारतूस व एक अदद मोटरसाइकिल बिना नम्बर प्लेट बरामद किया है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गुरुवार को थाना मुसाफिरखाना के प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार सिंह मय हमराह द्वारा जनपद में पुलिस द्वारा चलाये जा रहे आपरेशन चक्रव्यूह के तहत तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान इसौली रोड जाखा शिवपुर के पास मौजूद थे कि

### कबाड़ व्यवसायी का अपहरण कर नौ लाख अठाइस हजार रुपया वसूली का मामला

मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि कबाड़ व्यापारी रमन अग्रहरि से रंगदारी की घटना में वांछित व रुपये पचास हजार रुपये का ईनामिया अभियुक्त कहीं जाने की फिराक में है। मुखबिर की बात पर विश्वास कर पुलिस टीम द्वारा इसौली रोड़ पर पहुंच कर घेराबंदी की गई तभी इसौली घाट की तरफ से एक मोटरसाइकिल आती हुई दिखाई दी जिसे पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो मोटर साइकिल सवार व्यक्ति द्वारा गाड़ी मोड़कर गुलाम हैदर जाने वाले कच्चे रास्ते से भागने लगा और हडबड़ाकर गिर गया तथा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ फायरिंग करने पर अभियुक्त घायल हो गया।पुलिस टीम द्वारा पास पहुंचकर देखा गया तो अभियुक्त के बाये पैर पर गोली लगी है।घायल अभियुक्त का नाम व पता पूंछने पर उसने अपना नाम इस्लाम अहमद उर्फ सोनू उर्फ मच्छर पुत्र रसीद अहमद निवासी इमामबाड़ा काशीराम कलोनी थाना कोतवाली नगर जनपद गोण्डा उम्र करीब अठाइस वर्ष बताया जिसके कब्जे से एक तमंचा, एक जिन्दा कारतूस व एक खोखा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस टीम द्वारा घायल बदमाश को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।मोटर साइकिल एचएफ डिलक्स बिना नंबर प्लेट के कागज मांगने पर दिखा नही सका। कोतवाली प्रभारी विवेक कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में गिरफ्तार अपराधी ने बताया कि बीती दस फरवरी को उसने अपने साथियों के साथ मिलकर रमन अग्रहरि नाम के कबाड़ व्यापारी से रंगदारी कर नौ लाख अठाईस हजार रुपये वसूले थे घटना के बाद अनुज प्रताप सिंह द्वारा घटना में शामिल सभी को रुपये बांट दिया था ।

# डीएसओ ने गैस गोदामों व प्रतिष्ठानों का किया औचक निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । जिले के उपभोक्ताओं को सुविधापूर्वक घरेलू गैस सिलेण्डर उपलब्ध कराये जाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर बुधवार को जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी द्वारा मुख्तार गैस सर्विस (एचपीसीएल), बहराइच इण्डेन गैस सर्विस (आईओसीएल) तथा प्रगति गैस सर्विस (एचपीसीएल) के कार्यालय एवं गोदाम का औचक निरीक्षण किया गया। बाईपास रोड तिकोनी बाग चौकी के निकट स्थित मुख्तार गैस सर्विस एजेन्सी के कार्यालय के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान गैस एजेन्सी के प्रबन्धक व कर्मचारी उपस्थित मिले। निरीक्षण के दौरान उपभोक्ताओं द्वारा अपनी गैस की बुकिंग व केवाईसी का कार्य कराया जा रहा था। प्रबन्धक द्वारा बताया गया कि एजेन्सी में घरेलू उपभोक्ता 17821 हैं। आज का प्रारम्भिक स्टॉक 14.2 किग्रा0 का 502 था तथा आज ऑयल कम्पनी से 335 सिलेण्डर की आमद हुई है। कुल 837 सिलेण्डर के सापेक्ष जांच के समय तक 425 सिलेण्डरों की बिकी हुई थी, अवशेष 412 सिलेण्डर गोदाम पर उपलब्ध हैं। महसी रोड स्थित गोदाम का निरीक्षण करने पर गोदाम में स्टॉक अभिलेखानुसार सही पाया गया। मौके पर प्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि उपभोक्ताओं को नियमानुसार उनकी बुकिंग के आधार पर गैस सिलेण्डर निर्गत करें, तथा किसी भी प्रकार की समस्या आने पर अपने विकय अधिकारी एवं अधोहस्ताक्षरी को अवगत करायें। इसी प्रकार हुजूरपुर रोड कटी चौराहा स्थित बहराइच इण्डेन गैस सर्विस के गोदाम के निरीक्षण के दौरान गैस एजेन्सी के प्रबन्धक व कर्मचारी की उपस्थिति में गोदाम का निरीक्षण किया गया। प्रबन्धक द्वारा बताया गया कि उनके यहां घरेलू उपभोक्ता 34,000 हैं। आज का प्रारम्भिक स्टॉक 14.2 कि.ग्रा. का 784 था तथा आज ऑयल कम्पनी से 342 सिलेण्डर की आमद हुई है। कुल 1126 सिलेण्डर के सापेक्ष जांच के समय तक 903 सिलेण्डरों की बिकी हुई है अवशेष 223 सिलेण्डर गोदाम पर उपलब्ध हैं। गोदाम में उपलब्ध स्टॉक अभिलेखानुसार सही पाया गया। मौके पर प्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि उपभोक्ताओं को नियमानुसार उनकी बुकिंग के आधार पर गैस सिलेण्डर निर्गत करें तथा किसी प्रकार की समस्या आने पर विक्रय अधिकारी एवं जिला पूर्ति अधिकारी को अवगत कराया जाय। इसके अलावा हुजूरपुर रोड कटी चौराहा स्थित प्रगति गैस सर्विस के निरीक्षण के दौरान गोदाम बिना किसी पूर्व सूचना/अनुमति के बन्द पाया गया। गोदाम के कर्मचारी इदरीश को उनके मोबाईल पर वार्ता करके उन्हें मौके पर बुलाया गया। जिनके द्वारा गोदाम का ताला खोलकर अपनी उपस्थिति में निरीक्षण कराया गया। गोदाम में 05 कि.ग्रा. के 18 सिलेण्डर खाली एवं 14.2 कि.ग्रा. के घरेलू सिलेण्डर 830 अदद खाली पाये गये। इसके अतिरिक्त कर्मचारी द्वारा बताया गया कि कामर्शियल के 41 सिलेण्डर हैं जिनमें से 40 सिलेण्डर कनेक्शनधारकों को गये हैं 01 सिलेण्डर भरा हुआ रखा है। गोदाम में कोई भी घरेलू गैस सिलेण्डर नहीं पाया गया, बताया गया कि भरे हुए सिलेण्डर थका स्टॉक शून्य है। संभवतः आज कम्पनी से सिलेण्डर आयेगा।

# मारपीट में घायल व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत, तीन गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिले क़े कौड़िया थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट में घायल रमेश कुमार की इलाज के दौरान मौत हो गई। मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से घटना में प्रयुक्त डंडे भी बरामद किए हैं।घटना सात मार्च को रुकमंगदपुर गांव में महेश बाजपेई और रक्षाराम गुटों के बीच हुए विवाद के दौरान हुई थी। मारपीट के दौरान महेश बाजपेई के भाई रमेश कुमार को गंभीर चोटें आई थीं। उन्हें इलाज के लिए पहले गोंडा मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर लखनऊ रेफर कर दिया गया था।लखनऊ में दो दिन तक इलाज चलने के बाद 9 मार्च को रमेश कुमार की मौत हो गई। इसके बाद महेश बाजपेई ने सूरज उर्फ रक्षाराम शिवम बाजपेयी और ओमप्रकाश वाजपेयी के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी।पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को आर्य नगर छितौनी नहर सड़क के पास से गिरफ्तार किया। उनकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त दो डंडे भी बरामद किए गए।घटना के बाद मृतक के परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी तक अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया था। इस पर अभिषेक, क्षेत्राधिकारी करनैलगंज मौके पर पहुंचे और परिजनों को उचित कार्रवाई का आश्वासन देकर समझाया, जिसके बाद अंतिम संस्कार कराया गया।सीओ अभिषेक ने बताया कि सात मार्च को हुई मारपीट के बाद 9 मार्च को रमेश कुमार की मौत हुई थी। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

# जिले के 10 परीक्षा केन्द्रों पर सम्मिलित होंगे 4128 परीक्षार्थी

## उप निरीक्षक संवर्ग की लिखित परीक्षा-2025

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा आयोजित उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा 14 एवं 15 मार्च 2026 को जनपद के 10 परीक्षा केन्द्रों पर 02 पालियों में सम्पन्न होगी। जिसमें कुल 4128 परीक्षार्थी प्रतिभाग करेंगे। परीक्षा केन्द्रवार परीक्षार्थियों की बात की जाये तो परीक्षा केन्द्र आर्य कन्या इण्टर कालेज ब्राहम्णीपुरा 240, आज़ाद इण्टर कालेज चांदपुरा में 384, राजकीय इण्टर कालेज छावनी बाजार मे 480, गेंद घर स्थित राजकीय बालिका इण्टर कालेज गुलाम अलीपुरा में 384, राजकीय पालिटेक्निक आसाम चौराहा कल्पीपारा में 384, राजकीय पालिटेक्निक मोहम्मदपुर नानपारा रोड निकट आईटी कालेज में 288, किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 720, महराज सिंह इण्टर कालेज में 384, महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिविल लाईन में 480 तथा वैद्य भगवानदीन मिश्र गांधी इण्टर कालेज बहराइच में 384 इस प्रकार कुल 4128 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। उल्लेखनीय है कि 14 एवं 15 मार्च 2026 को प्रथम पाली में पूर्वान्ह 10:00 बजे से मध्यान्ह 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली में अपरान्ह 03:00 बजे से अपरान्ह 05:00 बजे तक आयोजित होने वाली लिखित परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु प्रत्येक केन्द्र पर 01-01 स्टैटिक व सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किये गये हैं।

# गलत गैस वितरण किया तो होगी एफआईआर : जिलाधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिला पंचायत सभागार में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में पेट्रोलियम प दार्थों के व्यवस्थापन एवं सुचारु वितरण के संबं ध में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ-साथ गैस एजेंसियों एवं पेट्रोल पंप संचाल कों के पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक का उद्देश्य जिले में पेट्रोलियम पदार्थों की उपलब्ध ता सुनिश्चित करना तथा उनके वितरण में पार दर्शिता बनाए रखना था।बैठक के दौरान जिला धिकारी प्रियंका निरंजन ने सभी गैस एजेंसियों के संचालकों एवं अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जिले में पेट्रोलियम पदार्थों के वितरण में किसी भी प्रकार की अनियमितता या काला बाजारी (ब्लैक मार्केटिंग) किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी भी गैस एजेंसी द्वारा गलत तरीके से गैस वितरण या कालाबाजारी की शिकायत प्राप्त होती है तो संबंधित गैस एजेंसी के विरुद्ध तत्काल एफआ ईआर दर्ज कराते हुए कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि जिले की सभी गैस एजें सियों के कनेक्शनों का विवरण तथा गैस बुकिं ग से संबंधित सभी आवश्यक डिटेल्स तत्काल उपलब्ध कराई जाएं, जिससे वितरण प्रणाली की प्रभावी निगरानी सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि सभी एजेंसियां निर्धा रित नियमों एवं मानकों के अनुसार ही कार्य करें तथा उपभोक्ताओं को समय पर गैस सि लेंडर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।बैठक के दौरान पेट्रोल पंप संचालकों के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि जनपद में पेट्रोल एवं डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है और किसी प्रकार की कमी नहीं है। इस संबंध में जिलाधिकारी ने आमजन से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और अनावश्यक रूप से पेट्रोलियम पदार्थों का संग्रहण न करें।जिलाधिकारी ने संबंधित अधि कारियों को निर्देश दिए कि जिले में पेट्रोलियम पदार्थों की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था पर सतत निगरानी बनाए रखी जाए,ताकि आमज न को किसी भी प्रकार की असुविधा का साम ना न करना पड़े।उन्होंने कहा कि प्रशासन जिले में आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

### सीडीओ ने किया मोहम्मदपुर गढ़वाल गौशाला का औचक निरीक्षण



गोंडा । विकासखण्ड करनैलगंज की ग्राम पंचाय त पाल्हापुर में ''पंचायत उत्सव भवन'' के भूमि पूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम के संपन्न होने के उपरांत मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन द्वारा ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर गढ़वाल में संचालित गौशाला में पानी,भूसा,हरा चारा आदि का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान ख ण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि गौशाला में नियमित रूप से पानी, भूसा एवं चारा आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। निरीक्षण के दौरान गौशाला में सीसीटीवी कैमरे लगे हुए पाए गए, जो क्रियाशील अवस्था में थे। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी, सम स्त पशु चिकित्सा अधिकारी एवं मुख्य पशु चि कित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों की सभी गौशालाओं का नियमित निरीक्षण करें तथा निरीक्षण आख्या तैयार कर उसकी प्रगति के साथ आगामी आ योजित होने वाली बैठक में प्रतिभाग करना सु निश्चित करें।

### चलती बस से कूद कर महिला ने दी जान

गोंडा कैनविज टाइम्स संवाददाता । जिले के परसपुर बाजार में एक चलती बस से कूदकर 42 वर्षीय महिला अंजू देवी ने अपनी जान दे दी।वह अपने पति जीवन के सा थ दिल्ली से तरबगंज स्थित अपने घर गढ़वली लौट रही थीं।पुलिस के अनुसार,यह घटना तब हुई जब बस परसपुर बाजार से गुजर रही थी। पति जीवन ने बताया कि दिल्ली से लौटते सम य बस में उन्हें नींद आ गई थी।इसी दौरान अंजू देवी ने बस की खुली खिड़की से कूदकर आत्म हत्या कर ली।यह घटना एक नॉन-एसी बस में हुई और अस्पताल ले जाते समय उनकी मौत हो गई।पति ने बताया कि वह अंजू देवी का इ लाज कराने के लिए दिल्ली के सफदरजंग अ स्पताल गए थे।अंजू देवी पिछले दस दिनों से मानसिक बीमारी का इलाज करा रही थीं।उन के सिर में दो गांठें थीं,जिनके बारे में डॉक्टरों ने दवा से गलने की संभावना जताई थी।वही अंजू देवी इस बात को लेकर चिंतित थीं कि वह शा यद बच नहीं पाएंगी।मृतका के तीन बच्चे हैं। सूचना पाकर मौके पर पहुंची नगर कोतवाली पुलिस ने गोंडा मेडिकल कॉलेज पहुंचकर के पूरे मामले को लेकर जांच शुरू कर दी है।पर सपुर थाना अध्यक्ष कमल शंकर चतुर्वेदी ने ब ताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिसकर्मियों को मौके पर भेजकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### कांशीराम जयंती 'बहुजन समाज व पीडीए दिवस' के रूप में मनाएगी सपा

औरैया । उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद में समाजवादी पार्टी (सपा) जिला कार्यालय ककोर में गुरुवार को एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में बहुजन नायक कांशीराम की जयंती को 'बहुजन समाज दिवस' तथा पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) दिवस के रूप में मनाने की तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सर्वेश बाबू गौतम ने की। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार इस वर्ष कांशीराम जी का जन्मदिन जिले में बड़े आयोजन के रूप में मनाया जाएगा। जिलाध्यक्ष ने बताया कि यह कार्यक्रम 15 मार्च को प्रातः 11 बजे साईं मंदिर में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पार्टी के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। साथ ही अपील की गई है कि जिले भर से अधिक से अधिक कार्यकर्ता और समर्थक कार्यक्रम में शामिल होकर बहुजन समाज के महानायक कांशीराम को श्रद्धांजलि अर्पित करें। बैठक में मौजूद नेताओं ने कहा कि कांशीराम ने बहुजन समाज के अधिकारों के लिए जीवनभर संघर्ष किया और समाज के कमजोर वर्गों को राजनीतिक व सामाजिक रूप से मजबूत बनाने का काम किया। उनके विचार आज भी समाज को समानता और सामाजिक न्याय के लिए प्रेरित करते हैं। इसलिए उनकी जयंती को बहुजन समाज दिवस के रूप में मनाकर उनके संघर्ष और विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

सपा नेताओं ने कहा कि समाजवादी पार्टी पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) समाज को एकजुट कर सामाजिक न्याय की लड़ाई को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की उम्मीद है।

बैठक में दिबियापुर विधायक प्रदीप यादव, बिधूना विधायक रेखा वर्मा, एसआईआर प्रभारी समरथ पाल, पूर्व मंत्री रामबाबू यादव, वीरेंद्र शास्त्री लोधी, पूर्व विधायक मदन सिंह गौतम, लाल जी शुक्ला, राज नारायण बघेल, रश्मि यादव, राजकुमार गौतम, वीरेंद्र राजपूत, श्याम बाबू यादव, कुलदीप यादव सहित कई पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बागपत में 185 जोड़ों का सामूहिक विवाह

बागपत । मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत बागपत में गुरुवार को 185 जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया गया। बागपत के चमरावल रोड स्थित एक इंस्टीट्यूट में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। हिंदू और मुस्लिम जोड़ों का धार्मिक आस्था के अनुसार विवाह सम्पन्न कराया गया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना कार्यक्रम का शुभारम्भ उत्तर प्रदेश सरकार के वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री केपी मलिक द्वारा कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। उन्होंने वर वधू को मौके पर आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में पहुंचे बागपत विधायक योगेश धामा ने भी आशीर्वाद देकर सरकार के योजनाओं की सराहना की। सभी वैवाहिक जोड़ों से एक दूजे का साथ साथ निभाने की अपील की। कार्यक्रम में जैसे-जैसे फ़ेरे और निकाह सम्पन्न होते रहे पुष्प वर्षा और मंगल गीतों के बीच 185 डोलिया रवाना की गई। इस कार्यक्रम में 135 शादियां हिंदू रीति रिवाज के साथ सम्पन्न हुई जबकि 50 निकाह किए गए। प्रत्येक विवाह पर 51 हजार रुपए से बढ़ाकर एक लाख ? दिए जा रहे हैं। जिसमें 60,000 रुपये सीधे वधू के बैंक खाते में, 25,000 हजार रुपये मूल्य के उपहार जबकि 15,000 हजार रुपये योजना पर खर्च किए गए हैं।

# आयल एवं गैस की सुगम आपूर्ति के लिए नगर क्षेत्र व तहसीलों के लिए गठित की गई टीमें

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बहराइच । जनपद में डीजल/पेट्रोल पम्पों व गैस एजेन्सियों पर सतत निगरानी रखते हुए डीजल/पेट्रोल व गैस सिलेण्डरों की जमाखोरी पर प्रभावी नियंत्रण बनाये रखने तथा डीजल/पेट्रोल पम्पों एवं गैस एजेन्सियों पर उपस्थित नागरिकों को नियमानुसार डीजल/पेट्रोल एवं गैस सिलेण्डर की नियमानुसार आपूर्ति सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा समस्त तहसीलों में सम्बन्धित उप जिलाधिकारियों एवं नगर क्षेत्र के लिए नगर मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में टीमों का गठन किया गया है।

जिलाधिकारी द्वारा गठित टीमों को निर्देशित किया गया है कि अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील रहकर कार्यरत डीजल/पेट्रोल पम्पों व गैस एजेन्सियों पर सतत निगरानी रखते हुए डीजल/पेट्रोल व गैस सिलेण्डरों की जमाखोरी पर प्रभावी नियंत्रण बनाये रखते हुए डीजल/पेट्रोल पम्पों एवं गैस एजेन्सियों पर उपस्थित नागरिकों को नियमानुसार डीजल/पेट्रोल एवं गैस सिलेण्डर की आपूर्ति सुनिश्चित करायें तथा यदि गैस एजेन्सियों/पम्प धारकों द्वारा किसी प्रकार की अनियमितता/मनमानी किया जाना पाया जाता है तो सम्बन्धित के विरूद्ध सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत विधिक कार्यवाही हेतु आख्या प्रस्तुत करें, ताकि सम्बन्धित के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही की जा सके। नगर क्षेत्र के लिए गठित टीम में नगर मजिस्ट्रेट, जिला पूर्ति अधिकारी, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, पूर्ति निरीक्षक नगर, सम्बन्धित क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्ष, वरिष्ठ निरीक्षक विधिक माप विज्ञान, ऑयल कम्पनी तथा एल.पी.जी. कम्पनी के विक्रय अधिकारी सम्मिलित है। तहसील सदर के लिए उप जिलाधिकारी, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, पूर्ति निरीक्षक चित्तौरा, रिसिया, हुजूरपुर, तेजवापुर, क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्ष, वरिष्ठ निरीक्षक विधिक माप विज्ञान, ऑयल कम्पनी तथा एल.पी.जी. कम्पनी के विक्रय अधिकारी तथा तहसील पयागपुर के लिए उप जिलाधिकारी, सम्बन्धित क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, पूर्ति निरीक्षक पयागपुर, विशेश्वरगंज एवं हुजूरपुर, सम्बन्धित क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्ष, वरिष्ठ निरीक्षक विधिक माप विज्ञान, ऑयल कम्पनी तथा एल.पी.जी. कम्पनी के विक्रय अधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इसी प्रकार तहसील कैसरगंज क्षेत्र के लिए उप जिलाधिकारी, सम्बन्धित क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, पूर्ति निरीक्षक कैसरगंज, जरवल, फखरपुर एवं हुजूरपुर, क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्ष कैसरगंज, वरिष्ठ निरीक्षक विधिक माप विज्ञान, ऑयल कम्पनी तथा एल.पी.जी. कम्पनी के विक्रय अधिकारी, तहसील महसी के लिए उप जिलाधिकारी, सम्बन्धित क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, पूर्ति निरीक्षक महसी, तेजवापुर व शिवपुर, क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्ष महसी, वरिष्ठ निरीक्षक विधिक माप विज्ञान, ऑयल कम्पनी तथा एल.पी.जी. कम्पनी के विक्रय अधिकारी, तहसील नानपारा के लिए उप जिलाधिकारी, सम्बन्धित क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, पूर्ति निरीक्षक नवाबगंज, शिवपुर, बलहा व रिसिया, क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्ष नानपारा, वरिष्ठ निरीक्षक विधिक माप विज्ञान, ऑयल कम्पनी तथा एल.पी.जी. कम्पनी के विक्रय अधिकारी तथा तहसील क्षेत्र मोतीपुर के लिए उप जिलाधिकारी, सम्बन्धित क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, पूर्ति निरीक्षक मिहींपुरवा व बलहा, क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्ष मोतीपुर, वरिष्ठ निरीक्षक विधिक माप विज्ञान, ऑयल कम्पनी तथा एल.पी.जी. कम्पनी के विक्रय अधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### राज्य स्तरीय जूनियर बालक व बालिका कुश्ती चैंपियनशिप के लिए मुरादाबाद के 9 खिलाड़ी चयनित

मुरादाबाद । उत्तर प्रदेश में होने वाली राज्य स्तरीय जूनियर अंडर 20 बालक व बालिका कुश्ती चैंपियनशिप के लिए मुरादाबाद जनपद के 9 खिलाड़ियों का चयन किया गया। रामगंगा विहार स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस सोनकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में गुरुवार को हुए चयन प्रक्रिया के तहत प्रतिभागियों ने अपने दमखम तकनीक और दांव पेच का श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इस दौरान चयनकर्ताओं ने प्रत्येक मुकाबले के प्रदर्शन को बारीकी से देखा और बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी उसमें से चयनित किए। जिला कुश्ती संघ के सचिव पवन सिसोदिया ने बताया कि उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ की ओर से राज्य स्तरीय जूनियर अंडर 20 बालक व बालिका कुश्ती चैंपियनशिप 31 मार्च से 2 अप्रैल तक वाराणसी में आयोजित की जाएगी। इसमें जिले के दो बालिका और सात बालक खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। इन खिलाड़ियों का चयन करतार पहलवान, कोच गोविंद यादव, सुनील चौधरी, वीर सिंह, अंजली सिंह और दीपक सिंह की देखरेख में आज संपन्न हुआ। चयनित खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर मुराबाद जनपद का नाम रोशन करेंगे। पवन सिसोदिया ने आगे बताया कि चयनित खिलाड़ियों में फ्री स्टाइल बालक वर्ग में 57 किलोग्राम में क्रश, 61 किलोग्राम में सुजल दिवाकर, 65 किलोग्राम में अभिषेक, 74 किलोग्राम में कृष्ण कुमार, ग्रीको रोमन बालक वर्ग में 55 किलोग्राम में वंश, 66 किलोग्राम में मोहम्मद समीर, 63 किलोग्राम में रवि कुमार, बालिका वर्ग में 50 किलोग्राम में राशिका कसाना और 53 किलोग्राम में निशी गुर्जर चयनित हुई हैं।

# गोंडा में कतार पर भारी घरेलू गैस सिलेंडर नहीं मिलने की लाचारी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

## गैस एजेंसियों ने कर दिया मोबाइल आफ, सरकारी दावे जमीन पर फ़ेल

गोंडा । पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण ऊर्जा आपूर्ति पर पड़े प्रभाव को लेकर केंद्र सरकार से लेकर स्थानीय प्रशासन घरेलू गैस आपूर्ति को प्राथमिकता को तय कर दिया है।इसके बा वजूद इसका बहुत प्रभाव नहीं दिख रहा है लो ग एक सप्ताह से दस दिनों से दूसरा गैस बुकिं ग कराकर सिलेंडर का इंतजार कर रहे हैं।अब लोग फोन पर संपर्क से लेकर गैस एजेंसी व गो दाम तक पहुंचकर चक्कर लगा रहे हैं।गैस को लेकर करनैलगंज में स्थित इंडियन गैस गोदाम पर सुबह से ही लोग पर्ची व सिलेंडर लेकर पहुंचे।इसमें कुछ लोग तो ऐसे थे जिनके पास एक ही सिलेंडर था।वह अधिकतर आते रहते हैं।यह सं ख्या आम दिनों में दस से कम होती है,कुछ लो ग ऐसे थे जिनका दूसरा सिलेंडर खाली हो गया था।उनका कहना था युद्ध को देखते हुए वह दू सरा सिलेंडर भरवा लेना चा हते हैं। इस कारण गोदाम पर आ गए।वही गों डा में बड़े पैमाने पर गैस की काला बाजारी ब्लैक में घरेलू गैस सिलेंडर बिक रहा है। जिस काला बाजारी को रोकने में जिला प्रशासन ना काम साबित हो रहा है।बुकिंग के दस दिन बाद भी लोगों को गैस नहीं मिल रही है।जिले में 78 गैस एजेंसियां हैं लेकिन फिर भी गोंडा जिले में गैस का अकाल पढ़ा हुआ है,जिला पूर्ति विभाग असहाय नजर आ रहा है जिले क़े बरौली भारत

गैस उपभोक्ताओं का बहुत ही बुरा हाल है वहाँ पर उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर लेने के लिए नाको चने चाबने पड़ रहे है गैस एजेंसी के बाह र उपभोक्ताओं की लंबी कतार लगी हुई हैं। उप भोक्ता एजेंसी संचालक से लेकर डीएसओ को फोन लगा रहे हैं लेकिन ना तो एजेंसी संचालक और डीएसओ फोन उठाने का मुनासिब नहीं समझ रहे हैं।सूर्या भारत गैस एजेंसी संचालक रंजीत मौर्य ने बताया कि प्रतिदिन एक ट्रक आ रहा है।कोई दिक्कत नहीं है। नियमित रूप से हाकर सिलेंडर लेकर जा रहे हैं।उनकी एजेंसी के उपभोक्ताओं को कोई दिक्कत नहीं है, उन को क्रम से नियमित गैस पहुंच रही है उपभोक्ता को गैस बुकिंग की जानकारी नहीं है उन उप भोक्ताओं को थोड़ा बहुत परेशानी हो रही है क्योंकि बिना गैस बुकिंग के गैस सिलेंडर नहीं दिया जा रहा है उपभोक्ताओं को बताया जा रहा है कि अपनी मोबाइल से गैस की बुकिंग करें और समय पर गैस ले,वही एजेंसी संचाल क ने बताया कि कामर्शियल सिलेंडर नहीं आ रहा है। इस कारण उसकी सप्लाई नहीं की जा रही है।लोग अपने सगे संबंधियों और पड़ोसियों से गैस पहुंचने के संबंध में पूछताछ कर रहे हैं।

### उपभोक्ता परेशान ना हो, मंगलम गैस एजेंसी

मंगलम गैस एजेंसी के संचालक डीप सिंह ने ब ताया कि उपभोक्ता परेशान ना हो पहले की जो बुकिंग की पड़ी है उसे खत्म कर रहे हैं।प्रयास है कि सभी को गैस उपलब्ध करा दिया जाय।सभी को एक दो दिन में गैस उपलब्ध करा दि या जाएगा।उसके बाद जो गाइडलाइन आई है कि 25 दिन पर बुकिंग होगी तो बुकिंग कराते ही अगले दिन सिलेंडर मिल जाएगा।गैस की क मी नहीं है। यह सारे इंतजाम केवल जमाखोरी रोकने के लिए किए गए हैं।केवल कामर्शियल सिलेंडर पर रोक लगी है और हमारे यहां प्रत्येक दिन नियमित रूप से उपभोक्ताओं को सिलेंडर मिल रहा है कोई परेशानी नहीं है।

### कई एजेंसी संचालक ने मोबाइल स्विच ऑफ

कई गैस एजेंसियों ने कर दिया मोबाइल आफ लोगों के लगातार गैस के संबंध में पूछताछ क रने की वजह से गैस एजेंसियों के मालिक और मैनेजर ने अपना मोबाइल आफ कर दिया है। वह अपनी जरूरत के अनुसार मोबाइल आन कर रहे हैं और जरूरी बात कर फिर आफ कर दे रहे हैं।कुछ वाट्सएप काल भी नहीं उठ रहा है।कुछ ने तो मोबाइल में ऐसी सेटिंग कर दिए हैं कि लोगों के काल न आ सकें।

### एजेंसियां भेज रहीं हैं मैसेज

लोग परेशान न हों और संग्रह न करें इसके लि ए एजेसियां मैसेज भेजने लगी हैं।एक व्यक्ति ने एक सप्ताह पूर्व गैस बुक कराया था। अब गैस एजेंसियों ने मैसेज भेजा है कि '' प्रिय ग्राहक, सोशल मीडिया पर ईंधन की कमी को लेकर फैलाए जा रहे दावे भ्रामक और निराधार हैं। देश में ईंधन की पर्याप्त उपलब्धता है।नागरिकों को आश्वस्त किया जाता है कि किसी भी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है, ईंधन का समझदारी से उपयोग करना हमेशा लाभ दायक होता है।'

### फतेहपुर: पत्नी की हत्या ने पति को उम्रकैद, 50 हजार का जुर्माना

फतेहपुर । उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में गुरुवार को अपर एवं सत्र न्यायालय फास्ट ट्रैक कोर्ट द्वितीय के जज अजय सिंह ने पत्नी की हत्या पति को उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता प्रमोद निषाद ने बताया कि धाता थाना क्षेत्र में विगत 28 दिसंबर 2017 को घटना हुई थी। थाना क्षेत्र के ग्राम कोला निवासी रामेश्वर निषाद के पुत्र बट्टी निषाद ने अपनी पत्नी संगीता की शादी के कुछ समय बाद उस पर शक करते हुए गला दबाकर हत्या कर दी थी। घटना के बाद उसने इसे आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की थी, लेकिन पुलिस की जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या

# भ्रष्टाचार के दलदल में फंसे सचिव और प्रधान ने मिलकर कई पंचायतों में किया भ्रष्टाचार

## गांव में विकास के नाम पर दौड़ा दिए कागज़ी घोड़े

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। जनपद के ललौरीखेड़ा ब्लॉक की ग्राम पंचायत बरहा और रूपपुर कृपा में विकास कार्यों के नाम पर लाखों रुपये के भुगतान का मामला सामने आया है। आरोप है कि पंचायत में फॉगिंग, मिट्टी भराव, एंटी लार्वा छिड़काव, जल निकासी, लाइट फिटिंग और मरम्मत जैसे कार्यों के नाम पर बड़ी धनराशि खर्च दिखाई गई, जबकि कई भुगतान ऐसे लोगों और फर्मों के खातों में भेजे गए हैं जो प्रधान और सचिव के करीबी बताए जा रहे हैं। यदि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो विकास कार्यों में गड़बड़ी और वित्तीय अनियमितताओं की पोल खुल सकती है।बताया जा रहा है कि ग्राम पंचायत बरहा में विभिन्न तिथियों पर एक ही फर्म आन्या कॉन्टैक्टर के खाते में कई बार भुगतान किया गया। 17 जनवरी को फ्लड लाइट फिटिंग के नाम पर 91,190 रुपये तथा 20 दिसंबर को क्रमशः 97,704 और 98,323 रुपये की धनराशि भेजी गई। इसके अलावा 27 फरवरी को एंटी लार्वा छिड़काव के नाम पर 38,468 और 32,774 रुपये का भुगतान भी इसी फर्म के खाते में किया गया।इसी पंचायत में लाइट मरम्मत, नाली निर्माण और मिट्टी भराव जैसे कार्यों के नाम पर भी लाखों रुपये का भुगतान दिखाया गया है। आरोप है कि इन कार्यों के भुगतान सलीम, विपिन, अखिलेश पुत्र रामचंद्र, धर्मेंद्र शर्मा, भारत प्रकाश, लालाराम और प्रेमपाल सहित कई लोगों के निजी खातों में किए गए। वहीं दूसरी ओर ग्राम पंचायत रूपपुर कृपा में भी मिट्टी भराव, रोडा डालने और अन्य विकास कार्यों के नाम पर भारी भरकम भुगतान किए जाने की जानकारी सामने आई है। यहां भी प्रधान और सचिव द्वारा कई रकम सीधे करीबियों के खातों में भेजे जाने के आरोप लगाए जा रहे हैं। इसके अलावा शशि इंटरप्राइजेज और तनिषा इंटरप्राइजेज नाम की फर्मों के खातों में भी लाखों रुपये का भुगतान किया गया है।दोनों पंचायतों में बड़ी मात्रा में हुई इन वित्तीय लेन-देन को लेकर ग्रामीणों में भी चर्चा का माहौल है। लोगों का कहना है कि कई जगहों पर विकास कार्य जमीनी स्तर पर दिखाई नहीं देते, जबकि भुगतान का रिकॉर्ड लाखों रुपये का दर्शाया जा रहा है।गौरतलब है कि ग्राम पंचायत बरहा और रूपपुर कृपा दोनों में पंचायत सचिव सुधीर कुमार की तैनाती है। ऐसे में एक ही सचिव के कार्यकाल में दोनों पंचायतों में हुए इन भुगतानों को लेकर सवाल उठने लगे हैं।ग्रामीणों का कहना है कि यदि जिला प्रशासन या संबंधित विभाग द्वारा पूरे मामले की निष्पक्ष और गहन जांच कराई जाती है तो विकास कार्यों के नाम पर हुए संभावित भ्रष्टाचार की सच्चाई सामने आ सकती है। फिलहाल यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# अमेठी जनपद को मिली सर्वाइकल कैंसर की वैक्सीन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा हयूमन पैपिलोमावायरस (एचपीवी) टीकाकरण अभियान शुरू किया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद अमेठी को भी एचपीवी वैक्सीन की आपूर्ति प्राप्त हो गई है। यह विशेष अभियान चौदह वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी किशोरियों के लिए चलाया जायेगा जिसके तहत उन्हें निशुल्क टीका लगाया जायेगा। यह टीकाकरण सरकार के सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत नहीं बल्कि एक विशेष राष्ट्रीय अभियान के रूप में संचालित किया जाएगा। अभियान के तहत 'गार्डासिल' नामक क्याड्रिवैलेंट एचपीवी वैक्सीन की एक खुराक दी जाएगी। यह वैक्सीन एचपीवी के टाइप सोलह और अठारह से सुरक्षा प्रदान करती है जो सर्वाइकल कैंसर के प्रमुख कारण माने जाते हैं। इसके अतिरिक्त यह टाइप छह और ग्यारह से भी बचाव करती है। विशेषज्ञों के अनुसार चौदह वर्ष की आयु में दी गई एक खुराक से लंबे समय तक मजबूत सुरक्षा मिलती है। भारत में महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर दूसरा सबसे आम कैंसर है। हर वर्ष देश में लगभग अस्सी हजार नये मामले सामने आते हैं और करीब बयालीस हजार से अधिक महिलाओं की मृत्यु इस बीमारी से हो जाती है। वैज्ञानिक अध्ययनों के अनुसार एचपीवी वैक्सीन तिरानबे से सौ प्रतिशत तक प्रभावी पाई गई है। वर्ष 2006 से अब तक दुनिया भर में इस वैक्सीन की साठ करोड़ से अधिक डोज दी जा चुकी हैं और कई देशों में टीकाकरण के कारण एचपीवी संक्रमण तथा सर्वाइकल कैंसर के मामलों में उल्लेखनीय कमी आई है। भारत अब उन एक सौ साठ देशों में शामिल हो जाएगा, जिन्होंने अपने टीकाकरण कार्यक्रम में एचपीवी वैक्सीन को शामिल किया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह ने बताया कि यह टीकाकरण पूरी तरह निःशुल्क और स्वैच्छिक होगा। इसका उद्देश्य सभी वर्गों की किशोरियों तक समान रूप से इस सुविधा को पहुंचाना है। अभियान का शुभारंभ तेरह मार्च को संयुक्त जिला चिकित्सालय गौरीगंज में किया जायेगा। यहां प्रत्येक कार्य दिवस पर सुबह दस बजे से दोपहर दो बजे तक चौदह वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी किशोरियों को उनके अभिभावकों की सहमति के बाद एचपीवी टीका लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि जनपद स्तर पर तेइस फरवरी को एचपीवी टीकाकरण को लेकर कार्यशाला भी आयोजित की जा चुकी है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. महेंद्र कुमार त्रिपाठी के अनुसार जिले में लगभग चौबीस हजार किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिये यह टीका लगाया जाएगा। शासन से वैक्सीन की आपूर्ति प्राप्त हो चुकी है और इसे कोल्ड चेन में सुरक्षित रखा गया है। उन्होंने बताया कि टीकाकरण के लिए किशोरियों का पंजीकरण कराया जाएगा। कोविड टीकाकरण की तरह इसमें भी स्लॉट बुकिंग की व्यवस्था होगी।

## जनपद में अगर एलपीजी वाहन का किया प्रयोग तो होगा सीज वाहन चालक हो जाए सावधान

पीलीभीत।सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन वीरेन्द्र सिंह द्वारा समस्त एलपीजी युक्त वाहन स्वामियों एवं वाहन चालकों को निर्देशित किया गया है कि आगामी आदेशों तक अपने एलपीजी से संचालित होने वाले वाहनों का संचालन एलपीजी के स्थान पर वैकल्पिक ईंधन पेट्रोल से किया जाए तथा किसी भी स्थिति में वाहन का संचालन एलपीजी इंधन पर न किया जाए। साथ ही घरेलू एलपीजी सिलेंडर से वाहनों में अवैध रूप से एलपीजी रिफिलिंग करने वाले तथा करवाने वाले व्यक्तियों को कड़ी चेतावनी दी जाती है कि ऐसा करते पाए जाने पर संबंधित दोनों पक्षों के विरुद्ध नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। वाहनों में अवैध रूप से एलपीजी किट लगाकर वाहन संचालित करने वाले वाहन स्वामी व चालक भी यह सुनिश्चित कर लें कि ऐसे वाहन संचालन में पाये जाने पर तत्काल प्रभाव से वाहन का पंजीयन निलम्बित कर दिया जायेगा।उक्त निर्देशों के अनुपालन हेतु परिवहन विभाग एवं पुलिस विभाग द्वारा कल से विशेष अभियान चलाया जाएगा।

# उपाधि महाविद्यालय में पहुंचे जिला विकास अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा संचालित कार्यक्रम में किया प्रतिभाग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत।उपाधि महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई द्वारा आयोजित विशेष सात दिवसीय शिविर के अंतर्गत मतदान जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय सेवा योजना के एकता गीत के साथ किया गया,इस शिविर में उपस्थित स्वयंसेविकाओं एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला विकास अधिकारी संजय कुमार द्वारा विद्यार्थियों और स्वयंसेविकाओं को संबोधित करते हुए मतदान के महत्व पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में प्रत्येक नागरिक का मतदान करना न केवल अधिकार है।बल्कि यह एक महत्वपूर्ण कर्तव्य भी है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे स्वयं मतदान करने के साथ-साथ अपने परिवार और समाज के अन्य लोगों को भी मतदान के प्रति जागरूक करें, जिससे लोकतंत्र को और अधिक सशक्त बनाया जा सके।मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के विषय में भी विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वरोजगार, महिला सशक्तिकरण तथा सामाजिक सुरक्षा से संबंधित अनेक योजनाएँ संचालित की जा रही हैं, जिनका उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक विकास के लाभ पहुँचाना है। उन्होंने इन योजनाओं का लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया और पात्रता के विषय में भी विद्यार्थियों को विस्तार से समझाया।कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर कविता कनौजिया ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों और गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को सामाजिक जागरूकता के कार्यों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि एनएसएस का उद्देश्य विद्यार्थियों में सेवा,सहयोग और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना है, ताकि वे समाज के जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बन सकें।कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य ने मुख्य अतिथि एवं सभी उपस्थित प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को सरकारी नीतियों, योजनाओं तथा लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के महत्व के बारे में पुनः विस्तारपूर्वक जानकारी दी और उन्हें समाज में जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाये महाविद्यालय के अनेक विद्यार्थी एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

## जिला अस्पताल में कार्यरत चिकित्सक की कार्यप्रणाली से खफा प्रेस क्लब ने खोला मोर्चा

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला चिकित्सालय में कार्यरत हड्डी रोग के चिकित्सक डॉ राजीव शुक्ला की अमानवीय, क्रूरतापूर्ण, असभ्य और निंदनीय कार्यप्रणाली के सम्बन्ध में प्रेस क्लब ने जिलाधिकारी अमेठी को ज्ञापन देकर अनुशासनात्मक कार्यवाही की मांग किया है। ज्ञापन की प्रति जिले के प्रभारी मंत्री, जिला पंचायत अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष भाजपा, सीएमओ व मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को भी भेजी गई है। प्रेस क्लब की ओर से आरोप लगाया गया है कि वे मरीजों और उनके तीमारदारों से दुर्व्यवहार, गाली गलौज और मारपीट तक करने के लिए मशहूर हैं। प्रेस क्लब का आरोप है कि डॉ शुक्ला सरकार की स्वास्थ्य नीति, मंशा और व्यवस्था को दर किनार कर मरीजों को बाहर से दवा खरीदने को मजबूर करते हैं। वे अस्पताल की सरकारी दवाओं को कूड़ा, करकट बताकर इनको खाने पर ठीक नहीं होने की बात करते हुए बाहर की दवा लिखते हैं। प्रेस क्लब का आरोप है कि वे सरकार की स्वास्थ्य व्यवस्था पर ही लांछन व आरोप लगाया करते हैं। श्री शुक्ला चेंबर में न बैठकर बाहर मेडिकल स्टोर पर बैठकर मरीजों का इलाज करते हैं। प्रेस क्लब के महामंत्री योगेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि जिलाधिकारी ने तत्काल मामले का संज्ञान लेते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को इस संबंध में अपनी रिपोर्ट देने के लिये निर्देश देते हुये प्रभावी अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के लिये प्रेस क्लब को आश्वस्त किया है।

## भाजपा जिला अध्यक्ष ने नगर पालिका परिषद अध्यक्ष को जन्मदिन की दी शुभकामनाएं

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल के जन्मदिन के शुभ अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने गुलदस्ता देकर उनको जन्मदिन की शुभकामनाएं दी है।नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल का जन्मदिन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ पूरे शहर पर में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया जगह जगह पर केक काटकर उनके जीवन की दीर्घायु की कामना की गई। नगर पालिका परिषद के स्टाफ और सभासदों ने उनको उपहार देकर लंबी आयु के लिए प्रार्थना की है। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल का जन्मदिन पूरे शहर में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल को नगर के विभिन्न जगह पर गुलदस्ता और विभिन्न प्रकार के उपहार देकर उनको सम्मानित भी किया हैं।

## आरएसआरडी के स्कूली बच्चों को खसरा–रूबेला से बचाव के लिए लगाया गया टीका

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। बृहस्पतिवार को नगर के रामस्वरूप रामदुलारी सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल मे सीएचसी पूरनपुर द्वारा रूबेला टीकाकरण का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा एक से पांच तक के लगभग 300 बच्चों के टीकाकरण किया गया टीकाकरण से पूर्व सभी विद्यार्थियों के अभिभावकों द्वारा अनुमति प्राप्त कर ली गई थी चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि खसरा–रूबेला उन्मूलन अभियान चला रही है इसी के तहत विद्यालयों में विशेष टीकाकरण सत्र आयोजित किए जा रहे हैं इस अभियान का उद्देश्य खसरा और रूबेला जैसी संक्रामक एवं गंभीर बीमारियों को समाप्त करना है जो बच्चों में निमोनिया, दस्त, अंधापन, बहरापन, कमजोर दिमाग और जन्मजात हृदय रोग जैसी बीमारियों का कारण बन सकती हैं टीकाकरण में वरिष्ठ कार्यालय प्रमुख हरीश,यवेंद्र,नितिन अग्रवाल,चेतन जायसवाल,पुष्पा रानी व पुस्तकालय अध्यक्ष प्रदीप अग्निहोत्री आदि उपस्थित रहे

## 9 मई को हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की जयंती

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। क्षत्रिय करणी सेना के पीलीभीत जिला अध्यक्ष ठाकुर रविन्द्र सिंह के नेतृत्व में 9 मई को महाराणा प्रताप चौक पूरनपुर में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की जयंती बहुत ही धूमधाम के साथ मनाई जाएगी पूरनपुर नगर में स्टेशन चौराहा पर स्थित महाराणा प्रताप चौक पर 9 मई को बहुत ही भव्य तरीके से महाराणा प्रताप सिंह जी की जयंती क्षत्रिय करणी सेना के सभी कार्यकर्ताओ एवं पूरनपुर नगर वासियों के साथ मिलकर मनाई जाएगी जो कि पूरनपुर नगर वासियों के लिए सौभाग्य की बात है की महाराणा प्रताप चौक पर वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की जयंती मनाई जाएगी और इससे युवाओं को बहुत कुछ सीखने का भी सौभाग्य प्राप्त होगा झुके नहीं वह मुगलों से अनुबंधों को ठुकरा डाला मातृभूमि की भक्ति का नया प्रतिमान बना डाला ऐसे वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की जयंती को सभी पूरनपुर नगर वासियों एवं क्षेत्र वासियों को बडी धूमधाम के साथ मनाना चाहिए द्य और क्षत्रिय करणी सेना के जिला अध्यक्ष ठाकुर रविन्द्र सिंह ने आने वाली 9 मई को समस्त हिंदू समाज से आग्रह किया है की सभी लोग अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की जयंती के कार्यक्रम को भव्य और सफल बनाने में मदद करें।

## एक जमीन, दो शपथ पत्र! एसडीएम कोर्ट ने पूछा आखिर सच कौन सा?

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिले के एसडीएम सदर न्यायालय में एक दिलचस्प मामला सामने आया है जहां एक ही प्रकरण में दो अलग–अलग शपथ पत्र दाखिल होने से सवाल खड़े हो गए हैं। मामला पूर्व कोषाधिकारी आत्माराम मिश्रा के पुत्र पशुपतिनाथ मिश्रा से जुड़ा है जिनसे ैक्ड ने एक हफ्ते के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है। दरअसल वर्ष 1997 में स्वीकृत भवन मानचित्र संख्या 292/97 के साथ दिए गए शपथ पत्र में भूखंड का क्षेत्रफल 126.48 वर्ग मीटर बताया गया था। लेकिन समय का पहिया घूमते–घूमते जब मामला 22 जुलाई 2023 को नए मानचित्र संख्या 392/23 तक पहुंचा तो उसी जमीन का क्षेत्रफल बढ़कर 157.20 वर्ग मीटर हो गया। अब सवाल यह है कि आखिर जमीन बढ़ी, नाप बदल गई या फिर शपथ पत्र की स्याही ने ही चमत्कार कर दिया? यही पहेली सुलझाने के लिए ैक्ड सदर ने पशुपतिनाथ मिश्रा से एक सप्ताह के भीतर स्पष्ट जवाब मांगा है। नोटिस में साफ कहा गया है कि तय समय में संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं मिला तो मामला केवल कागजों तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि विधिक कार्रवाई का रास्ता भी खुल सकता है। फिलहाल निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि आखिर सच किस शपथ पत्र में छिपा है. 1997 वाले में या 2023 वाले में।

## नजूल ज़मीन पर नक्शा पास का खेल

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर में इन दिनों नजूल ज़मीनों पर निर्माण का खेल ज़ोरों पर है। हैरानी की बात यह है कि जिन ज़मीनों पर नियमों के अनुसार नक्शा पास ही नहीं हो सकता वहीं नक्शा जमा कर एसडीएम और जेई की स्वीकृति लेकर धड़ल्ले से निर्माण खड़ा किया जा रहा है। सूत्रों की पुख्ता मानें तो इस नक्शा पास की कहानी में काग़ज़ कम और सौदे ज़्यादा चल रहे हैं। कहा जा रहा है कि मोटा लेन–देन होने के बाद ही ये निर्माण इतने बेख़ौफ़ अंदाज़ में आगे बढ़ रहे हैं। गोपालदास पुल के निकट, यशराज ज्वेलर्स के बगल और रुद्रनगर क्षेत्र में चल रहे कुछ निर्माण खास तौर पर संदेह के घेरे में बताए जा रहे हैं। सवाल यह है कि जब नियम साफ कहते हैं कि नजूल ज़मीन पर नक्शा पास नहीं हो सकता तो फिर ये मंजूरी किस जादुई कलम से मिल गई?

# डाक विभाग की योजनाओं के अधिक से अधिक खाते खोलने का निर्देश




कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। गुरुवार को नगर के रामनरेश त्रिपाठी सभागार में आयोजित बैठक में डाक मंडल की निदेशक प्रीति अग्रवाल ने संयुक्त जिले अमेठी-सुल्तानपुर के सभी शाखा डाकपालों को डाक विभाग की जनहितकारी योजनाओं के अधिक से अधिक खाते खोलने के लिए अभियान चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि डाक विभाग की योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाना सभी कर्मचारियों की जिम्मेदारी है और इसके लिए विभाग की ओर से हर संभव सहयोग दिया जाएगा। निदेशक प्रीति अग्रवाल ने बताया कि जिस प्रकार सभी कर्मियों ने मिलकर पूरे प्रदेश में डाक जीवन बीमा में सुल्तानपुर डिवीजन को अग्रणी स्थान दिलाया है, उसी प्रकार अन्य सभी योजनाओं को भी प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाना होगा। उन्होंने कहा कि इस सफलता में अधीक्षक राजेश तिवारी तथा सभी निरीक्षकों और कर्मचारियों की कड़ी मेहनत का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। बैठक के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को बधाई देते हुए उन्होंने भविष्य में भी इसी प्रकार बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

# रजनपुर में आयोजित होली मिलन समारोह में शिरकत करेंगी नामचीन हस्तियां

कैनविज टाइम्स संवाददाता



तिलोई अमेठी । विकास क्षेत्र तिलोई के गांव रजनपुर में आगामी पन्द्रह मार्च को भव्य होली मिलन समारोह आयोजित किया गया है जिसमें राष्ट्रीय स्तर के कलाकार मंचीय प्रस्तुति देंगे। इस होली मिलन समारोह पर सांस्कृतिक आयोजन एवं संगीत की प्रस्तुति से इलाका सराबोर रहेगा।कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये तैयारियां युद्व स्तर पर जारी है। होली मिलन समारोह के आयोजक समाज सेवी रोहित सिंह ने बताया कि इस भव्य होली मिलन समारोह में मुम्बई के प्रसिद्ध कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से माहौल को उत्सवमय बनायेंगे। उन्होंने बताया कि होली मिलन समारोह में मशहूर गायक हेमंत बृजवासी और लोकप्रिय गायिका विनती सिंह द्वारा अपने गीत संगीत से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया जायेगा। इसके साथ ही बालीवुड और सूफी संगीत की शानदार प्रस्तुतियां भी होंगी।कार्यक्रम में फितूर बैंड विशेष आकर्षण रहेगा जो अपने जोशीले लाइव परफॉर्मेंस से दर्शकों को झूमने पर मजबूर करेगा। समाज सेवी रोहित सिंह ने बताया कि होली पर आयोजित यह कार्यक्रम क्षेत्र के लोगों के लिये आपसी प्रेम, भाईचारा और सांस्कृतिक एकता का संदेश देगा।उन्होंने क्षेत्र के करीब चार हजार लोगों को कार्यक्रम में शिरकत करने का आमंत्रण दिया गया है। इस भव्य होली मिलन समारोह को लेकर स्थानीय लोगों में गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये तैयारियां युद्व स्तर पर जारी है। इस मौके पर राजीव सिंह,मनीष सिंह, शिवम सिंह, रोमिक सिंह, दुर्योधन सिंह, दिनेश कुमार सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

# करौदीकला–रवनिया मार्ग निर्माण में अनियमितता का आरोप

## आधी–अधूरी सड़क से बढ़ रही दुर्घटनाएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। करौदीकला से रवनिया तक बनने वाले सड़क मार्ग के निर्माण कार्य में गंभीर अनियमितताओं का मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस मार्ग के निर्माण हेतु सरकार द्वारा कई करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए तथा भुगतान भी कर दिया गया, लेकिन सड़क का निर्माण कार्य अभी तक पूर्ण नहीं कराया गया है।

ग्रामीणों के अनुसार सड़क कई स्थानों पर अधूरी छोड़ दी गई है तथा जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बने हुए हैं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। खराब सड़क के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होने की भी शिकायत सामने आ रही है, जिससे स्थानीय जनता में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का भी अभाव दिखाई दे रहा है और कई स्थानों पर सड़क की हालत अत्यंत दयनीय बनी हुई है। लोगों ने मांग की है कि शासन और संबंधित विभाग इस मामले का संज्ञान लेकर सड़क निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच कराए तथा दोषी ठेकेदार और जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई सुनिश्चित करे। स्थानीय नागरिकों ने यह भी कहा कि सड़क मार्ग क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए इसका शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराया जाना आवश्यक है, ताकि लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

# केश कुमारी की छात्राओं का एक दिवसीय एक्सपोजर विजिट संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। पीएम श्री केश कुमारी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, सुल्तानपुर की छात्राओं को शैक्षिक एवं व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करने के उद्देश्य से एक दिवसीय एक्सपोजर विजिट पर आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज, अयोध्या ले जाया गया। जिला समन्वयक अखिलेश कुमार पांडे समग्र शिक्षा सुल्तानपुर एवं विद्यालय की प्रधानाचार्या पल्लवी सिंह ने हरी झंडी दिखाकर अध्ययन यात्रा को रवाना किया। अध्ययन यात्रा प्रभारी डॉ दीपा द्विवेदी, सह यात्रा प्रभारी अंजना सिंह, डॉ बबिता जैन, सीमा यादव, शालिनी सिंह, साधना त्रिपाठी, पुष्प लता, सुमन, खुशबू मौर्या, विमला शर्मा, अलका सिंह, लाल चन्द्र यादव एवं रुक्मिणी छात्राओं के साथ उनकी देखरेख में गईं। इस अवसर पर छात्राओं ने विश्वविद्यालय के विभिन्न कृषि अनुसंधान केंद्रों, प्रयोगशालाओं तथा फसलों के प्रायोगिक खेतों का अवलोकन किया। विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों ने छात्राओं को आधुनिक कृषि तकनीकों, उन्नत बीजों, जैविक खेती, फल-सब्जी उत्पादन तथा कृषि से जुड़े नए नवाचारों के बारे में जानकारी दी। भ्रमण के दौरान छात्राओं ने कृषि यंत्रों, पशुपालन, बागवानी एवं वैज्ञानिक पद्धतियों से की जा रही खेती को नजदीक से देखा और उनसे संबंधित कई जिज्ञासा का समाधान भी प्राप्त किया। इस शैक्षिक भ्रमण से छात्राओं को कृषि विज्ञान, पर्यावरण संरक्षण तथा ग्रामीण विकास के क्षेत्र में नई जानकारी और प्रेरणा मिली।

## सम्पादकीय

# विकास के सफर में सूक्ष्मजीव का साथ

जब हम विकास और प्रगति की बात करते हैं तो अक्सर बड़ी तकनीकों, उद्योगों और वैज्ञानिक खोजों का जिक्र करते हैं। लेकिन इस विकास यात्रा में एक ऐसा अदृश्य साथी भी है, जिसका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है–सूक्ष्मजीव। ये इतने छोटे होते हैं कि इन्हें केवल सूक्ष्मदर्शी से ही देखा जा सकता है, फिर भी इनका प्रभाव पृथ्वी के जीवन, पर्यावरण और मानव सभ्यता पर गहरा है। सूक्ष्मजीव वे जीव होते हैं जो अत्यंत छोटे आकार के होते हैं, जैसे बैक्टीरिया, कवक, शैवाल और कुछ प्रकार के प्रोटोजोआ। ये मिट्टी, पानी, हवा, पौधों और मनुष्य के शरीर तक हर जगह पाए जाते हैं। हालाँकि कुछ सूक्ष्मजीव बीमारियाँ फैलाते हैं, लेकिन अधिकांश सूक्ष्मजीव मानव जीवन और प्रकृति के लिए अत्यंत उपयोगी होते हैं। कृषि क्षेत्र में सूक्ष्मजीवों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। मिट्टी में रहने वाले सूक्ष्मजीव पौधों के लिए आवश्यक पोषक तत्वों को उपलब्ध कराने में मदद करते हैं। उदाहरण के लिए, नाइट्रोजन स्थिरीकरण की प्रक्रिया के माध्यम से कुछ बैक्टीरिया वायुमंडल की नाइट्रोजन को पौधों के उपयोग योग्य रूप में बदल देते हैं। इसी तरह जैव उर्वरक और जैव कीटनाशक भी सूक्ष्मजीवों की सहायता से बनाए जाते हैं, जिससे खेती अधिक टिकाऊ और पर्यावरण-अनुकूल बनती है। सूक्ष्मजीव खाद्य और औद्योगिक उत्पादन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। दही, पनीर, सिरका और कई प्रकार के किण्वित खाद्य पदार्थ सूक्ष्मजीवों की मदद से बनते हैं। इस प्रक्रिया को किण्वन कहा जाता है। औषधि उद्योग में भी सूक्ष्मजीवों का उपयोग होता है। कई प्रकार की एंटीबायोटिक दवाएँ, एंजाइम और विटामिन सूक्ष्मजीवों की सहायता से तैयार किए जाते हैं। पर्यावरण की सफाई और संतुलन बनाए रखने में भी सूक्ष्मजीव महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे मृत पौधों और जीवों को विघटित करके पोषक तत्वों को फिर से प्रकृति में लौटाते हैं। इस प्रक्रिया को जैविक निम्नीकरण कहा जाता है। आजकल वैज्ञानिक प्रदूषण कम करने के लिए भी सूक्ष्मजीवों का उपयोग कर रहे हैं। तेल रिसाव, औद्योगिक कचरे और प्लास्टिक के अपघटन में सूक्ष्मजीवों की भूमिका पर लगातार शोध चल रहा है। मानव शरीर में भी अरबों सूक्ष्मजीव रहते हैं, जिन्हें सामूहिक रूप से मानव माइक्रोबायोम कहा जाता है। ये पाचन, रोग प्रतिरोधक क्षमता और कई शारीरिक प्रक्रियाओं में मदद करते हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि सूक्ष्मजीव केवल बाहरी दुनिया में ही नहीं, बल्कि हमारे शरीर के भीतर भी हमारे सहयोगी हैं। सूक्ष्मजीव भले ही आँखों से दिखाई न दें, लेकिन विकास और जीवन की पूरी प्रक्रिया में उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। कृषि, उद्योग, स्वास्थ्य और पर्यावरण–हर क्षेत्र में सूक्ष्मजीव मानवता के विकास के अदृश्य साथी हैं। भविष्य में जब विज्ञान और तकनीक आगे बढ़ेगी, तब सूक्ष्मजीवों के उपयोग से नई खोजें और समाधान सामने आएँगे। इसलिए यह कहना गलत नहीं होगा कि मानव विकास की यात्रा में सूक्ष्मजीव हमारे मौन लेकिन शक्तिशाली सहयोगी हैं।

सूक्ष्मजीव वे जीव होते हैं जो अत्यंत छोटे आकार के होते हैं, जैसे बैक्टीरिया, कवक, शैवाल और कुछ प्रकार के प्रोटोजोआ। ये मिट्टी, पानी, हवा, पौधों और मनुष्य के शरीर तक हर जगह पाए जाते हैं। हालाँकि कुछ सूक्ष्मजीव बीमारियाँ फैलाते हैं, लेकिन अधिकांश सूक्ष्मजीव मानव जीवन और प्रकृति के लिए अत्यंत उपयोगी होते हैं। कृषि क्षेत्र में सूक्ष्मजीवों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# अंतरराष्ट्रीय संदर्भ, वैश्विक व्यापार चुनौतियां और भारत की रणनीति

अमेरिका में 20 जनवरी, 2025 को डोनाल्ड ट्रम्प के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने के बाद वैश्विक आर्थिक और व्यापारिक व्यवस्था में उल्लेखनीय परिवर्तन देखने को मिले। ट्रम्प ने मेक अमेरिका ग्रेट अगेन के नारे के साथ अमेरिकी उद्योग और विनिर्माण को पुनर्जीवित करने की नीति अपनाई। इसी उद्देश्य से उन्होंने विभिन्न देशों से अमेरिका को होने वाले आयात पर भारी टैरिफ लगाने की रणनीति अपनाई। उनका मानना था कि यदि विदेशी उत्पादों पर अधिक शुल्क लगाया जाएगा तो बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ अमेरिका में ही उत्पादन शुरू करेंगी और इससे अमेरिकी उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। यह नीति अत्यंत आक्रामक रूप से लागू की गई, जिसके कारण वैश्विक व्यापार वातावरण में अस्थिरता और अनिश्चितता पैदा हो गई। विशेष रूप से चीन जैसे देशों से आने वाले उत्पादों पर 500 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने की घोषणा ने अंतरराष्ट्रीय व्यापार जगत को हिला दिया। इसके अलावा अन्य देशों को भी ऐसे कदमों की चेतावनी दी गई, जिससे वैश्विक आर्थिक संबंधों में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। भारत भी इस नीति से अछूता नहीं रहा। अमेरिका ने भारत से आयातित कई उत्पादों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया। इसके अतिरिक्त 25 प्रतिशत का अतिरिक्त टैरिफ इस आधार पर लगाया गया कि भारत रूस से कच्चे तेल का आयात करता है और उसे प्रसंस्कृत कर यूरोपीय देशों को पेट्रोल और डीजल के रूप में निर्यात करता है। अमेरिकी प्रशासन का तर्क था कि भारत द्वारा रूस से तेल खरीदना अप्रत्यक्ष रूप से रूस-यूक्रेन युद्ध को आर्थिक समर्थन देना है। परिणामस्वरूप 27 अगस्त 2025 से भारत के अमेरिका को होने वाले निर्यात पर कुल 50 प्रतिशत टैरिफ लागू कर दिया गया। इस निर्णय का भारत की अर्थव्यवस्था पर तत्काल प्रभाव पड़ा। भारतीय पूंजी बाजार में अस्थिरता बढ़ गई और विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय बाजारों से अपना निवेश निकालना शुरू कर दिया। इससे शेयर बाजार में गिरावट आई और विदेशी मुद्रा प्रवाह पर भी दबाव बढ़ा। चूँकि अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार रहा है और भारत के निर्यात में उसकी महत्वपूर्ण हिस्सेदारी है, इसलिए यह कदम भारत के विदेशी व्यापार के लिए एक बड़ी चुनौती बनकर सामने आया। ट्रम्प प्रशासन की नीतियाँ केवल व्यापार तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि उनमें साम्राज्यवादी सोच के संकेत भी दिखाई दिए। उदाहरण के तौर पर वेनेजुएला के राष्ट्रपति को गिरफ्तार कर अमेरिका में मुकदमा चलाने की घटना ने वैश्विक राजनीति में नई बहस छेड़ दी। अमेरिका की नजर वेनेजुएला के विशाल तेल भंडार पर मानी जा रही है। इसके अलावा डेनमार्क के अधीन ग्रीनलैंड द्वीप पर भी अमेरिका ने अपना प्रभाव स्थापित करने की इच्छा जताई। इसी प्रकार मेक्सिको, क्यूबा और ईरान जैसे देशों को भी विभिन्न प्रकार की चेतावनियाँ दी गईं। इन घटनाओं ने वैश्विक स्तर पर राजनीतिक और आर्थिक संबंधों में तनाव की स्थिति पैदा कर दी। भारत और अमेरिका के संबंधों पर भी इसका प्रभाव पड़ा, लेकिन भारत ने इस चुनौती का सामना करने के लिए त्वरित और व्यावहारिक रणनीति अपनाई। सरकार ने वैकल्पिक बाजारों की तलाश शुरू की और कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते करने की दिशा में तेजी से कदम उठाए। भारत ने विशेष रूप से उन क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया जो अमेरिका को निर्यात पर अधिक निर्भर थे, जैसे वस्त्र एवं परिधान, जेम्स एवं ज्वेलरी, समुद्री उत्पाद, खिलौना उद्योग और चमड़ा उद्योग। ये सभी श्रम आधारित उद्योग हैं और इनमें बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार मिलता है। यदि इन क्षेत्रों के निर्यात पर बड़ा झटका लगता तो देश में बेरोजगारी की समस्या गंभीर रूप ले सकती थी। इसलिए भारत ने रूस, चीन, जापान, ऑस्ट्रेलिया और यूरोपीय देशों सहित कई नए बाजारों में इन उत्पादों का निर्यात बढ़ाने का प्रयास किया। वर्ष 2025 में भारत ने वैश्विक व्यापार परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण मुक्त व्यापार समझौतों को अंतिम रूप देने की दिशा में सक्रिय प्रयास किए। वर्ष के अंत तक भारत ने यूनाइटेड किंगडम, ओमान और न्यूजीलैंड के साथ महत्वपूर्ण समझौते किए।

ट्रम्प ने मेक अमेरिका ग्रेट अगेन के नारे के साथ अमेरिकी उद्योग और विनिर्माण को पुनर्जीवित करने की नीति अपनाई। इसी उद्देश्य से उन्होंने विभिन्न देशों से अमेरिका को होने वाले आयात पर भारी टैरिफ लगाने की रणनीति अपनाई। उनका मानना था कि यदि विदेशी उत्पादों पर अधिक शुल्क लगाया जाएगा तो बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ अमेरिका में ही उत्पादन शुरू करेंगी और इससे अमेरिकी उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। यह नीति अत्यंत आक्रामक रूप से लागू की गई, जिसके कारण वैश्विक व्यापार वातावरण में अस्थिरता और अनिश्चितता पैदा हो गई। विशेष रूप से चीन जैसे देशों से आने वाले उत्पादों पर 500 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने की घोषणा ने अंतरराष्ट्रीय व्यापार जगत को हिला दिया। इसके अलावा अन्य देशों को भी ऐसे कदमों की चेतावनी दी गई, जिससे वैश्विक आर्थिक संबंधों में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। भारत भी इस नीति से अछूता नहीं रहा। अमेरिका ने भारत से आयातित कई उत्पादों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया। इसके अतिरिक्त 25 प्रतिशत का अतिरिक्त टैरिफ इस आधार पर लगाया गया कि भारत रूस से कच्चे तेल का आयात करता है और उसे प्रसंस्कृत कर यूरोपीय देशों को पेट्रोल और डीजल के रूप में निर्यात करता है।



इसके साथ ही अफ्रीकी और लैटिन अमेरिकी देशों के साथ भी व्यापारिक सहयोग को मजबूत करने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई। इन प्रयासों का सकारात्मक परिणाम यह रहा कि नवंबर और दिसंबर 2025 के दौरान भारत के निर्यात में वृद्धि दर बनाए रखने में सफलता मिली, जबकि सितंबर और अक्टूबर के महीनों में अमेरिकी बाजार में टैरिफ के कारण कुछ गिरावट देखी गई थी। भारत की व्यापारिक रणनीति का सबसे बड़ा कदम 27 जनवरी 2026 को सामने आया, जब भारत और यूरोपीय संघ के 27 सदस्य देशों के बीच एक ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौता संपन्न हुआ। लगभग 18 वर्षों की लंबी वार्ताओं के बाद यह समझौता संभव हो पाया। इसकी व्यापकता और महत्व को देखते हुए इसे मदर ऑफ ऑल डील्स कहा जा रहा है। इस समझौते से भारत के निर्यात को एक विशाल और स्थिर बाजार मिलने की संभावना है। इसके अतिरिक्त कनाडा के राष्ट्रपति के मार्च 2026 में भारत आने की संभावना भी जताई जा रही है, जिसके दौरान कुछ क्षेत्रों में मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिया जा सकता है। भारत द्वारा विभिन्न देशों के साथ किए जा रहे मुक्त व्यापार समझौतों से विश्व समुदाय में सकारात्मक संदेश गया है। भारत वसुधैव कुटुम्बकम की भावना के साथ वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देने की दिशा में कार्य कर रहा है। इन समझौतों से संबंधित देशों की अर्थव्यवस्था को भी लाभ मिलने की संभावना है, क्योंकि व्यापार में वृद्धि से आर्थिक विकास और रोजगार के अवसर बढ़ते हैं। इसके परिणामस्वरूप कई देशों का भारत के प्रति दृष्टिकोण भी सकारात्मक हुआ है और वे भारत को एक विश्वसनीय और उभरती हुई आर्थिक शक्ति के रूप में देखने लगे हैं। हालांकि इन सकारात्मक पहलुओं के बावजूद भारत के सामने कुछ चुनौतियाँ भी हैं। इनमें सबसे महत्वपूर्ण समस्या भारतीय रुपये का अमेरिकी डॉलर के मुकाबले लगातार कमजोर होना है। हाल के समय में एक अमेरिकी डॉलर की कीमत 92 रुपये से अधिक हो गई है और वर्ष 2025 में रुपये का लगभग 5 से 6 प्रतिशत अवमूल्यन हुआ है। इसका मुख्य कारण विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा भारतीय पूंजी बाजार से निवेश निकालना है, जिससे डॉलर का बाहरी प्रवाह बढ़ गया है। इस समस्या से निपटने के लिए भारत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को बढ़ाने और निर्यात को प्रोत्साहित करने की नीति अपना रहा है। यदि भारत निर्यात और विदेशी निवेश दोनों क्षेत्रों में वृद्धि करने में सफल होता है तो विदेशी मुद्रा भंडार मजबूत होगा और रुपये पर दबाव कम किया जा सकेगा। समग्र रूप से देखा जाए तो ट्रम्प प्रशासन की आक्रामक व्यापारिक नीतियों ने वैश्विक आर्थिक व्यवस्था में अस्थिरता पैदा की है, लेकिन भारत ने इन चुनौतियों का सामना व्यावहारिक और संतुलित रणनीति से करने का प्रयास किया है। आत्मनिर्भरता, मुक्त व्यापार समझौतों का विस्तार, नए बाजारों की खोज और युवा शक्ति का विकास भारत की प्रमुख रणनीतियाँ हैं। यदि भारत इन क्षेत्रों में निरंतर प्रगति करता है तो वह न केवल अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सकेगा बल्कि वैश्विक स्तर पर स्थिरता और सहयोग का एक महत्वपूर्ण केंद्र भी बन सकता है। **–प्रहलाद सबनानी**

# गैस किल्लत के वैश्विक संकट से यूपी भी बुरी तरह प्रभावित

**संजय सक्सेना**

उत्तर प्रदेश में इस समय गैस का गंभीर संकट चल रहा है। ईरान और इजरायल के बीच युद्ध के कारण वैश्विक आपूर्ति बाधित हो गई है, जिससे लाखों परिवारों की रसोई प्रभावित हो रही है। संकट की शुरुआत फरवरी के अंत से उत्तर प्रदेश के कई जिलों में रसोई गैस सिलेंडर की कमी शुरू हो गई। लखनऊ, कानपुर, नोएडा, प्रयागराज और गोरखपुर जैसे शहरों में एजेंसियों पर लंबी कतारें लगने लगीं।राज्य में करीब चार करोड़ घरेलू कनेक्शन हैं, जिनकी दैनिक खपत पांच से छह लाख सिलेंडर है, लेकिन आपूर्ति घटकर सामान्य से कम रह गई।इस संकट से सबसे ज्यादा गरीब और उज्ज्वला योजना के लाभार्थी प्रभावित हो रहे हैं। लखनऊ की झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाली राधा देवी को दस दिन से सिलेंडर नहीं मिला। उन्हें लकड़ी जलाकर खाना बनाना पड़ रहा है, जिससे धुआं बीमारियों को न्योता दे रहा।बस्ती जिले में महिलाएं सुबह चार बजे से एजेंसी के बाहर लाइन में खड़ी रहती हैं, लेकिन खाली हाथ लौट जाती हैं। उज्ज्वला के करीब डेढ़ करोड़ लाभार्थी पहले से ही आधार लिंकिंग की समस्या से जूझ रहे थे, अब संकट ने उनकी मुश्किलें दोगुनी कर दीं।छोटे व्यापारियों का दर्द अलग है.रेस्टोरेंट, ढाबे और स्ट्रीट फूड विक्रेता भी गंभीर संकट में हैं। लखनऊ के हजरतगंज में चाट बेचने वाले रामू कहते हैं कि गैस न मिलने से उनका कारोबार ठप हो गया। वे कोयले की भट्टी जला रहे हैं, लेकिन ग्राहक कम हो गए। मुजफ्फरनगर के होटल संचालक बताते हैं कि व्यावसायिक सिलेंडर बंद होने से प्लांट ठप हैं। टिफिन सेवाएं बंद हो गईं, जिससे छात्रों को भोजन की तलाश में भटकना पड़ रहा है।कई जगह कालाबाजारी शुरू हो गई है। बरेली में घरेलू सिलेंडर दो हजार पांच सौ से तीन हजार रुपये में बिक रहे हैं कानपुर और नोएडा में गोदामों पर छापे पड़े, जमाखोरी पकड़ी गई। अमीर लोग पैसे देकर आसानी से सिलेंडर खरीद लेते हैं, जबकि गरीब लाइनों में सड़ रहे।अमीरों को कोई खास दिक्कत नहीं धनी वर्ग को ज्यादा परेशानी नहीं हो रही। वे काला बाजार से या अतिरिक्त स्टॉक रखकर काम चला रहे हैं। लखनऊ के पॉश इलाकों में बड़े घरों में इंडक्शन या अतिरिक्त सिलेंडर उपलब्ध हैं। कुछ व्यापारी तो व्यावसायिक सिलेंडर घरेलू उपयोग में बदलकर बेच रहे, जिससे पैसे वालों को राहत मिल रही।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस कालाबाजारी पर सख्त निर्देश दिए। पूरे राज्य में छापेमारी तेज हो गई। तेल कंपनियां पर्याप्त स्टॉक होने का दावा कर रही हैं, लेकिन जमीनी हकीकत अलग है। टोल फ्री नंबर पर शिकायत दर्ज करने की अपील की जा रही, लेकिन प्रभावित परिवारों के उदाहरण अलग हैं.लखनऊ की सरिता को पांच दिन से गैस नहीं मिली। बच्चे भूखे सोते हैं। गोरखपुर में एक विधवा को पड़ोसियों से उधार लेना पड़ रहा। प्रयागराज के स्ट्रीट वेंडर ने कारोबार बंद कर दिया। दूसरी ओर, अमीर कॉलोनी में रहने वाले बिजनेसमैन ने कालाबाजार से सिलेंडर मंगवा लिया।भविष्य की चिंता संकट कब खत्म होगा, स्पष्ट नहीं। वैश्विक युद्ध लंबा खिंच सकता है। परिवार चूल्हा जलाने को मजबूर हैं, स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा.सरकार को आपूर्ति बढ़ानी होगी ताकि गरीबों को राहत मिले।

संकट की शुरुआत फरवरी के अंत से उत्तर प्रदेश के कई जिलों में रसोई गैस सिलेंडर की कमी शुरू हो गई। लखनऊ, कानपुर, नोएडा, प्रयागराज और गोरखपुर जैसे शहरों में एजेंसियों पर लंबी कतारें लगने लगीं।राज्य में करीब चार करोड़ घरेलू कनेक्शन हैं, जिनकी दैनिक खपत पांच से छह लाख सिलेंडर है, लेकिन आपूर्ति घटकर सामान्य से कम रह गई।इस संकट से सबसे ज्यादा गरीब और उज्ज्वला योजना के लाभार्थी प्रभावित हो रहे हैं।

## सेहत मंत्र

# सुबह खाली पेट दो लौंग चबाने से मिलते हैं जबर्दस्त फायदे

आयुर्वेद में अनेक दवाएं हैं जो कई स्वास्थ्य समस्याओं को दूर कर सकती हैं। लौंग उनमें से एक है। अगर आप लौंग के फायदे जानेंगे तो हैरान रह जाएंगे। यह आयुर्वेदिक जड़ी बूटी कई बीमारियों को खत्म करके स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद मानी जाती है। बदलते मौसम से होने वाली बीमारियों से खुद को बचाने के लिए लौंग किसी रामबाण से कम नहीं है। पेट की समस्याओं के लिए लौंग बहुत फायदेमंद माना जाता है। अगर आपको सुबह पेट साफ न होने की समस्या है, तो सुबह की शुरुआत लौंग चबाकर करें, जिससे आपकी समस्या काफी हद तक दूर हो जाएगी। कई लोग लौंग का इस्तेमाल सांसों की बदबू को दूर करने के लिए भी करते हैं। लौंग में भरपूर मात्रा में प्रोटीन, कैल्शियम, फॉस्फोरस, पोटैशियम, आयरन, कार्बोहाइड्रेट, सोडियम और हाइड्रोक्लोरिक एसिड पाया जाता है। साथ ही साथ इसमें विटामिन सी, फाइबर, मैंगनीज, एंटी-ऑक्सिडेंट और विटामिन-के की भरपूर मात्रा होती है। लौंग में विटामिन सी और कुछ एंटी-ऑक्सीडेंट होते हैं, जो शरीर में सफ़ेद रक्त कोशिकाओं को बढ़ाने के लिए अच्छे जाने जाते हैं। यह आपके शरीर को किसी भी संक्रमण या बीमारियों से लड़ने में मदद करता है। सुबह लौंग का सेवन आपको पाचन संबंधी या किसी भी समस्या को ठीक करने में मदद कर सकता है। लौंग पाचन एंज़ाइमों के स्राव को बढ़ाती है, जो कब्ज और अपच जैसे पाचन संबंधी अनेक विकारों को रोकता है। लौंग में फाइबर भरा होता है जो आपके पाचन स्वास्थ्य के लिए अच्छा होता है। आपका जिगर शरीर को डिटॉक्स करता है और आपके द्वारा उपभोग की जाने वाली दवाओं को मेटाबोलाइज़ करता है। अपने जिगर के कामकाज में सुधार करने के लिए आपको रोजाना लौंग खाना चाहिए। लौंग में यूजेनॉल होता है, जो लिवर फंक्शन को बेहतर बनाने के लिए जाना जाता है।

## धर्म मंत्र

# आस्था, आरोग्य के साथ ही तुलसी की कृपा से 'लक्ष्मी' हो सकती हैं मेहरबान

तुलसी प्राचीन काल से हमारे आंगन की शोभा रही है। इसका धार्मिक और औषधीय महत्व तो है ही, यह आमदनी का बेहतर जरिया भी बन सकती है। तुलसी की खेती कर सहजता से कम अवधि में ज्यादा मुनाफा कमा सकते हैं। लखनऊ स्थित केन्द्रीय औषधीय एवं सगंध पौधा संस्थान (सीमैप) के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. संजय कुमार ने रविवार को 'हिन्दुस्थान समाचार' से बातचीत में कहा कि तुलसी की खेती किसानों की आय बढ़ाने में सहायक हो सकती है। औषधीय खेती में भारत ने दुनिया में अलग पहचान बनाई है। यहां के औषधियों की मांग चीन, अमेरिका सहित अरब देशों में है। वैसे तो तुलसी की कई प्रजातियां हैं, लेकिन बाजार में बबुई और श्यामा तुलसी की मांग अधिक रहती है। डॉ. संजय के मुताबिक बबुई तुलसी का अधिकतर उपयोग तेल बनाने के लिए किया जाता है। इसका तेल बाजार में 800 से 1000 रुपये प्रति लीटर तक बिकता है। एक एकड़ में अगर बबुई तुलसी लगाई जाए तो इससे लगभग 40 लीटर तेल प्राप्त किया जा सकता है। किसान अगर एक एकड़ में श्यामा तुलसी लगाता है तो उसको चार से पांच महीने में सात से आठ क्विंटल सूखी पत्तियां मिल जाती हैं। एक किलो सूखी पत्ती का बाजार में 70 से 90 रुपया प्रति किलो तक मिल जाता है। इन पत्तियों को दिल्ली का खारी बावली बाजार और मथुरा में अच्छे रेट मिल जाते हैं। उन्होंने बताया कि सीमैप किसानों को तुलसी की खेती करने के लिए प्रेरित करता है।

## पर्यटन



# अगर आपने कसौली में गोरखा किला नहीं घूमा तो क्या घूमा?

कसौली एक उत्तम पर्वतीय स्थल है जो हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले में स्थित है। यह ब्रिटिश राज के दौरान एक औपनिवेशिक हिल स्टेशन के रूप में स्थापित एक छावनी और कस्बा है और इसका उपयोग अंग्रेजों द्वारा समर्स रिटीट के रूप में किया जाता था। कसौली हिमालय पर्वतमाला के निचले किनारों पर स्थित है और देवदार और देवदार के पेड़ों और कई जड़ी बूटियों के घने जंगलों से घिरा हुआ है। कसौली में घूमने के लिए कई अद्भुत स्थान हैं। यहां पर आप अंग्रेजों के शासन के दौरान की कई विक्टोरियन?युग की इमारतें भी देख सकते हैं, जिनका उपयोग अंग्रेज करते थे। कसौली में जाने के लिए सबसे प्रसिद्ध स्थानों में से एक है मंकी प्वाइंट। किंवदंती है कि भगवान हनुमान ने रामायण में भगवान राम के छोटे भाई लक्ष्मण के लिए औषधीय जड़ी बूटी की खोज करते हुए यहां अपना पैर रखा था। अपने नाम के अर्थ को पूरा करते हुए आप यहां पर काफी बंदर देख सकते हैं। इसके अलावा, आप यहां स्थित वायु सेना स्टेशन भी देख सकते हैं। मंकी पॉइंट आपको कसौली के परिदृश्य के अद्भुत दृश्य भी प्रदान करता है। हर दूसरे हिल स्टेशन की तरह, कसौली में भी एक मॉल रोड है जहाँ आप कपड़े, चंकी ज्वैलरी की खरीदारी कर सकते हैं, कुछ मनोरम स्ट्रीट फूड का आनंद ले सकते हैं या बस जगह के खूबसूरत दृश्य का आनंद ले सकते हैं। मॉल रोड कसौली के सबसे बिजी प्लेसेस में से एक है। जब कसौली के पर्यटन स्थलों की बात आती है, तो गोरखा किला एक बेहद दिलचस्प स्थल है जिसे हर किसी को अपनी ट्रेवल लिस्ट में जरूर रखना चाहिए। सुबाथु पहाड़ी में कसौली से 16 किमी दूर स्थित, गोरखा किले की स्थापना गोरखा सेना प्रमुख अमर सिंह थापा ने अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने के लिए की थी। किले में 180 साल पुरानी तोपें हैं और यह आज के इतिहास के शौकीनों और पर्यटकों के लिए एक प्रमुख आकर्षण है।

# रसोई गैस के लिए हाहाकार, बंदी के कगार पर उद्यम

## रा.स.घाट में केवाईसी के नाम पर वसूली

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**






बाराबंकी। रसोई गैस के लिए उपभोक्ता परेशान दर दर भटक रहे है।सुबह से शाम तक गैस वितरण केंद्र पर लोगों की लाइन लगी रहती है। कमर्शियल गैस सिलेंडर न मिलने के कारण छोटे बड़े सभी दुकानदारों का व्यवसाय बंदी की कगार पर है। ''तहसील रामनगर'' क्षेत्र में इंडियन या भारत गैस एजेंसी सभी जगह पर उपभोक्ताओं की गैस लेने के लिए लंबी-लंबी लाइनें लगती हैं। बिचौलिया कुछ सामाजिक तत्व सक्रिय है और अफवाह फैलाकर जरूरतमंदों को ब्लैकमेल कर धन कमा रहे हैं।

क्योंकि इस समय घरेलू सिलेंडर भी नहीं मिल पा रहे हैं।सरवर के न होने के कारण बुकिंग का कार्य भी बाधित है। इस समय कमर्शियल गैस सिलेंडर आना बंद हो गए हैं। जिसके चलते कारोबारी लोग परेशान हैं।बहुत से लोग ऐसे हैं जिनकी केवाईसी अभी तक नहीं हो पाई है। जिसके चलते उन्हें घरेलू गैस सिलेंडर समय से नहीं मिल पा रहा है।

''सिरौली गौसपुर'' एजेंसियों के द्वारा गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी न किये जाने से उपभोक्ताओं को नाकों चने चबाने पड़ रहे है। एक एक रसोई गैस सिलेंडर के लिए उपभोक्ताओं ने हाय-तौबा मची हुई है।इन दिनों खजूरी विद्या मोहन एचपी गैस एजेंसी सहित सभी गैस एजेंसियों पर सिलेंडर लेने के लिए लोगों को घंटों लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है।उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर प्राप्त करने के लिए स्वयं एजेंसी पर आना पड़ रहा है। यहां बुकिंग के बाद ओटीपी मैसेज के माध्यम से गैस का वितरण किया जा रहा है। तहसील क्षेत्र की सभी गैस एजेंसियों पर यही व्यवस्था लागू है।इससे पूर्व कस्बा बदोसराय में गैस एजेंसियों द्वारा बनाए गए सीएससी केंद्रों पर भी गैस पहुंचाई जाती थी, लेकिन अब ऐसा नहीं हो रहा है। इस कारण एजेंसियों पर भीड़ बढ़ गई है, जिससे उपभोक्ताओं को गैस लेने में और अधिक कठिनाई हो रही है।इस स्थिति को देखते हुए, उप जिलाधिकारी ज्वाइंट मजिस्ट्रेट तेजस के ने बुधवार दोपहर में गैस एजेंसियों और पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया था। उन्होंने एजेंसी संचालकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और सुनिश्चित करने को कहा कि किसी भी उपभोक्ता को परेशानी न हो। पूर्ति निरीक्षक सुनील कुमार लगातार गैस एजेंसियों की निगरानी कर रहे हैं।

'रामसनेहीघाट तहसील'' गैस एजेंसी संचालक उपभोक्ताओं का शोषण पर तल गए। उपभोक्ता द्वारा गैस बुकिंग की जाती हैं, ऑटो ऑफ ओटीपी के पश्चात जब वह सिलेंडर लेने पहुंचते हैं तो उन्हें बताया जाता है कि उनका सिलेंडर तो जा चुका है। किसी एक उपभोक्ता के साथ नहीं ऐसे तमाम उपभोक्ता इसी प्रकार की शिकायत एजेंसी संचालक से कर रहे हैं लेकिन उनकी समस्या का कोई निदान नहीं हो रहा। घालमेल के मामले में तहसील रामसनेहीघाट क्षेत्र के इब्राहिमाबाद में संचालित राजा एच पी गैस ग्रामीण वितरक सबसे आगे बताया ज रहा है। उपभोक्ता अमित व विजय लक्ष्मी ने उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर शिकायत कि है गैस सिलेंडर बुक होने के बाद किसी और को दे दिया गया।उपजिलाधिकारी अनुराग सिंह के निर्देश पर नायब तहसीलदार उमेश द्विवेदी व पूर्ति निरीक्षक मनीष श्रीवास्तव की संयुक्त टीम ने जांच की और उपभोक्ताओं को जस तस सिलेंडर दिला कर प्रार्थना पत्र का निस्तारण कर दिया।लेकिन बाकी वह लोग ज तहसील नहीं पहुंचे उनकी समस्या जब की तशही है।इधर अधिकारियों द्वारा एजेंसी संचालक को दोबारा गलती न करने की हिदायत दे कर्तव्य की इतिश्री कर दी गई। शिकायत करने पर केवाईसी न होने का बहाना बनाया जाता है। उपभोक्ता हैं हैरान कि केवाईसी नहीं थी तो सिलेंडर कैसे दिया गया। उपभोक्ताओं के मुताबिक केवाईसी के नाम पर 300 रुपये भी वसूले जा रहे हैं।

## पीएम श्री कॉलेज की छात्राओं ने साझा किए भ्रमण, हवाई यात्रा के अनुभव

**फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिला विद्यालय निरीक्षक ओ.पी. त्रिपाठी तथा प्रधानाचार्य पूनम के नेतृत्व में पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की 40 मेधावी छात्राएं पांच दिवसीय शैक्षिक यात्रा पर चंडीगढ़, पंजाब और हरियाणा गईं। यह यात्रा 6 मार्च को पीएम श्री योजना के तहत शुरू हुई, जिसमें छात्राओं ने विभिन्न शैक्षणिक व शोध संस्थानों का भ्रमण किया। यात्रा दौरान छात्राओं ने सबसे पहले चंडीगढ़ स्थित सेंटर फॉर रिसर्च इन रूरल एंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट का भ्रमण किया। यहां उन्हें ग्रामीण एवं औद्योगिक विकास से जुड़े विभिन्न शोध कार्यों और सरकारी योजनाओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।इसके बाद छात्राओं ने पंजाब स्थित इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस एंड एजुकेशन रिसर्च आईआईएसईआर) का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विज्ञान एवं शोध से संबंधित गतिविधियों को करीब से देखा और समझा।छात्राओं ने हरियाणा के पिंजौर स्थित वल्चर कंजर्वेशन एंड ब्रीडिंग सेंटर का भी भ्रमण किया। यहां उन्हें गिद्धों के संरक्षण, संवर्धन और पर्यावरण में उनकी भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी मिली।इस शैक्षिक यात्रा का एक विशेष आकर्षण छात्राओं ने चंडीगढ़ से लखनऊ तक की वापसी यात्रा हवाई जहाज से की। पहली बार हवाई यात्रा का अनुभव मिलने से छात्राएं और उनके अभिभावक काफी उत्साहित नजर आए।इस दौरान विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती बबीता वर्मा और श्रीमती सीमा मिश्रा छात्राओं के साथ मौजूद रहीं। उन्होंने भ्रमण के दौरान छात्राओं का मार्गदर्शन किया।

## इनवर्टर, बैट्री, डीबीआर व नगदी चोरी

**निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** घुंघटेर थाना क्षेत्र में गुरुवार रात चोरों ने पंचायत भवन व विद्यालय का ताला तोड नकदी सहित कीमती सामान चोरी कर ले गए! बुधवार रात दीनपनाह पंचायत भवन की बाउंड्री फांद कर चोर अंदर दाखिल हुए।चोरों ने पंचायत भवन के कमरों का ताला तोडकर उसमें रखे इनवर्टर, बैट्री, डीबीआर व अलमारी में रखे 2500 रुपये की भी चोरी कर ले गए। पंचायत भवन पर लगा सीसीटीवी कैमरा चालू था लेकिन चोर उसका डीबीआर भी चोरी कर साथ लेकर ले गए। चोरों ने इसके बाद पास स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय का भी ताला तोड दिया।चोर विद्यालय से भी कीमती सामान चोरी कर ले गए।सुबह होने पर सफाई करने पहुंचे कर्माचारी ने ताला टूटा देख घटना की जानकारी हुई। सूचना पर पहुंचे ग्राम प्रधान ने स्थानीय थाने में मामले की तहरीर दी। घुंघटेर थानाध्यक्ष बेचू सिंह यादव ने बताया कि मामला जानकारी में आया है।मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## कमर्शियल सिलेंडर की आपूर्ति, ओवरब्रिज, जाम व रेल संचालन को लेकर व्यापारियों की बैठक

**पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के प्रदेश उपाध्यक्ष हंसराज गुलाटी के प्रतिष्ठान एक बैठक हुई शहर में कमर्शियल गैस सिलेंडरों की आपूर्ति, ओवरब्रिज निर्माण, बढ़ती जाम की समस्या तथा रेल संचालन से जुड़ी परेशानियों को लेकर व्यापारियों ने बैठक में भाग लेकर अपनी समस्याएं और सुझाव साझा किए बैठक में व्यापारियों ने बताया कि कमर्शियल सिलेंडरों की अनियमित आपूर्ति के कारण होटल, ढाबा और रेस्टोरेंट संचालकों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है इसके अलावा रेल संचालन से जुड़ी समस्याओं पर भी चर्चा की गई, जिसमें समय पर ट्रेनों का संचालन और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने की मांग उठाई गई बैठक में क्षेत्र के छोटे-छोटे ठेली, रेडी, होटल व अन्य व्यापारियों ने भाग लेकर अपनी समस्याएं रखीं। व्यापारियों ने मुख्य रूप से कमर्शियल गैस सिलेंडर की कमी, ट्रेनों के संचालन की समस्या तथा माधोटांडा रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज निर्माण की मांग को प्रमुखता से उठाया बैठक में क्षेत्रीय भाजपा विधायक बाबूराम पासवान और नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता सहित कई व्यापारी पदाधिकारी और स्थानीय व्यापारी मौजूद रहे इस दौरान व्यापारियों ने बताया कि कमर्शियल गैस सिलेंडर समय पर उपलब्ध न होने से होटल और ठेली-रेडी संचालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है साथ ही माधोटांडा रेलवे क्रॉसिंग पर अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे आम लोगों और व्यापारियों को परेशानी होती है। इसलिए वहां ओवरब्रिज बनाए जाने की मांग की गई उन्होंने जल्द रेल संचालन शुरू कराने और माधोटांडा रेलवे क्रॉसिंग के पास ओवरब्रिज निर्माण की मांग को लेकर पत्र भी सौंपा है उन्होंने कहा कि दोनों मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई की उम्मीद है और जल्द ही समाधान होने की संभावना है। वहीं कमर्शियल गैस सिलेंडर की समस्या पर भी चर्चा करते हुए विधायक ने संबंधित अधिकारियों से बात कर समय पर सिलेंडर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी होटल या ठेली-रेडी पर घरेलू गैस सिलेंडर का इस्तेमाल नहीं होना चाहिए अगर कोई व्यापारी ऐसा करते पाया गया तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी व्यापारियों की बैठक मे एक महत्वपूर्ण मुद्दा पीटीआर (पीलीभीत टाइगर रिजर्व) से जुड़े मार्गों को बंद किए जाने के प्रस्ताव का भी विरोध किया बैठक में वक्ताओं ने कहा कि पीटीआर के मार्ग क्षेत्र के व्यापार, पर्यटन और स्थानीय लोगों की आवाजाही के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं यदि इन मार्गों को बंद किया जाता है तो इसका सीधा असर व्यापारिक गतिविधियों, पर्यटकों की आवाजाही तथा स्थानीय रोजगार पर पड़ेगा व्यापारियों ने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी स्थिति में इन मार्गों को बंद नहीं होने दिया जाएगा व्यापारियों का कहना था ।

# डीएम ने 50 लाख से अधिक लागत वाली निर्माणाधीन परियोजनाओं की गहन समीक्षा की

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बाराबंकी। गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी ने मुख्य विकास अधिकारी श्री अन्ना सुदन के साथ जनपद में संचालित ?50 लाख से अधिक लागत वाली समस्त निर्माणाधीन परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की। जिलाधिकारी ने परियोजनावार प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण, मानक अनुरूप एवं निर्धारित समयसीमा में अनिवार्य रूप से पूर्ण किए जाएं। निर्माण कार्यों में लापरवाही, विलंब अथवा अधोमानक सामग्री के उपयोग की पुष्टि होने पर संबंधित उत्तरदायी अधिकारियों एवं अभियंताओं के विरुद्ध कठोर दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही निर्माण कार्यों का नियमित स्थलीय निरीक्षण कर अद्यतन प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। बैठक के दौरान जिन प्रमुख निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा की गई, उनमें–

बनीकोडर, सिरौलीगौसपुर एवं नवाबगंज में निर्माणाधीन आईटीआई भवन, भिटरिया में बस स्टेशन, रामसनेहीघाट स्थित कल्याण मंडप, राजकीय पॉलिटेक्निक बाराबंकी में छात्रावास निर्माण, सतरिख की राजकीय पौधशाला, जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय तीरगांव में ट्रांजिट हॉस्टल, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत सरकारी कृषि फार्म, जीजीआईसी देवा, डायट गणेशपुर में फाउंडेशन कार्य, बनीकोडर स्थित बुढ़वाबाबा मंदिर में कराए जा रहे कार्य, थाना जैदपुर, सतरिख, आरएस घाट, देवा एवं मसौली के निर्माण कार्य सहित अन्य समस्त परियोजनाएं शामिल रहीं। निर्माणाधीन परियोजनाओं पर

**निर्धारित समयसीमा में गुणवत्ता व मानकों के अनुरूप कार्य पूर्ण कराने के सख्त निर्देश**

**निर्माणाधीन स्थल पर समस्त व्यवस्थाएं और सुरक्षा मानक सुनिश्चित हो**

कार्यदाई संस्था का विवरण किया जाए अंकित बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त कार्यदाई संस्थाओं को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्माणाधीन परियोजनाओं पर कार्यदाई संस्था के संबंधित अभियंताओं का नाम और मोबाइल नंबर तथा नोडल अधिकारी का नाम और मोबाइल नंबर अंकित किया जाए।द निर्माण कार्यों में लगे श्रमिकों का किया जाए रजिस्ट्रेशन जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यों में लगे सभी श्रमिकों का श्रम विभाग के माध्यम से शत प्रतिशत पंजीकरण कराने के निर्देश दिए।

निर्माणाधीन स्थल पर समस्त व्यवस्थाएं और सुरक्षा मानक सुनिश्चित हो जिलाधिकारी ने कहा कि कंस्ट्रक्शन साइट पर सभी व्यवस्थाएं और सुरक्षा मानक सुनिश्चित होने चाहिए। गत बैठक में दिए गए निर्देशों के क्रम में सुरक्षा मानकों से संबंधित बैठक में एक प्रेजेंटेशन भी दिखाई गई। उन्होंने कहा कि कंस्ट्रक्शन साइट पर सेफ्टी हेलमेट, ग्लव्स व फायर सेफ्टी आदि रखी जाए। जिलाधिकारी ने सड़क निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि जिस अधिशासी अभियंता का जो क्षेत्र है, वह सुनिश्चित करें कि उसके क्षेत्र की सड़क की स्थिति ठीक रहे। शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित अधिशासी अभियंता की जिम्मेदारी तय की जाएगी। बैठक में जिला विकास अधिकारी श्री भूषण कुमार, जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग (प्रांतीय खंड, सीडी-1, सीडी-3), जल निगम, बाढ़ खंड, नेडा, बेसिक शिक्षा अधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी, उद्यान अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के तकनीकी एवं नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रपति शीर्ष अदालत,पीएम,नेता प्रतिपक्ष को शिक्षक पाती, टीईटी पात्रता वापसी की मांग

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी। जिले भर के एकजुट शिक्षकों द्वारा टीईटी पात्रता वापसी के लिए ''शिक्षक पाती'' अभियान प्रारंभ किया है। राष्ट्रपति उच्चतम न्यायालय प्रधानमंत्री नेता प्रतिपक्ष को संबोधित करते हुए पोस्टकार्ड पत्र भेजा है। ''निंदूरा'' गुरुवार को विकास खंड निंदूरा के शिक्षकों ने एकजुट होकर उच्च प्राथमिक विद्यालय कुर्सी में ‍‍शिक्षक की पाती‍ अभियान के तहत विरोध दर्ज कराया। इस दौरान शिक्षकों ने महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्य न्यायाधीश, लोकसभा के नेता पक्ष एवं प्रतिपक्ष को पोस्टकार्ड के माध्यम से ज्ञापन भेजकर अपनी मांगें रखीं। ज्ञापन के माध्यम से शिक्षकों ने कहा कि वर्तमान टीईटी अनिवार्यता कई अनुभवी शिक्षकों के भविष्य और रोजगार के अवसरों पर नकारात्मक प्रभाव डाल रही है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से शीघ्र हस्तक्षेप कर टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग की, ताकि शिक्षा क्षेत्र में अनुभवी और योग्य शिक्षकों की सेवाओं का उचित उपयोग किया जा सके।

शिक्षकों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो आगे व्यापक विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। यह पूरा शिक्षक की पाती अभियान जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ ब्लॉक अध्यक्ष संदीप कुमार वर्मा के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के मंत्री ओमकार, राजकीय शैक्षिक महासंघ के अध्यक्ष मनोज कुमार सहित सैकड़ों शिक्षक मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान करीब 500 पोस्टकार्ड लिखकर प्रेषित किए गए। इसी क्रम में विकास खण्ड देवा के कई सैकड़ा शिक्षकों ने अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के तत्वावधान में टीईटी अनिवार्यता के विरोध में 'शिक्षक की पाती' अभियान के तहत कई सैकड़ा पोस्ट कार्ड मैं अपनी व्यथा से अवगत कराया और समस्या का निराकरण कराने की मांग की।इस अवसर पर राजेश श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष प्रा.शि.संघ, विकास वर्मा उपाध्यक्ष जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ, वरिष्ठ शिक्षक प्रदीप मिश्रा, सुरेश मौर्या, सुनील वर्मा, लवकुश वर्मा, मोहम्मद इस्माइल ब्लाक अध्यक्ष, पूर्णेश प्रताप सिंह यूटा कोषाध्यक्ष, राकेश कौल उपाध्यक्ष यूटा,नीरज श्रीवास्तव संगठन मंत्री राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, विजय प्रताप ब्लाक अध्यक्ष,विवेक वर्मा ब्लाक मंत्री,ए आर पी अभिषेक नाग, शिवपूजन शर्मा, महिला शिक्षक संघ से ब्लाक अध्यक्ष नीलमलता, कंचन गुप्ता,कनक, अनुराधा,रति सिंह ,रत्ना, अनुजा, सीमा सावलानी,आदि शिक्षिकाऐं उपस्थित रहीं।

# मिथुन हत्याकांड के अभियुक्तों पर कार्यवाही की मांग, प्रदर्शन



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

निंदूरा बाराबंकी। मिथुन रावत हत्याकांड के मामले में लाखन आर्मी के कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने आरोपितों के बचे हुए मकान गिराने व मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता की मांग को लेकर सड़क जाम कर प्रदर्शन किया।घंटों चले प्रदर्शन के बाद मौके पर पहुंची तहसीलदार वैशाली अहलावत ने मृतक के परिजनों से वार्ता कर नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया।इस दौरान करीब तीन घंटे कुर्सी - इटौंजा मार्ग जाम रहा। लखनऊ के महिगवां थाना अंतर्गत श्रीराम पुरवा निवासी छविनाथ रावत के 20 वर्षीय पुत्र मिथुन रावत की बीते छः मार्च को हत्या कर दी गई थी। दोपहर करीब एक बजे से शुरू हुआ प्रदर्शन करीब चार बजे तक चलता रहा। तहसीलदार वैशाली अहलावत ने मृतक के परिजनों व लाखन आर्मी के कार्यकर्ता से वार्ता की।करीब आधा घंटे तक चली वार्ता में परिजनों ने आरोपितों के बचे हुए मकान गिराने व परिवार को सुरक्षा के लिए शस्त्र लाइसेंस, दो बीघा ज़मीन व आर्थिक सहायता के लिए एक करोड़ की मांग की।

# हरख में परिषदीय विद्यालयों का कायाकल्प संगोष्ठी, मंथन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



जैदपुर बाराबंकी । हरख विकास खंड सभागार में गुरुवार को ग्राम प्रधानों और प्रधानाध्यापकों के लिए एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी आयोजित की गई। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य परिषदीय विद्यालयों में शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार लाना, 'ऑपरेशन कायाकल्प' के तहत बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना और बच्चों के नामांकन व उपस्थिति को बढ़ाना था।विधान परिषद सदस्य अंगद कुमार सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभकिया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा किसी भी समाज के विकास की आधारशिला है। उन्होंने ग्राम प्रधानों और प्रधानाध्यापकों से मिलकर परिषदीय विद्यालयों को मॉडल स्कूल के रूप में विकसित करने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि खंड विकास अधिकारी प्रीति वर्मा ने 'ऑपरेशन कायाकल्प' के तहत निर्धारित 19 मानकों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने पर जोर दिया। इसके अतिरिक्त, 'स्कूल चलो अभियान' के माध्यम से शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने, स्मार्ट क्लास और सूचना प्रौद्योगिकी के उपयोग से डिजिटल शिक्षण को बढ़ावा देने पर भी विचार-विमर्श किया गया। विद्यालय प्रबंध समिति (एस.एम सी) की सक्रियता और अभिभावकों की सहभागिता बढ़ाने पर भी विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम के समापन पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम प्रधानों, शिक्षकों और छात्रों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एडीओ पंचायत बृजेश कुमार, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी रितेश कुमार सिंह, एआरपी अनुज श्रीवास्तव, निरूपमा अवस्थी, पूज्येंद्र शुक्ला, अमित त्रिपाठी, ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष चट्टान सिंह, आलोक कुमार सहित ब्लॉक के शिक्षक, ग्राम प्रधान और स्थानीय निकाय के सदस्य उपस्थित रहे।

# सीएम डैशबोर्ड में तृतीय और आईजीआरएस में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को दी बधाई

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाले 37 बिंदुओं की समीक्षा, दिए निर्देश**

**आईजीआरएस की शिकायतों का शिकायतकर्ता से सम्पर्क कर शीघ्रता से करें निस्तारण**

बाराबंकी। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने मुख्य विकास अधिकारी श्री अन्ना सुदन के साथ कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के अंतर्गत जनपद की विभिन्न विभागीय योजनाओं की प्रगति एवं रैंकिंग की गहन समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाले कुल 37 बिंदुओं पर विभागवार स्थिति की समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने सीएम डैशबोर्ड में तृतीय और आईजीआरएस में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर सभी अधिकारियों को बधाई दी। और कहा कि सभी अधिकारी व कर्मचारी भविष्य में भी इसी प्रकार समर्पित भाव से करते रहें। इसके साथ ही उन्होंने जिन विभागों की रैंकिंग अपेक्षित स्तर से नीचे है, उनके विभागाध्यक्ष व्यक्तिगत रुचि लेते हुए योजनाओं की प्रगति में शीघ्र सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सी, डी एवं ई श्रेणी में शामिल विभागों के खराब प्रदर्शन पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए चेतावनी दी कि निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य न होने की स्थिति में संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। जिलाधिकारी ने जल जीवन मिशन, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, फैमिली आईडी, सामूहिक विवाह, सड़क निर्माण, स्वच्छ भारत मिशन, मध्यान्ह भोजन, छात्र उपस्थिति, पर्यटन, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, मुख्यमंत्री ग्रामीण योजना, ग्रामीण अभियंत्रण, सेतु निर्माण, किसान सम्मान निधि, मनरेगा, दुग्ध विकास, दिव्यांग पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, युवा स्वरोजगार, महिला एवं बाल विकास तथा पिछड़ा वर्ग कल्याण सहित अन्य योजनाओं में प्रगति तेज करने के निर्देश दिए।

**आईजीआरएस की शिकायतों का शिकायतकर्ता से सम्पर्क कर शीघ्रता से करें निस्तारण**

जिलाधिकारी ने आईजीआरएस की रैंकिंग में सुधार लाने के दृष्टिगत अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायती पत्रों के निस्तारण में अधिकारी शिकायतकर्ता से शत प्रतिशत सम्पर्क स्थापित करते हुए मौके पर जाकर समस्या का शीघ्रता से व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरतें नहीं तो सम्बंधित पर कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अधिकारी शासन की मंशानुरूप 10 से 12 बजे तक जनसुनवाई करना सुनिश्चित करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) श्री राजकुमार, प्रभागीय वनाधिकारी श्री आकाशदीप वधावन, जिला विकास अधिकारी श्री भूषण कुमार, जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी, उपायुक्त मनरेगा, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# बीसीसीआई के वार्षिक पुरस्कार समारोह में गिल का 'क्रिकेटर ऑफ द ईयर' चुना जाना तय

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल का 15 मार्च को यहां होने वाले बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) के वार्षिक पुरस्कार समारोह में 'क्रिकेटर ऑफ द ईयर' चुना जाना तय है। इस 26 वर्षीय खिलाड़ी को हाल में विश्व कप के खिताब का बचाव करने वाली टी20 टीम में नहीं चुना गया था, लेकिन उन्होंने अन्य दो प्रारूपों में शानदार प्रदर्शन किया। गिल ने 2025 में टेस्ट मैचों में 70 से अधिक के औसत से 983 रन बनाए, जिसमें इंग्लैंड के खिलाफ उसकी धरती पर ड्रॉ रही श्रृंखला में बनाए गए 754 रन भी शामिल हैं। गिल ने चैंपियंस ट्रॉफी वनडे टूर्नामेंट में भी भारत को खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। इस टूर्नामेंट में उन्होंने 188 रन बनाए और इस तरह से वर्ष 2025 में वनडे में कुल 490 रन बनाए। गिल ने कुल मिलाकर तीनों प्रारूपों में 49 के औसत से 1,764 रन बनाए, जिसमें सात शतक और तीन



अर्धशतक शामिल हैं। हालांकि टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में उनका प्रदर्शन उतना प्रभावशाली नहीं रहा, लेकिन आईपीएल में वह शानदार फॉर्म में थे। आईपीएल में उन्होंने गुजरात टाइटन्स की तरफ से खेलते हुए 50 की औसत से 650 रन बनाए। भारत के पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को भारतीय क्रिकेट में उनके अमूल्य योगदान के लिए कर्नल सीके नायडू 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड' से सम्मानित किया जाना तय है। उनके मुख्य कोच रहते हुए भारत ने 2024 में टी20 विश्व कप का खिताब जीता था। मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) को घरेलू क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ एसोसिएशन का पुरस्कार मिलने की संभावना है।

# आईसीसी की बड़ी कार्रवाई, वेस्टइंडीज के खिलाड़ी जेवोन सर्ल्स सहित तीन निलंबित

एजेंसी

नई दिल्ली/बारबाडोस। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भ्रष्टाचार विरोधी नियमों के उल्लंघन के मामले में वेस्टइंडीज के खिलाड़ी जेवोन सर्ल्स, टीम अधिकारी ट्रेवोन ग्रिफिथ और टाइटंस टीम के मालिक चितरंजन राठौड़ पर आरोप लगाए हैं। यह मामला 2023-24 में बारबाडोस में आयोजित बिम10 क्रिकेट टूर्नामेंट से जुड़ा हुआ है। जांच के बाद तीनों व्यक्तियों पर क्रिकेट वेस्टइंडीज के भ्रष्टाचार विरोधी नियमों के तहत कई आरोप लगाए गए हैं। राठौड़ पर तीन, सर्ल्स पर चार और ग्रिफिथ पर चार आरोप लगाए गए हैं। इन सभी पर आरोप है कि उन्होंने बिम10 टूर्नामेंट के मैचों के परिणाम, प्रगति या अन्य पहलुओं को अनुचित तरीके से प्रभावित करने या ऐसा करने की साजिश रचने का प्रयास किया। जांच में यह भी सामने आया कि संबंधित व्यक्तियों ने खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ को भ्रष्टाचार विरोधी नियमों का उल्लंघन करने के लिए उकसाने या सहायता करने का प्रयास किया। इसके अलावा तीनों पर यह भी आरोप है कि उन्होंने संभावित भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों की जांच में सहयोग नहीं किया और संबंधित अधिकारियों को जरूरी जानकारी उपलब्ध नहीं कराई। साथ ही सर्ल्स और ग्रिफिथ पर यह भी आरोप लगाया गया है कि उन्होंने क्रिकेट वेस्टइंडीज को उन संपर्कों या प्रस्तावों की जानकारी नहीं दी, जिनका उद्देश्य खिलाड़ियों को भ्रष्ट गतिविधियों में शामिल करना था। ट्रेवोन ग्रिफिथ पर अतिरिक्त रूप से यह आरोप भी लगाया गया है कि उन्होंने भ्रष्टाचार से जुड़ी जांच के दौरान महत्वपूर्ण जानकारी को छिपाने या उसमें छेड़छाड़ करने की कोशिश की। इन आरोपों के बाद तीनों को तत्काल प्रभाव से सभी प्रकार के क्रिकेट से अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है। उन्हें 11 मार्च 2026 से 14 दिनों के भीतर इन आरोपों का जवाब देने का समय दिया गया है।

# देश के खेल पत्रकारों का चार दिवसीय स्वर्ण जयंती राष्ट्रीय सम्मेलन कल से नई दिल्ली में

एजेंसी

नई दिल्ली। देश के खेल पत्रकारों के प्रमुख संगठन स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट्स फ़ेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजेएफआई) का स्वर्ण जयंती राष्ट्रीय सम्मेलन 13 मार्च से नई दिल्ली में शुरू होगा। चार दिनों तक चलने वाले इस विशेष आयोजन की मेजबानी दिल्ली स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन (डीएसजेए) कर रहा है, जिसमें देशभर से खेल पत्रकार भाग लेंगे। यह सम्मेलन भारतीय खेल पत्रकारिता के 50 वर्षों के गौरवशाली सफर का उत्सव मनाने के साथ-साथ इस पेशे के बदलते स्वरूप पर चर्चा का महत्वपूर्ण मंच भी बनेगा। अंतरराष्ट्रीय खेल पत्रकार संगठन इंटरनेशनल स्पोर्ट्स प्रेस एसोसिएशन से मान्यता प्राप्त यह संस्था पिछले पांच दशकों से भारत में खेल पत्रकारिता के विकास में अहम भूमिका निभाती रही है। चार दिवसीय कार्यक्रम में पेशेवर संवाद के साथ-साथ कई खेल प्रतियोगिताओं और संवाद कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा। सम्मेलन के दौरान एक बड़ा खेल कॉन्क्लेव आयोजित होगा। इसके अलावा जेके बोस अंतर-क्षेत्रीय ट्वेंटी-ट्वेंटी क्रिकेट प्रतियोगिता और एसी बाली टेबल टेनिस प्रतियोगिता भी कार्यक्रम का हिस्सा होंगी। परिवारों और युवा प्रतिभागियों के लिए मॉडर्न पाइथियन खेल, इंटरएक्टिव गेमिंग जोन तथा अन्य गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी। बास्केटबॉल, फुटसल और गोल्फ पुटिंग प्रतियोगिताएं भी सम्मेलन के दौरान कराई जाएंगी। इस स्वर्ण जयंती सम्मेलन को कॉरपोरेट और खेल जगत की कई प्रमुख संस्थाओं का समर्थन मिला है। हीरो मोटोकॉर्प इस आयोजन का मुख्य प्रायोजक है, जबकि अपोलो टायर्स सह-प्रायोजक के रूप में जुड़ा है।

# इंडियन वेल्स 2026: डिफेंडिंग चैंपियन जैक ड्रेपर ने नोवाक जोकोविच को हराकर क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

एजेंसी

इंडियन वेल्स। मौजूदा चैंपियन ग्रेट ब्रिटेन के जैक ड्रेपर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दिग्गज टेनिस खिलाड़ी सर्बिया के नोवाक जोकोविच को हराकर इंडियन वेल्स मास्टर्स 2026 के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। कड़े मुकाबले में ड्रेपर ने जोकोविच को 4-6, 6-4, 7-6 (7/5) से मात दी। ब्रिटेन के ड्रेपर ने इस मुकाबले में जबरदस्त संघर्ष दिखाया और तीसरे सेट में 38 वर्षीय जोकोविच को थका कर जीत हासिल की। इस हार के साथ ही सर्बिया के स्टार खिलाड़ी जोकोविच का 2016 में अपना पांचवां खिताब जीतने के बाद पहली बार इंडियन वेल्स के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने का सपना टूट गया। मैच के बाद ड्रेपर ने कहा कि उन्होंने यह मुकाबला अपने



जज्बे और सकारात्मक सोच के दम पर जीता। उन्होंने कोर्ट पर जोकोविच को लगातार दौड़ने पर मजबूर किया और कई शानदार ड्रॉप शॉट लगाए। पहले दो सेट में मुकाबला बेहद करीबी रहा। तीसरे सेट की शुरुआत में ही एक लंबी और रोमांचक रैली देखने को मिली, जिसमें दोनों खिलाड़ी ड्रॉप शॉट और लॉब का जवाब देते रहे। आखिरकार जोकोविच ने ओवरहेड शॉट लगाकर अंक अपने नाम किया, लेकिन इस दौरान वह काफी थक चुके थे। जोकोविच ने बाद में कहा कि उस लंबे पॉइंट के बाद उनकी ऊर्जा लगभग खत्म हो गई थी।


## यात्रीगण कृपया ध्यान दें!

## विशेष रेलगाड़ी – 2026

**रेलयात्रियों की सुविधा के लिए उत्तर रेलवे द्वारा विशेष रेलगाड़ी सं. 04432 आनंद विहार (टर्मिनल) – टाटानगर जं. एक्सप्रेस संचालित करने का निर्णय लिया गया है। इस रेल सेवा की समय–सारणी निम्नानुसार है:–**

| रेलगाड़ी सं. 04432 आनंद विहार (टर्मिनल) – टाटानगर जं. विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी | 01 फेरा | |
|---|---|---|
| स्टेशन | गाड़ी सं. 04432 | |
| | आगमन | प्रस्थान |
| आनंद विहार (टर्मिनल) | ---- | 05:00 |
| मुरादाबाद | 08:15 | 08:25 |
| बरेली | 10:10 | 10:15 |
| लखनऊ जं. | 14:20 | 14:30 |
| सुलतानपुर | 17:10 | 17:20 |
| वाराणसी | 21:40 | 21:50 |
| पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं. | 22:40 | 22:45 |
| भभुआ रोड | 23:24 | 23:26 |
| सासाराम | 23:53 | 23:55 |
| डेहरी ऑन सोन | 00:08 | 00:10 |
| जपला | 00:55 | 00:57 |
| गढ़वा रोड जं. | 02:30 | 02:35 |
| डालटनगंज | 03:13 | 03:15 |
| बरवाडीह जं. | 03:43 | 03:45 |
| लातेहार | 04:20 | 04:22 |
| टोरी | 05:15 | 05:17 |
| बरकाकाना जं. | 07:48 | 07:50 |
| मूरी जं. | 08:55 | 09:00 |
| चाण्डिल जं. | 11:50 | 11:55 |
| टाटानगर जं. | 13:00 | ---- |

**चलने के दिन:** 04432 आनंद विहार (ट.) से दिनांक 16.03.2026 (सोमवार) को।

**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकॉनोमी, शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

837/2026

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे

आपकी सुविधा–हमारा ध्येय

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# जीएसपी क्रॉप साइंस का 400 करोड़ रुपये का आईपीओ 16 मार्च को खुलेगा




एजेंसी

नई दिल्ली। अहमदाबाद की कृषि रसायन कंपनी जीएसपी क्रॉप साइंस लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 16 मार्च को खुलेगा। इसमें निवेश के लिए निवेशक 18 मार्च तक बोली लगा सकते हैं। इसके लिए मूल्य का दायरा (प्राइस बैंड) 304S320 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। कंपनी के शेयर 24 मार्च को बीएसई और एनएसई पर सूचीबद्ध होंगे। कंपनी ने गुरुवार को एक बयान में बताया कि एंकर (बड़े) निवेशक 13 मार्च को बोली लगा पाएंगे। जीएसपी क्रॉप साइंस लिमिटेड ने अपने आईपीओ के लिए मूल्य का दायरा (प्राइस बैंड) 304S320 रुपये प्रति शेयर तय किया है। यह आईपीओ 240 करोड़ रुपये के नए शेयर और 160 करोड़ रुपये के 50 लाख शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन है। इसमें निवेश करने के लिए आपको कम से कम एक लॉट खरीदना होगा, जिसमें 46 शेयर होंगे। एक लॉट के लिए आपको कम से कम 14,720 रुपये का निवेश करना पड़ेगा। कंपनी की योजना इस आईपीओ से 400 करोड़ रुपये जुटाने की है। जीएसपी क्रॉप साइंस लिमिटेड नए निर्गम से प्राप्त 170 करोड़ रुपये की राशि का इस्तेमाल ऋण भुगतान के लिए किया करेगी। एक हिस्सा सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए रखा जाएगा। इस कंपनी को भारत में कीटनाशकों, शाकनाशियों, कवकनाशी और पादप वृद्धि नियामकों के विकास एवं निर्माण में 39 वर्ष से अधिक का अनुभव है।

## ऑडी इंडिया एक अप्रैल से वाहनों की कीमतें दो फीसदी तक बढ़ाएगी

नई दिल्ली। जर्मनी की लग्जरी कार विनिर्माता कंपनी ऑडी ने गुरुवार को अपने वाहनों की कीमतें दो फीसदी तक बढ़ाने का ऐलान किया है। कंपनी ने कहा कि वह भारत में अपने वाहनों की कीमतें एक अप्रैल से बढ़ाएगी। ऑडी इंडिया के ब्रांड निदेशक बलबीर सिंह ढिल्लों ने कहा कि हाल में कच्चे माल की लागत बढ़ने और रुपये में उतार–चढ़ाव के कारण हम 1 अप्रैल से कीमतों में अधिकतम दो फीसदी तक समायोजन कर रहे हैं। ढिल्लों ने बताया कि हम अपने ग्राहकों पर इस बढ़ोतरी का असर कम से कम रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कंपनी के मुताबिक कीमतों में ये बढ़ोतरी हर मॉडल पर लागू होगी। यह विभिन्न मॉडल की 'एक्स–शोरूम' कीमतों में अधिकतम दो फीसदी तक वृद्धि की जाएगी। ऑडी इंडिया भारत में वर्तमान में लग्जरी कार और एसयूवी की एक श्रृंखला बेचती है, जिनमें ऑडी क्यू3 से लेकर ऑडी आरएसक्यू8 तक के मॉडल शामिल हैं। इनकी कीमतें लगभग 43.23 लाख रुपये से 2.34 करोड़ रुपये के बीच हैं।

## सर्राफा बाजार में चमका सोना चांदी में मामूली गिरावट

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान सोने के भाव में मजबूती का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। दूसरी ओर, चांदी की कीमत में मामूली कमजोरी नजर आ रही है। सोना आज 850 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 930 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। इसके विपरीत चांदी की कीमत में आज 200 रुपये प्रति किलोग्राम की गिरावट दर्ज की गई है। कीमत में आए उछाल के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,63,320 रुपये से लेकर 1,63,470 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

# किफायती विद्युत स्कूटर ऑर्बिटर वी1 पेश



लखनऊ। दोपहिया और तिपहिया वाहन बनाने वाली प्रमुख भारतीय कंपनी ने अपने विद्युत चालित स्कूटर परिवार का विस्तार करते हुए नया ऑर्बिटर वी1 प्रस्तुत किया है। 1.8 किलोवाट-घंटा क्षमता वाली ऊर्जा संचय इकाई से लैस यह स्कूटर कंपनी की श्रेणी में सबसे किफायती विकल्प माना जा रहा है। इसके साथ ही कंपनी ने अपने पूरे विद्युत वाहन समूह में ्बैटरी सेवा के रूप मेंं्न मॉडल की शुरुआत की है, जिससे ग्राहकों को स्वामित्व के अधिक लचीले विकल्प मिलते हैं।

इस नई व्यवस्था के कारण स्कूटर की प्रारम्भिक कीमत काफी कम हो जाती है। सेवा मॉडल के साथ यह वाहन लगभग 49,999 की शुरुआती कीमत से उपलब्ध है, जबकि जो ग्राहक ऊर्जा संचय इकाई सहित पूरा स्कूटर एक साथ खरीदना चाहते हैं, वे इसे लगभग ?84,500 में ले सकते हैं। सेवा मॉडल में ग्राहक बैटरी का पूरा मूल्य एक साथ चुकाने के बजाय मासिक भुगतान योजना के माध्यम से उसका उपयोग कर सकते हैं। ऑर्बिटर वी1 को दैनिक शहरी यात्रा को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। यह एक बार पूर्ण रूप से ऊर्जा भरने पर लगभग 86 किलोमीटर तक चल सकता है। तेज़ चार्जिंग व्यवस्था के कारण यह लगभग 2 घंटे 20 मिनट में 0 से 80 प्रतिशत तक ऊर्जा प्राप्त कर लेता है। डिज़ाइन की बात करें तो इसमें 845 मिलीमीटर लंबी समतल सीट, 290 मिलीमीटर चौड़ा सीधा पाद-स्थान और ऊँचा तथा चौड़ा हैंडल दिया गया है, जिससे सवारी आरामदायक बनती है। स्कूटर में 34 लीटर का सीट के नीचे भंडारण स्थान भी है, जिसमें दो हेलमेट तक रखे जा सकते हैं।

# स्टॉक मार्केट में एल्फिन एग्रो की मामूली प्रीमियम के साथ एंट्री, मुनाफ़े में आईपीओ निवेशक

एजेंसी

नई दिल्ली। आटा, सूजी, मैदा और पीली सरसों तेल के बिजनेस में लगी कंपनी एल्फिन एग्रो इंडिया के शेयर ने आज स्टॉक मार्केट में सांकेतिक प्रीमियम के साथ एंट्री की। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 47 रुपये के भाव पर जारी किए गए। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग सिर्फ 30 पैसे यानी 0.64 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 47.30 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद लिवाली के सपोर्ट से ये शेयर 48.05 रुपये के स्तर तक पहुंचा, लेकिन उसके बाद मुनाफा वसूली शुरू हो जाने के कारण इसकी चाल में मामूली गिरावट भी दर्ज की गई। सुबह 11 बजे तक का कारोबार होने के बाद कंपनी के शेयर 47.34 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहे थे। इस तरह अभी तक के कारोबार के बाद कंपनी के आईपीओ निवेशक 0.72 प्रतिशत के मामूली फायदे में थे। एल्फिन एग्रो इंडिया का 25.03 करोड़ रुपये का आईपीओ पांच मार्च से नौ मार्च के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से एवरेज रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 1.35 गुना सब्सक्राइब हो सका था। इनमें नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 2.12 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसी तरह रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन सिर्फ 0.59 गुना सब्सक्राइब हो सका था। इस आईपीओ के तहत 5 रुपये फ़ेस वैल्यू वाले 53.25 लाख नए शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ के जरिये जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास जमा कराए गए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है।


# कार्यालय ग्राम पंचायत कोलहदा विकास खंड त्रिवेदीगंज जनपद बाराबंकी

पत्रांक– दिनांक 12/03/2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कोलहदा विकास खंड त्रिवेदीगंज में मनरेगा ( VB - G Ram G) योजनान्तर्गत एवं ICDS, ग्राम निधि एवं अन्य निधि (यदि) से आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य कराए जाने हेतु बालू, मोरंग, सीमेंट, ईंट, गिट्टी, पावर प्लांटिंग मैटेरियल सामग्री, पत्थर व कार्यस्थल, सरिया, दरवाजा, खिड़की, टाइल्स, पेंट, प्लास्टर, विद्युत सामग्री तथा अन्य भवन निर्माण सामग्री आदि की आपूर्ति हेतु वित्तीय वर्ष 2025–26 के अंतर्गत अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 13 मार्च 2026 से 19 मार्च 2026 को 10 बजे तक निविदा कार्यालय समयावधि में आवेदन पत्र कार्यालय में जमा कर सकते हैं। निविदा 20 मार्च 2026 को समय 3.00 बजे टेंडर कक्ष में खुली बैठक में खोली जाएगी। ठेकेदार को सर्वश्रेष्ठ बोली लगाने वाली निविदा स्वीकार की जाएगी।

| क्र.स. | कार्य का विवरण | सामग्री विवरण | अनुमानित लागत | निविदा शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत कोलहदा में आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण | बालू, ईंट, गिट्टी, सीमेंट, बालू मोरंग, पत्थर, पावर प्लांटिंग, दरवाजा, खिड़की, टाइल्स, पेंट, प्लास्टर, विद्युत सामग्री व अन्य सामग्री | मनरेगा अंश–7.84 लाख<br>आईसीडीएस–2 लाख<br>ग्राम निधि–2 लाख<br>कुल लागत–11.84 लाख | 100/– |
| 2 | प्राथमिक विद्यालय राम्भी में आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण | बालू, ईंट, गिट्टी, सीमेंट, बालू मोरंग, पत्थर, पावर प्लांटिंग, दरवाजा, खिड़की, टाइल्स, पेंट, प्लास्टर, विद्युत सामग्री व अन्य सामग्री | मनरेगा अंश–7.84 लाख<br>आईसीडीएस–2 लाख<br>ग्राम निधि–2 लाख<br>कुल लागत–11.84 लाख | 100/– |

आवश्यक शर्तें एवं नियमावली

उपरोक्त सामग्री हेतु फर्म से मानकानुसार, आवश्यकतानुसार तथा कार्य की समय सीमा के अंदर आपूर्ति करने वाली फर्म GST पंजीकृत होनी चाहिए। जिसके समस्त अभिलेख सत्यापित एवं कार्यालय द्वारा पंजीकरण होने के बाद ही निविदा में भाग ले सकेंगे। उपरोक्त आपूर्ति आदेश ग्राम पंचायत द्वारा जारी किया जाएगा तथा आपूर्ति समय एवं गुणवत्तानुसार की जाएगी। आपूर्ति की गई सामग्री भुगतान की स्वीकृति के पश्चात किया जाएगा तथा इस संबंध में PWD द्वारा समय–समय के आदेशों का पालन करना अनिवार्य होगा।

**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत कोलहदा**
**विकास खंड त्रिवेदीगंज, बाराबंकी**

**सचिव**
**ग्राम पंचायत कोलहदा**
**विकास खंड त्रिवेदीगंज, बाराबंकी**

# कृषि नीति और नेतृत्व में महिलाओं की भागीदारी बढ़े : राष्ट्रपति

एजेंसी

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि कृषि क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और उन्हें नीति निर्माण, निर्णय-निर्धारण तथा नेतृत्व पदों में अधिक अवसर मिलना चाहिए। महिलाओं की व्यापक भागीदारी से कृषि क्षेत्र में लैंगिक समावेशी विकास को बढ़ावा मिलेगा।

राष्ट्रपति गुरुवार को यहां ग्लोबल कॉन्फ्रेंस ऑन द रोल ऑफ वीमेन इन एग्री-फूड सिस्टम्स (जीसीडब्ल्यूएएस-2026) के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रही थीं। राष्ट्रपति ने कहा कि महिलाएं बुवाई, कटाई, प्रसंस्करण और फसलों को बाजार तक पहुंचाने सहित कृषि की लगभग हर गतिविधि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इसके अलावा वे मत्स्य पालन, मधुमक्खी पालन, पशुपालन, वन उत्पादों के उपयोग और कृषि आधारित उद्यमों के संचालन में भी लगातार योगदान दे रही हैं। महिलाएं कृषि अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में अमूल्य योगदान देती हैं। उन्होंने बताया कि राज्य कृषि विश्वविद्यालयों में कुल छात्रों में 50 प्रतिशत से अधिक और अन्य विश्वविद्यालयों में 60 प्रतिशत से अधिक छात्राएं हैं, जो शैक्षणिक प्रदर्शन में भी उत्कृष्ट हैं। ऐसे में सरकार, समाज और कृषि क्षेत्र से जुड़े सभी हितधारकों की जिम्मेदारी है कि इन प्रतिभाशाली छात्राओं को प्रोत्साहन और समर्थन प्रदान किया जाए, ताकि वे कृषि और खाद्य उत्पादन के क्षेत्र में नेतृत्व कर सकें। राष्ट्रपति ने कहा कि मातृत्व में नेतृत्व की भावना निहित होती है, लेकिन अक्सर इसे घर की सीमाओं तक ही सीमित मान लिया जाता है। इस सोच को बदलते हुए महिलाओं को कृषि क्षेत्र में नेतृत्व देने के लिए आगे बढ़ाना होगा। उन्होंने बताया कि संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2026 को 'इंटरनेशनल ईयर ऑफ द वुमन फार्मर' घोषित किया है। इसका उद्देश्य कृषि-खाद्य मूल्य शृंखला में लैंगिक अंतर को कम करना और महिलाओं की नेतृत्व भूमिका को बढ़ावा देना है। राष्ट्रपति ने कहा कि महिलाओं को भूमि के औपचारिक स्वामित्व, तकनीकी ज्ञान, वित्तीय संसाधनों और अन्य सहयोगी व्यवस्थाओं से जोड़ना आवश्यक है। उन्होंने संतोष व्यक्त किया कि पिछले दशक में भारत ने महिलाओं को कृषि क्षेत्र में सशक्त बनाने के लिए कई पहल की हैं। महिला-नेतृत्व वाले स्वयं सहायता समूहों और किसान उत्पादक संगठनों को बढ़ावा देने वाली पहलें इस दिशा में प्रभावी साबित हुई हैं। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर 'पीपल, प्लेनेट, प्रॉस्पेरिटी, पीस और पार्टनरशिप' को समान महत्व देने पर सहमति बनी है। 'पीपल' के आयाम में लैंगिक समानता को विशेष प्राथमिकता दी जानी चाहिए। कृषि सहित सभी क्षेत्रों में प्रभावी लैंगिक समावेशन से न केवल सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति होगी, बल्कि पृथ्वी को भी अधिक संवेदनशील और सामंजस्यपूर्ण बनाया जा सकेगा। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भारतीय कृषि में बहनों और बेटियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। बीज बोने से लेकर कटाई, भंडारण तक हर चरण में महिलाएं अग्रणी हैं। आज हमारी बेटियां बड़ी संख्या में कृषि शिक्षा की ओर आगे बढ़ रही हैं। इसी दिशा में आईसीएआर शीघ्र ही एक जेंडर प्लेटफॉर्म लॉन्च करने जा रहा है, जो पूरे देश के कृषि अनुसंधान नेटवर्क में महिला-केंद्रित शोध को नई गति और दिशा देगा। यह तीन दिवसीय सम्मेलन कृषि

# प्रधानमंत्री ने भारत की ऊर्ज़ा सुरक्षा के साथ समझौता किया है: राहुल गांधी

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने रसोई गैस (एलपीजी) की किल्लत को लेकर बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत की ऊर्ज़ा सुरक्षा के साथ समझौता किया है।

उन्होंने यह भी कहा कि ईंधन की समस्या बढ़ने वाली है और ऐसे में सरकार को समय रहते जरूरी प्रबंध करना चाहिए। राहुल गांधी ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, ''मुख्य बात यह है कि रसोई गैस की समस्या होने वाली है, पेट्रोल की समस्या होने वाली है। सभी ईंधन को लेकर समस्या खड़ी होने जा रही है, क्योंकि हमारी ऊर्ज़ा सुरक्षा से समझौता किया गया है। उनक कहना था कि अभी तैयारी करने की जरूरत है, क्योंकि अभी भी समय है। राहुल गांधी ने कहा, ''प्रधानमंत्री और सरकार को तुरंत इस समस्या से निकलने के लिए तैयारी शुरू कर देनी चाहिए। अगर तैयारी नहीं की तो करोड़ों लोगों का नुकसान होगा। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, ''यह इससे भी बड़ा मुद्दा है कि ईरान हमें ईंधन लेने देता है या नहीं। हम एक अस्थिर दौर में जा रहे हैं। जब आप अस्थिर समय में जाते हैं तो आपको अपनी सोच बदलनी होगी। आपकी मानसिकता एक जैसी नहीं हो सकती। इसलिए मैं सरकार को जो सुझाव दे रहा हूं वह यह है कि वे संभावनाओं के बारे में गहराई से सोचना शुरू करें और यह सुनिश्चित करने के लिए सोचें कि हमें क्या करना है ताकि लोगों को परेशानी न हो। उन्होंने कहा, ''मैं कोई राजनीतिक बयान नहीं दे रहा हूं. मैं सिर्फ इतना कह रहा हूं कि मुझे आगे बड़ी समस्या नजर आ रही है। उनके मुताबिक, यहां एक प्रमुख समस्या है कि प्रधानमंत्री भारत के प्रधानमंत्री के रूप में कार्य करने में सक्षम नहीं हैं। बाद में उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''दुनिया तेज़ी से बदल रही है। संकट हमारे दरवाज़े पर है। अगर सरकार ने तुरंत कदम नहीं उठाए, तो एलपीजी, पेट्रोल और डीज़ल करोड़ों भारतीय परिवारों के लिए बड़ी समस्या बन जाएंगे। सच्चाई साफ़ है कि 'कम्प्रोजाइज्ड' मोदी जी ने भारत की ऊर्ज़ा सुरक्षा से समझौता किया है। कमज़ोर और दिशाहीन विदेश नीति ने देश को इस खतरनाक स्थिति में ला खड़ा किया है। राहुल गांधी ने कहा कि अब समय सच बताने और देश को तैयार करने का है, अन्यथा इसकी कीमत भारत के आम लोग चुकाएंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को ईधन संकट के बारे में संसद के भीतर मन की बात करनी चाहिए। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''जब देश भारी संकट से जूझ रहा होता है तो प्रधानमंत्री मोदी जी चुनावी दौरों में मशगूल होते हैं। देशभर में एलपीजी की भारी कमी है और लोग कतारों में खड़े हैं। कितने सारे छोटे-बड़े उद्योग भाजपा की विफलता का ख़ामियाज़ा भुगतने पर मजबूर हैं। पर सरकार के पास कोई जवाब नहीं। केवल झूठे दावे हैं।

# मोदी जारी करेंगे पीएम किसान की 22वीं किस्त

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार (13 मार्च) को असम की राजधानी गुवाहाटी से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम?किसान) योजना की 22वीं किस्त जारी करेंगे। इसके तहत देश के 9.32 करोड़ से अधिक किसान परिवारों के बैंक खातों में 18,640 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि भेजी जायेगी।

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज यह जानकारी दी। उन्होंने इसे श्री मोदी के नेतृत्व में किसानों के प्रति केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता और 'अन्नदाता सम्मान' की पहल बताया।

श्री चौहान ने कहा कि फरवरी 2019 में योजना शुरू होने के बाद से अब तक पीएम-किसान के अंतर्गत पात्र किसान परिवारों के खातों में 4.09 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि भेजी गयी है और 22वीं किस्त जारी होने के साथ ही कुल राशि 4.27 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो जाएगी।

गौरतलब है कि पीएम-किसान योजना के तहत हर पात्र किसान परिवार को साल में 6,000 रुपये की वित्तीय सहायता तीन समान किस्तों में दी जाती है और यह राशि किसानों के बैंक खातों में पहुंचती है। इस बार की 22वीं किस्त में 2.15 करोड़ से अधिक महिला किसानों को वित्तीय सहायता मिलेगी

उन्होंने कहा कि स्वतंत्र अध्ययनों ने भी प्रमाणित किया है कि पीएम-किसान योजना ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था में मांग बढ़ाई है। किसानों की कर्ज पर निर्भरता कम की है और कृषि निवेश को प्रोत्साहित किया है।

# देश में कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार : पुरी

एजेंसी



नयी दिल्ली। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने लोकसभा में गुरुवार को कहा कि भारत मे गैस- सिलेंडर, तेल और पेट्रोल की कोई कमी नहीं है।

श्री पुरी ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी की ओर से देश में तेल और गैस के संकट का मुद्दा उठाए जाने पर कहा कि दुनिया के ऊर्ज़ा इतिहास में शायद ही कभी ऐसा समय आया हो जैसा अभी पश्चिम एशिया के संकट के कारण देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति वैश्विक तेल और गैस आपूर्ति के लिए बेहद गंभीर मानी जा रही है। उन्होंने कहा, 'होर्मुज जल डमरूमध्य से 20 प्रतिशत आवाजाही प्रभावित हुई है, 40 प्रतिशत कच्चा तेल दूसरे देश से आ रहा हैं। हमारे पास पर्याप्त कच्चा तेल है। भारत की क्रूड सप्लाई पूरी तरह से सुरक्षित है और भारत में पेट्रोल-डीजल की किसी भी तरह की कोई दिक्कत नहीं, देश में अभी पर्याप्त गैस है। उन्होंने कहा कि सीएनजी की आपूर्ति 100 प्रतिशत जारी है, भारत में एलपीजी के कार्गो रोज आ रहे हैं। गैस सिलेंडर को लेकर किसी भी तरह से घ्नबराने की जरूरत नहीं है। इसी घबराहट की वजह से मांग बढ़ी है। श्री पुरी ने बताया कि देश में एलपीजी का उत्पादन 28 फीसदी बढ़ा है और देश लंबे समय तक इस संकट से निकटने को लेकर पूरी तरह से तैयार है। पेट्रोलियम मंत्री ने कहा कि भारत अभी भी कनाडा, नार्वे और रूस से तेल ले रहा है और हमने गैस की कालाबाजारी को रोकने के निर्देश जारी किए है। उन्होंने कहा कि उत्पादन बढाने के लिए तेल विपणन कंपनी को बढाने के निर्देश दिये गये हैं। भारत के 33 करोड़ परिवारों को कोई गैस की कमी का समाना नहीं करना होगा और अभी भी ढाई दिन में गैस सुनिश्चित की गयी है। उन्होंने कहा कि वाणिज्यिक गैस सिलेंडर विनियमित किया किया गया ताकि कालाबाजारी को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि वैकल्पिक इंधन को भी खोजा जा रहा है। उद्योगों की जरूरतों के लिए इंधन की उपलब्धता बढाई जा रही है।

# बंगलादेश, श्रीलंका और मालदीव के डीजल की आपूर्ति के अनुरोध पर विचार कर रहा है भारत

एजेंसी

नयी दिल्ली। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि पश्चिम एशिया संकट के बीच बंगलादेश ने भारत से डीजल की आपूर्ति के लिए अनुरोध किया है और इस पर देश में डीजल की जरूरत और उपलब्धता के आधार पर विचार किया जा रहा है। बंगलादेश के अलावा श्रीलंका और मालदीव से भी भारत को इसी तरह के अनुरोध मिले हैं जिनपर विचार किया जा रहा है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को यहां साप्ताहिक ब्रीफिंग में सवालों के जवाब में यह बात कही। उन्होंने कहा कि भा विशेष रूप से पड़ोसी देशों को परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पादों का एक प्रमुख निर्यातक है। भारत और बंगलादेश के बीच ऊर्ज़ा क्षेत्र में लंबे समय से चले आ रहे सहयोग का उल्लेख करते हुए प्रवक्ता ने कहा कि भारत 2007 से नुमालीगढ़ रिफाइनरी से बांग्लादेश को डीज़ल की आपूर्ति कर रहा है। यह आपूर्ति जलमार्ग और रेल सहित विभिन्न माध्यमों से की जाती रही है और बाद में भारत-बांग्लादेश मैत्री पाइपलाइन के माध्यम से भी की जाने लगी। प्रवक्ता ने कहा कि अक्टूबर 2017 में नुमालीगढ़ रिफाइनरी और बांग्लादेश पेट्रोलियम कॉरपोरेशन के बीच आपसी सहमति की शर्तों पर हाई स्पीड डीज़ल की आपूर्ति के लिए एक बिक्री-खरीद समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। उन्होंने कहा, '' 2007 से बांग्लादेश को डीज़ल का निर्यात जारी रहा है, लेकिन किसी भी निर्णय लेते समय भारत की रिफाइनिंग क्षमता, हमारी घरेलू आवश्यकताओं और डीज़ल की उपलब्धता को ध्यान में रखा जाएगा। प्रवक्ता ने कहा कि भारत को श्रीलंका और मालदीव से भी इसी तरह के अनुरोध मिले हैं जिनपर विचार किया जा रहा है।

# पेज एक का शेष

## होटलों, रेस्तरां को...

आरडीएफ पैलेट, केरोसिन या कोयला–के उपयोग की अनुमति दी जाए, ताकि अधिक संस्थान इनका उपयोग कर सकें और प्राथमिक उपभोक्ताओं के लिए एलपीजी उपलब्ध हो सके। उन्होंने बताया कि इसके अलावा कोयला मंत्रालय ने भी कल एक पत्र जारी किया है, जिसमें कोल इंडिया लिमिटेड और सिंगरेनी को राज्यों को अधिक मात्रा में कोयला आवंटित करने का निर्देश दिया गया है, ताकि छोटे, मध्यम और अन्य उपभोक्ताओं को आपूर्ति की जा सके। संयुक्त सचिव ने कहा कि वाणिज्यिक सिलेंडरों के इस्तेमाल में अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थाओं को प्राथमिकता दी जा रही है। बाकी उपभोक्ताओं के लिए तेल विपणन कंपनियों के कार्यकारी निदेशकों की तीन सदस्यीय समिति बनाई गई है जिनकी समीक्षा के बाद एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है कि कुछ वाणिज्यिक सिलेंडर भी जारी किए जाएंग। उन्होंने बताया कि इसमें राज्य सरकारों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होगी। तेल विपणन कंपनियों के माध्यम से राज्य सरकारों से कहा गया है कि वे लाभार्थियों की सूची तैयार करें ताकि वाणिज्यिक सिलेंडरों की आपूर्ति प्राथमिकता के आधार पर की जा सके। इसका उद्देश्य जमाखोरी और कालाबाज़ारी को रोकना भी है। सुश्री शर्मा ने एलपीजी सिलेंडर की स्थिति के बारे में पूछे गये एक सवाल के जवाब में कहा कि अब ग्रामीण क्षेत्रों में सिलेंडर की बुकिंग का अंतराल बढाकर 45 दिन करने का निर्णय लिया गया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि प्रभावित समुद्री क्षेत्रों में अब तक तीन भारतीय नागरिकों की मृत्यु हो चुकी है और एक भारतीय नागरिक लापता है। ये सभी चार लोग उस क्षेत्र में संचालित व्यापारिक जहाज़ों के चालक दल के सदस्य थे। उन्होंने कहा कि ओमान और इराक में हमारे दूतावास तथा दुबई में हमारा वाणिज्य दूतावास स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर उनके पार्थिव शरीरों को जल्द से जल्द भारत लाने के प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत किसी भी पक्ष से व्यापारिक जहाज़ों पर किए जाने वाले हमलों की कड़ी निंदा करता है। प्रवक्ता ने कहा कि जहां तक घायलों का सवाल है, अब तक इस संघर्ष में दो दर्जन से अधिक भारतीय नागरिक घायल हुए हैं। उनमें से कई अस्पताल में उपचार के बाद स्वस्थ होकर भारत लौट चुके हैं। हमारे दूतावास लगातार उनसे संपर्क में हैं। कुछ अभी भी अस्पताल में हैं और उनमें से एक-दो की हालत गंभीर है। विदेश मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव असीम महाजन ने कहा ,'' खाड़ी और पश्चिम एशिया क्षेत्र में रहने वाले बड़े भारतीय समुदाय की भलाई, सुरक्षा और संरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से हम वर्तमान स्थिति की लगातार निगरानी कर रहे हैं और संबंधित देशों की सरकारों के साथ निकट संपर्क में हैं।'' उन्होंने कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में फंसे कई भारतीय जो अल्पकालिक यात्रा पर थे या ट्रांज़िट में फँस गए थे, वे अब वापस लौट पाए हैं। उदाहरण के लिए संयुक्त अरब अमीरात में उड़ानों की संख्या बढ़ा दी गई है और अब नियमित उड़ानें उपलब्ध हैं। सऊदी अरब से भी उड़ानें उपलब्ध हैं। आज एयर इंडिया और इंडिगो रियाद से अपनी उड़ानें शुरू कर रहे हैं। जेद्दा और मदीना से भी नियमित उड़ानें चल रही हैं, और उमरा के यात्रियों के लिए भी उड़ानें जारी हैं। कतर से कतर एयरवेज ने उड़ानें शुरू कर दी हैं। कुवैत से यात्रियों को सऊदी अरब के पास के हवाई अड्डे के माध्यम से यात्रा की सुविधा दी जा रही है। बहरीन से गल्फ एयर दमाम से उड़ानें संचालित कर रही है और यात्रियों को ट्रांज़िट वीज़ा की सुविधा दी जा रही है। ओमान से भी नियमित उड़ानें उपलब्ध हैं।उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर उड़ानों की उपलब्धता में सुधार हो रहा है और कनेक्टिविटी बढ़ रही है। अब तक लगभग 1,30,000 यात्री विभिन्न उड़ानों के माध्यम से भारत लौट चुके हैं। श्री महाजन ने कहा ,'' मीडिया से भी अनुरोध है कि विशेष रूप से इस समय फर्जी या अप्रमाणित सूचनाओं के प्रसार से बचें और केवल विश्वसनीय जानकारी ही साझा करें।'' सुश्री शर्मा ने बाद में सवालों के जवाब में कहा ,'' घरेलू बाज़ार में एलपीजी की आपूर्ति, मांग और आपूर्ति दोनों के प्रबंधन पर निर्भर करती है। सरकार दोनों मोर्चों पर काम कर रही है। जहाँ तक आपूर्ति का सवाल है, हम घरेलू स्तर पर एलपीजी उत्पादन बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। साथ ही जहाँ-जहाँ से आयात संभव है, वहाँ से आयात भी किया जा रहा है। दूसरा पहलू मांग प्रबंधन का है। इसके तहत शहरी परिवारों के लिए गैस बुकिंग की अवधि 21 दिन से बढ़ाकर 25 दिन कर दी गई है। इसके अलावा घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता दी जा रही है ताकि उनके लिए आपूर्ति में कोई कमी न हो।'' उन्होंने कहा कि कुछ लोगों की मांग थी कि वाणिज्यिक सिलेंडर भी उपलब्ध कराए जाएँ। इस पर भी विचार किया गया है। दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव के साथ विस्तृत चर्चा के बाद यह तय किया गया है कि तेल विपणन कंपनियाँ कुछ 19 किलो के वाणिज्यिक सिलेंडर भी जारी करेंगी।

## होर्मुज...

में आया है, जब इजरायल और अमेरिका का ईरान के साथ टकराव तेरहवें दिन में प्रवेश कर चुका है और इनके बीच तनाव चरम पर है। उन्होंने अपने पिता आयतुल्लाह अली खामेनेई का स्थान लिया है, जिनकी इजरायल-अमेरिका के हमले में मौत हो गयी थी। इजरायली सैन्य बयान के अनुसार, पिछले कुछ दिनों के भीतर तालेघन परिसर को निशाना बनाया गया है। इजरायल का आरोप है कि इस केंद्र का उपयोग हाल के वर्षों में उन्नत विस्फोटकों को विकसित करने और 'अमाद प्रोजेक्ट' से संबंधित प्रयोगों के लिए किया जा रहा था। इजरायल 'अमाद' को ईरान का एक गुप्त परमाणु हथियार कार्यक्रम बताता है। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्ज़ा एजेंसी के अनुसार, अमाद प्रोजेक्ट आधिकारिक तौर पर 1989 से 2003 के बीच सक्रिय था, लेकिन इजरायल का दावा है कि इसकी गतिविधियां आज भी गुप्त रूप से जारी हैं। दूसरी ओर, ईरान ने हमेशा परमाणु हथियारों की बात से इनकार किया है और अपने परमाणु कार्यक्रम को शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए बताया है। फिलहाल तेहरान की ओर से तालेघन केंद्र को हुए नुकसान पर कोई तत्काल टिप्पणी नहीं आई है। इजरायली सेना ने इस ऑपरेशन की सैटेलाइट तस्वीरें भी जारी की हैं। गौरतलब है कि इससे पहले तीन मार्च को तेहरान के बाहरी इलाके में स्थित 'मिनजादेही' परिसर पर भी ऐसा ही हमला किया गया था।

## सुरक्षा परिषद में ...

किसी भी कार्रवाई या धमकी की कड़ी निंदा की गयी है। इसके साथ ही ईरान द्वारा बाब-अल-मंदेब में समुद्री सुरक्षा को खतरे में डालने वाले किसी भी कदम की भी निंदा की गई है। सुरक्षा परिषद के 15 में 13 सदस्यों ने बहरीन की ओर से पेश किये गये इस प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया। किसी भी देश ने इसके खिलाफ मतदान नहीं किया, जबकि चीन और रूस ने मतदान में भाग नहीं लिया। इस प्रस्ताव का भारत के साथ-साथ ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, जापान, पाकिस्तान, सऊदी अरब, ब्रिटेन और अमेरिका सहित 130 से अधिक देशों ने सह-प्रायोजन किया। कुल 135 सह-प्रायोजकों के साथ, प्रस्ताव ने बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और जॉर्डन की क्षेत्रीय अखंडता, संप्रभुता और राजनीतिक स्वतंत्रता के लिए मजबूत समर्थन दोहराया। इसमें इन देशों के क्षेत्रों के खिलाफ ईरान द्वारा किए गए हमलों की 'कड़े शब्दों में' निंदा की गई और कहा गया कि ऐसी कार्रवाई अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है और अंतरराष्ट्रीय शांति तथा सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है। प्रस्ताव में ईरान से पड़ोसी देशों के प्रति किसी भी उकसावे या धमकियों को 'तत्काल और बिना शर्त' रोकने की मांग की गई है। अमेरिका के प्रतिनिधि ने कहा कि ईरान सभी दिशाओं में हमले करता है। वहीं, डेनमार्क के प्रतिनिधि ने कहा कि इस 'महत्वपूर्ण क्षण में क्षेत्र की आवाजों को सुनना अनिवार्य है।' प्रस्ताव में यह भी दोहराया गया कि व्यापारिक और वाणिज्यिक जहाजों को अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार अपने नौवहन अधिकारों और स्वतंत्रता का प्रयोग पूर्ण अधिकार होना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत माइक वॉल्ट्ज़ ने कहा कि यह प्रस्ताव ईरानी शासन की क्रूरता की स्पष्ट निंदा है। श्री वॉल्ट्ज़ ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनकी टीम ने राजनयिक बातचीत के हर प्रयास को आज़मा लिया था। उन्होंने कहा, ''श्री ट्रंप ने अपनी 'रेड लाइन' खींची थी, ईरान ने उसे फिर से पार कर लिया और अब दुनिया इसके परिणाम भुगत रही है। दूसरी ओर, संयुक्त राष्ट्र में ईरान के स्थायी प्रतिनिधि, राजदूत अमीर सईद इरावानी ने परिषद के इस कदम की आलोचना करते हुए इसे 'अन्यायपूर्ण और गैरकानूनी' बताया। उन्होंने सुरक्षा परिषद को याद दिलाया कि 28 फरवरी को संघर्ष शुरू होने के बाद से अमेरिका और इजरायल द्वारा किए जा रहे सैन्य हमलों में महिलाओं और बच्चों सहित 1,348 से अधिक नागरिक मारे गए हैं और 17,000 से अधिक घायल हुए हैं। इरानी दूत ने कहा कि अमेरिका और इजरायल के इन हमलों ने हजारों घरों, स्कूलों और चिकित्सा सुविधाओं को नष्ट कर दिया है, जो स्पष्ट रूप से युद्ध अपराध और मानवता के खिलाफ अपराध हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि ईरान खाड़ी क्षेत्र के देशों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है और होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने के दावे पूरी तरह से असत्य हैं। उन्होंने इजरायल पर अमेरिका को क्षेत्रीय संघर्ष में घसीटने का आरोप लगाया।

## वायु सेना प्रमुख ने ...

और ग्राउंड स्टाफ से भी बातचीत की और लड़ाकू विमानों की निरंतर परिचालन क्षमता बनाए रखने में तकनीकी और सहायक कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। उन्होंने आसपास के क्षेत्रों के पूर्व सैनिकों से भी मुलाकात की। मिकोयान मिग-29 एक दो इंजन वाला चौथी पीढ़ी का लड़ाकू विमान है, जिसे 1970 के दशक में तत्कालीन सोवियत संघ में विकसित किया गया था। इसे उन्नत पश्चिमी लड़ाकू विमानों का मुकाबला करने के लिए डिजाइन किया गया था और यह अपनी उत्कृष्ट गतिशीलता, शक्तिशाली इंजन और कठिन युद्ध परिस्थितियों में प्रभावी संचालन की क्षमता के लिए जाना जाता है। वायु सेना ने मिग-29 को 1980 के दशक के मध्य में अपने बेड़े में शामिल किया था और यह आज भी भारत की वायु रक्षा क्षमता का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। वर्षों के दौरान इस विमान में कई उन्नयन किए गए हैं, जिनमें एवियोनिक्स, रडार, हथियार प्रणालियाँ और हवाई ईंधन भरने की क्षमता शामिल हैं। इसके नौसैनिक संस्करण का उपयोग भारतीय नौसेना भी करती है। यह लड़ाकू विमान मैक 2 से अधिक गति से उड सकता है और विभिन्न प्रकार की हवा-से-हवा में मार करने वाली मिसाइलों तथा हवा-से-जमीन पर हथियारों से मार करने में सक्षम है, जिससे यह वायु-श्रेष्ठता और बहु-भूमिका युद्ध अभियानों दोनों को अंजाम दे सकता है।

## आईएएस अभिषेक...

अदालत ने उनके खिलाफ दाखिल चार्जशीट को पूरी तरह रद्द कर दिया। अदालत के फैसले के बाद अब उनकी बहाली का रास्ता साफ हो गया है। शासन सूत्रों के मुताबिक निलंबन की अवधि एक वर्ष पूरी होने से पहले इस संबंध में रिपोर्ट केंद्रीय कार्मिक मंत्रालय को भेजी जानी है। इसी प्रक्रिया के तहत उनकी बहाली 14 मार्च के बाद प्रभावी मानी जाएगी।

## सदन में मर्यादाओं ...

नियमों के साथ संचालित हो। अध्यक्ष ने कहा '' प्रत्येक सांसद लाखों नागरिकों के जनादेश को लेकर आते हैं। मैंने हमेशा ये प्रयास किया कि सदन के अंदर प्रत्येक सदस्य नियमों और प्रक्रियाओं के तहत अपने विचार व्यक्त करें। मैंने सभी सांसदों को समय देने का प्रयास किया। मैंने उन सांसदों को कार्यवाही में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया, जो संकोच करते हैं या नहीं बोलते हैं। मैंने ऐसे सांसदों को अपने कक्ष में बुलाकर उन्हें बात रखने की अपील की। सदन में बोलने से सदन मजबूत होता है। ये सदन विचारों का चर्चा का जीवंत मंच रहा है। हमारे संसदीय परंपरा में सहमति और असहमति की महान परंपरा रही है। उन्होंने आसन द्वारा विपक्षी सदस्यों के बोलते समय माइक बंद किए जाने के आरोपों पर कहा कि अध्यक्ष के पास माइक ऑन करने या बंद करने का अधिकार नहीं है। विपक्ष के जो नेता पीठासीन सभापति होते हैं उन्हें इस बात की जानकारी है। श्री बिरला ने कहा कि मेरा हमेशा प्रयास रहा है कि सदन की गरिमा, मर्यादा और प्रतिष्ठा में उत्तरोत्तर वृद्धि होती रही। श्री बिरला ने कहा कि उन्होंने हमेशा यह प्रयास किया है कि लोकसभा में प्रत्येक सदस्य नियमों के अनुसार अपने विचार रखें, इसके लिए सभी को समय देने का प्रयास किया है। मैंने हमेशा यह प्रयास किया कि सदन की कार्यवाही निष्पक्षता, अनुशासन, संतुलन और नियमों के साथ संचालित हों। उन्होंने बताया कि सदन में पिछले दो दिनों में 12 घंटे से अधिक बहस हुई, ताकि सभी सदस्यों के विचार और चिंताएं सामने आ सकें। उन्होंने कहा ''यह सदन 140 करोड़ लोगों का प्रतिनिधित्व करता है। यहां हर सांसद अपनी जनता की समस्याओं और अपेक्षाओं के साथ आता है। मैंने हमेशा कोशिश की कि हर सांसद नियमों के तहत अपनी बात रखे। मैं हर उस सांसद को बोलने के लिए प्रेरित करने का प्रयास करता रहा जो कम बोलते थे, क्योंकि बोलने से लोकतंत्र का संकल्प मजबूत होता है। उन्होंने सदन को विचारों का जीवंत मंच बताते हुए कहा कि पिछले दो दिन में सभी सदस्यों की बातों को गंभीरता से सुना। हर सदस्य का आभारी हूं, चाहे वे आलोचक ही क्यों न रहे हों। यही विशेषता है कि यहां हर आवाज सुनी जाती है। यह आसन किसी व्यक्ति का नहीं है, यह लोकतंत्र की महान भावना का प्रतिनिधि है। श्री बिरला ने विपक्ष की शिकायतों का भी जवाब दिया। कुछ सदस्यों का कहना था कि नेता प्रतिपक्ष को बोलने से रोका जाता है। इस पर उन्होंने कहा मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि कोई भी हो, उसे सदन में नियमों के तहत बोलने का अधिकार है। कुछ लोगों का मानना था कि सदन के नेता हर नियम से ऊपर हैं। मैं साफ कर दूं कि ऐसा नहीं है। ये नियम मुझे विरासत में मिले हैं और इन्हें पालन करना अनिवार्य है। चाहे प्रधानमंत्री ही क्यों न हों, नियम 372 के तहत उन्हें पहले अध्यक्ष से अनुमति लेना अनिवार्य है। जब कोई सदस्य इस सदन की मर्यादा के खिलाफ जाते हैं तो मुझे कठोर निर्णय लेने की व्यवस्था देनी पड़ती है। नियमों के तहत किसी भी सदस्य को सदन में बोलने की आजादी तो है, लेकिन नियमों की सीमा में रहकर। उन्होंने कहा कि चर्चा के दौरान कुछ लोगों ने माइक बंद करने का आरोप लगाया। आसन के पास माइक बंद करने का बटन नहीं होता। विपक्ष में कई लोग इस आसन पर बैठते हैं, उन्हें इसके बारे में पता है। उन्होंने संसदीय परंपराओं का जिक्र करते हुए कहा कि 1957 में जब अटल बिहारी बाजपेयी ने जम्मू कश्मीर से संबंधित कुछ फोटो सदन में रखने चाहे तो अध्यक्ष ने पहले उन्हें दिखाने का निर्देश दिया और अटल जी उनका सम्मान किया। उन्होंने कहा कि 1958 में भी कई उदाहरण हैं जब बिना अध्यक्ष की अनुमति दस्तावेज सदन में नहीं रखे गये। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष के निर्णय से कोई भी सदस्य सहमत या असहमत हो सकता है, लेकिन नियमों और परंपराओं को लागू करना उनका कर्तव्य है। उन्होंने कहा,'' सदन की ओर से मुझ पर व्यक्त किये गये विश्वास के लिए सभी का आभार व्यक्त करता हूं। इस विश्वास को अपनी जिम्मेदारी मानते हुए पूरी निष्ठा, निष्पक्षता और संवैधानिक मर्यादा के साथ निभाउंगा। श्री बिरला ने कहा, '' बजट पर चर्चा के दौरान कुछ महिला सदस्यों ने ट्रेजरी बेंच की तरफ जाकर नारेबाजी करने की कोशिश की। यह अप्रत्याशित घटना थी, इसलिए मैंने सदन में सत्ता पक्ष के नेता को सदन में न आने का आग्रह किया। मेरी कोशिश रहती है कि भले ही देर रात तक बैठना हो, मैं सबके बोलने के बाद ही सदन से जाता हूं। मुझे खुशी है कि जो भी सदन में बोलना चाहता था, उसे एक साल के अंदर ही मैंने बोलने का मौका दिया। उन्होंने कहा , '' मेरा दल से ऊपर उठकर सभी सदस्यों से व्यक्तिगत संबंध आज भी है। लेकिन सदन की व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी भी मेरी है। हमें विचार करना होगा कि इस सदन को निलंबन जैसे कठोर निर्णय क्यों लेने पड़े। मैं अक्सर आग्रह करता हूं कि सदन की गरिमा बनी रहे। लेकिन जब सदन के सदस्य नहीं मानते, तो सदन स्थगित करना पड़ता है।''

# समृद्धि यात्रा में नीतीश पहुंचे पूर्णिया, विकास योजनाओं व धार्मिक कॉरिडोर की घोषणा की

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूर्णिया। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गुरुवार को अपनी समृद्धि यात्रा के क्रम में पूर्णिया पहुंचे। वे हेलीकॉप्टर से पूर्णिया एयरपोर्ट पहुंचे, जहां से सीधे माता पूरण देवी मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की और क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया। इसके बाद वे लगभग 11:30 बजे रंगभूमि मैदान पहुंचे, जहां आयोजित जनसभा में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) नेताओं व कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। मुख्यमंत्री के मंच पर पहुंचते ही राजग के सभी जिला अध्यक्षों ने मखाने की माला पहनाकर उनका स्वागत किया। मंच पर जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, मंत्री श्रवण कुमार, खाद एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेसी सिंह, पूर्णिया सदर विधायक विजय खेमका, रूपौली विधायक कलाधर मंडल, बनमनखी विधायक कृष्ण कुमार ऋषि सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जब उन्हें बिहार की जिम्मेदारी मिली थी, तब राज्य की स्थिति काफी खराब थी। कानून-व्यवस्था से लेकर सड़क, बिजली और बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार काम किया गया। उन्होंने बताया कि सात निश्चय योजना, हर घर नल का जल, जीविका दीदियों को सशक्त बनाने और रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए सरकार लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि हर पांच वर्षों में लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब बिजली और सड़कों के बाद बिहार में उद्योगों के विकास पर विशेष जोर दिया जा रहा है और राज्य में औद्योगिक क्रांति लाने की दिशा में काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गांवों की सड़कों को चौड़ा किया जाएगा तथा कई नई फोरलेन सड़कों का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने धमदाहा से पूर्णिया तक फोरलेन सड़क बनाने की योजना का भी उल्लेख किया। साथ ही पटना से पूर्णिया तक एक्सप्रेस हाईवे बनाने की दिशा में भी कार्य किए जाने की बात कही। मुख्यमंत्री ने पूर्णिया को धार्मिक पर्यटन के रूप में विकसित करने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि माता पूरण देवी मंदिर और मां कामाख्या मंदिर को जोड़ते हुए एक धार्मिक कॉरिडोर विकसित करने की योजना पर काम किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र में पर्यटन और आस्था दोनों को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा उन्होंने मखाना बोर्ड के गठन को लेकर भी चर्चा करते हुए कहा कि इस विषय पर केंद्र सरकार से बातचीत की जा रही है, ताकि मखाना उत्पादकों को बेहतर लाभ मिल सके।




# मुख्यमंत्री ने आईजीडीटीयूडब्ल्यू के दीक्षांत समारोह में छात्राओं से किया संवाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को इंदिरा गांधी दिल्ली महिला तकनीकी विश्वविद्यालय (आईजीडीटीयूडब्ल्यू) के 8वें दीक्षांत समारोह में छात्राओं से संवाद किया। उन्होंने सभी छात्राओं को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट में कहा कि हमारे इतिहास में रानी लक्ष्मीबाई की वीरता और अहिल्याबाई होल्कर के दूरदर्शी नेतृत्व की प्रेरणा रही है। आज वही शक्ति हमारी बेटियों में शिक्षा, विज्ञान और तकनीक के माध्यम से नए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ती दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'नारी सशक्तिकरण' और 'विकसित भारत 2047' के विजन से प्रेरित होकर दिल्ली सरकार भी कौशल, तकनीक, अनुसंधान और स्टार्टअप के अवसर बढ़ा रही है, ताकि हमारी बेटियां विकसित दिल्ली के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभा सकें। मंत्री आशीष सूद ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि आज प्रतिभाशाली युवा स्नातकों की उपलब्धियों का जश्न मनाया गया। हमारे युवा - विशेषकर देश की बेटियां- भारत को एक मजबूत और गौरवशाली विकसित भारत की ओर ले जाने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं के आत्मविश्वास, प्रतिभा और दृढ़ संकल्प को देखकर गर्व महसूस हो रहा है, जो हमारे राष्ट्र के भविष्य को आकार देंगे।




# बिहार में राजग की डबल इंजन सरकार है, जो देश का सबसे गरीब राज्य है : तेजस्वी यादव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव ने गुरुवार को बिहार की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार पर तीखा तंज कसा है।तेजस्वी यादव ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट कर लिखा, बिहार एक अनोखा और अनूठा प्रदेश है जहां दशकों से राजग की डबल इंजन सरकार है, जो देश का सबसे गरीब राज्य है। तेजस्वी ने आगे लिखा कि देश में सबसे अधिक पलायन- बिहारदेश में सबसे अधिक अपराध- बिहारदेश में सबसे अधिक भ्रष्टाचार- बिहारदेश में सबसे अधिक बेरोजगारी- बिहारदेश में सबसे अधिक बहुआयामी गरीबी-बिहारदेश में सबसे अधिक स्कूल ड्राप आउट- बिहारदेश में सबसे कम साक्षरता दर- बिहारदेश में सबसे कम प्रति व्यक्ति आय-बिहारदेश में सबसे कम किसानों की आय- बिहारदेश में सबसे कम प्रति व्यक्ति निवेश- बिहारदेश में सबसे कम प्रति व्यक्ति उपभोग- बिहारदेश में सबसे कम कंप्यूटर साक्षरता- बिहारदेश में सबसे कम बिजली खपत- बिहारदेश में सबसे कम बुनियादी सुविधा- बिहारदेश में सबसे कम गुणवत्तापूर्ण शिक्षा- बिहारदेश में सबसे कम औद्योगिक इकाइयां- बिहारदेश में सबसे कम स्कूलों में कंप्यूटर और आईसीटी लैब- बिहारदेश में विकास के सभी सूचकांक में सबसे फिसड्डी- बिहारदेश में शिक्षा-स्वास्थ्य सेवा/सुविधा में सबसे फिसड्डी- बिहार तेजस्वी यादव ने अपने पोस्ट में महंगाई का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि महंगी गैस खरीदने में बिहार आगे है। महंगी बिजली खरीदने में आगे बिहार आगे है। महंगा पेट्रोल-डीज़ल खरीदने में बिहार आगे है। साथ ही, दिल्ली-मुंबई से महंगी प्रॉपर्टी और जमीन बिहार में बिकती है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि बिहार की ऐसी तस्वीर राजग सरकार के 21 सालों में बनी है। नेता प्रतिपक्ष ने आगे लिखा, ''21 वर्षों की राजग सरकार में बिहार विकास के सभी मानकों, मानदंड और सूचकांक में सबसे फिसड्डी है लेकिन इन शर्मनाक तथ्यों और रैंकिंग पर किसी की कभी कोई जवाबदेही नहीं, बस पलटा-पलटी, प्रशासनिक तंत्र, सरकारी खजाने से वोट खरीदी, वोट की लूट और जातिवाद के सहारे कथित सुशासनी लोग सत्ता का आनंद भोग रहे है।

## कोशी पुल के पास 5120 बोतल कफ सिरप के साथ एक गिरफ्तार

**सुपौल।** जिले में नशा के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत भपटियाही थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रतिबंधित कफ सिरप की बड़ी खेप बरामद की है। गुप्त सूचना के आधार पर गुरुवार को वाहन जांच के दौरान कोशी पुल के पास एनएच-27 पर एक चार चक्का पिकअप वाहन से कुल 5120 बोतल (512 लीटर) कोरेक्स सिरप बरामद किया गया। इस दौरान पुलिस ने एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, बरामद कफ सिरप को पिकअप वाहन से ले जाया जा रहा था। कार्रवाई के दौरान वाहन को जब्त कर लिया गया और आरोपी को हिरासत में ले लिया गया। इस मामले में भपटियाही थाना में कांड दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है। साथ ही बरामद कोरेक्स सिरप के बैकवर्ड और फॉरवर्ड का पता लगाया जा रहा है, ताकि पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जा सके।

# हरिद्वार में जाम से राहत की तैयारी, एसपी ट्रैफिक ने संभावित पार्किंग स्थलों का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता




हरिद्वार। शहर में लगातार बढ़ते वाहनों और बाजार क्षेत्रों में लगने वाले जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए हरिद्वार पुलिस ने नई पहल शुरू की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार नवनीत सिंह के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक यातायात निशा यादव ने संभावित पार्किंग स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया। गुरुवार को एसपी ट्रैफिक निशा यादव ने यातायात पुलिस एवं सीपीयू टीम के साथ रानीपुर मोड़, ज्वालापुर मार्केट और शिवालिक नगर क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान बढ़ते यातायात दबाव को देखते हुए दुपहिया और चौपहिया छोटे वाहनों की पार्किंग के लिए उपयुक्त स्थानों का चिन्हीकरण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों और क्षेत्र के लोगों से भी बातचीत की गई तथा पार्किंग व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सुझाव लिए गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बाजार क्षेत्रों में अव्यवस्थित पार्किंग के कारण अक्सर जाम की स्थिति बन जाती है, जिससे आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। एसपी ट्रैफिक निशा यादव ने कहा कि शहर में सुगम आवागमन सुनिश्चित करना और नागरिकों को बेहतर पार्किंग व्यवस्था उपलब्ध कराना पुलिस की प्राथमिकता है। इसके लिए संभावित पार्किंग स्थलों का चयन कर भविष्य में व्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था लागू करने की योजना बनाई जा रही है। हरिद्वार पुलिस की इस पहल का मुख्य उद्देश्य बाजार क्षेत्रों में लगने वाले जाम को कम करना और शहर की यातायात व्यवस्था को अधिक सुचारु बनाना है। इसके साथ ही आम लोगों को सुरक्षित और सुविधाजनक पार्किंग की व्यवस्था भी उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में चिन्हित किए गए स्थानों पर पार्किंग व्यवस्था को विकसित करने के लिए संबंधित विभागों और स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित किया जाएगा, ताकि शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाया जा सके।

## गीता कॉलोनी में महिला ड्रग तस्कर गिरफ्तार, 55 ग्राम स्मैक बरामद

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली में नशे के कारोबार पर कार्रवाई करते हुए एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) शाहदरा ने गीता कॉलोनी इलाके से एक महिला ड्रग तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 55.52 ग्राम स्मैक (हेरोइन) बरामद की गई है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पूर्वीजिले के पुलिस उपायुक्त राजेन्द्र प्रसाद मीणा ने गुरुवार को बताया कि 11 मार्च को एएनटीएफ शाहदरा को सूचना मिली थी कि गीता कॉलोनी की सफ़ेदा झुग्गी में एक महिला अवैध रूप से स्मैक की बिक्री कर रही है। सूचना मिलने के बाद एएनटीएफ के प्रभारी इंस्पेक्टर विनोद कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम ने इलाके में छापेमारी कर 19 वर्षीय रूपा को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान पुलिस को आरोपी महिला के पैंट की जेब में छिपाकर रखे एक पॉलीथिन पैकेट से 55.52 ग्राम स्मैक बरामद हुई। बरामद मादक पदार्थ को जब्त कर लिया गया।

# अमृत भारत जंक्शन पर आरपीएफ ने अवैध दुकानदारों के विरुद्ध कार्रवाई कर 7 को गिरफ्तार किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सहरसा। बिहार में सहरसा रेलवे स्टेशन परिक्षेत्र में अवैध दुकानदारों पर रेल प्रशासन द्वारा गुरुवार को बड़ी कार्रवाई हुई।आरपीएफ इंस्पेक्टर धनंजय कुमार यादव के नेतृत्व में एक टीम गठित कर पूरे रेल परिक्षेत्र में स्पेशल अभियान चलाया गया। जिसके अंतर्गत अनाधिकृत रूप से अवैध दुकानदारों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। रेलवे सुरक्षा बल सहरसा द्वारा रेल अधिनियम के तहत विशेष अभियान चालते हुए अमृत भारत रेलवे स्टेशन सहरसा के मुख्य गेट ,रेल परिसर,प्लेटफार्म आदि से कुल 06 व्यक्तियों को अनधिकृत रूप से ठेला-रेड़ी पर खाद्य व पेय पदार्थ बेचते हुए गिरफतार किया गया तथा रेलवे एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया साथ ही एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में यार्ड में अनधिकृत प्रवेश में पकड़ा गया जिसके विरुद्ध रेलवे अधिनियम की धारा में मुकदमा पंजीकृत किया गया। कुल 07 व्यक्तियों के विरुद्ध विधि सम्मत प्रक्रिया के तहत कार्यवाही किया गया अभी यह कार्रवाई आगे जारी रहेगी।ज्ञात हो कि रेलवे सुरक्षा बल सहरसा द्वारा रेल अधिनियम के तहत विशेष अभियान चलाते हुए अमृत भारत रेलवे स्टेशन सहरसा के मुख्य गेट ,रेल परिसर,प्लेटफार्म आदि से कुल 06 व्यक्तियों को अनधिकृत रूप से ठेला-रेड़ी पर खाद्य/पेय पदार्थ बेचते हुए गिरफतार किया गया तथा रेलवे एक्ट की सुसंगत धरा में मुकदमा पंजीकृत किया गया साथ ही एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में यार्ड में अनधिकृत प्रवेश में पकड़ा गया। जिसके विरुद्ध रेलवे अधिनियम की सुसंगत धारा में मुकदमा पंजीकृत किया गया।

# 'गदर 2' के गीतों से लोकप्रिय गायक विशाल ने कैंची धाम में बाबा के दर्शन कर लिया आशीर्वाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नैनीताल। जल्द प्रदर्शित होने जा रहे फिल्म बॉर्डर-2 के लोकप्रिय गीत ऐ जाते हुए लम्हो और प्यारी लगे को स्वर देने वाले सुप्रसिद्ध गायक विशाल मिश्रा ने नैनीताल जनपद के विश्व प्रसिद्ध कैंची धाम पहुंचकर नीम करौरी बाबा के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। नैनीताल की शांत वादियों के बीच स्थित इस पवित्र धाम में पहुंचकर उन्होंने आध्यात्मिक वातावरण का अनुभव किया और स्वयं को सौभाग्यशाली बताया।

नैनीताल पुलिस की सुरक्षा में बाबा के दर्शन के उपरांत विशाल मिश्रा ने कहा कि उत्तराखंड में यात्रा के दौरान उन्हें कहीं भी असुविधा या यातायात संबंधी समस्या का सामना नहीं करना पड़ा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार और प्रशासन श्रद्धालुओं तथा पर्यटकों की सुविधा के लिए बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनके निर्देशन में उत्तराखंड में पर्यटन और श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए प्रभावी कार्य किए जा रहे हैं। गायक ने कैंची धाम में तैनात पुलिस कर्मियों के अनुशासित और सहयोगात्मक व्यवहार की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ऐसी सकारात्मक व्यवस्था से देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुकून भरा वातावरण प्राप्त होता है। उन्होंने इस दौरान बॉर्डर फिल्म के लोकप्रिय गीत ञ्संदेशे आते हैं, हमें तड़पाते हैं...ङ्क की कुछ पंक्तियां भी गुनगुनाईं, जिससे वहां उपस्थित लोग भावुक और उत्साहित हो उठे। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए देश-विदेश के श्रद्धालुओं से अपील की कि वे एक बार कैंची धाम अवश्य आएं और बाबा के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करें। विशाल मिश्रा ने कहा कि नैनीताल की प्राकृतिक सुंदरता, शांत और आध्यात्मिक वातावरण तथा स्थानीय लोगों की आत्मीयता हर आगंतुक को अपनी ओर आकर्षित करती है। उल्लेखनीय है कि विशाल मिश्रा भारतीय संगीत जगत के चर्चित संगीतकार और गायक हैं। उन्होंने वर्ष 2016 में फिल्म देवी से संगीतकार के रूप में अपनी शुरुआत की और फिल्म कबीर सिंह के गीत ञ्कैसे हुआङ्क से उन्हें व्यापक लोकप्रियता मिली, जबकि हाल के वर्षों में उनकी कई रचनाएं श्रोताओं के बीच विशेष रूप से पसंद की गई हैं।

## अब तक 21 हजार 743 बच्चों को विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं का मिला लाभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

भराड़ीसैंण। उत्तराखंड में मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार संवेदनशीलता से काम कर रही है। अब तक प्रदेश के 21 हजार 743 बच्चों को विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं के तहत लाभ प्रदान किया जा चुका है। विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने बताया कि मुख्यमंत्री मेधावी छात्र प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना में 6वीं से 12वीं तक के छात्रों को 600 से 1,200 रुपये तक की छात्रवृत्ति दी जा रही है। श्रीदेव सुमन राज्य योग्यता छात्रवृत्ति योजना में अब तक 3,289 और डॉ शिवानंद नौटियाल स्मृति छात्रवृत्ति योजना में 527 मेधावी छात्रों को लाभ मिला है। मुख्यमंत्री मेधावी छात्र प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना में सबसे ज्यादा 17 हजार 852 बच्चे लाभान्वित हुए हैं। धामी सरकार ने समस्त छात्रवृत्ति योजनाओं के पात्र छात्रों में अब तक 17 करोड़ 67 लाख 77 हजार तीन सौ रुपये वितरित किए हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## दिल्ली के मटियाला गांव में आग से 400 झुग्गियां जलकर नष्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मटियाला गांव स्थित मछली मार्केट इलाके में बुधवार देर रात आग लग गयी। देखते ही देखते आग ने आसपास की कम से कम 400 झुग्गियों को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना पर दमकल विभाग की नौ गाड़ियां पहुंचीं और ढाई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। अग्निशमन विभाग के अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि बुधवार रात करीब 11:54 बजे आग लगने की सूचना मिली। इसके बाद दमकल की गाड़ियां मौके के लिए रवाना की गईं। आग की गंभीरता को देखते हुए बाद में लगातार और गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। कुल मिलाकर दमकल की नौ गाड़ियां, आठ वाटर बाउजर, दो बीएफटी, दो मोटर पंप, एक हाई टेंडर के साथ कई अधिकारी मौके पर पहुंचे। स्थानीय पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है। शुरूआती जांच के बाद आशंका जताई जा रही है झुग्गियों के पास जमा कूड़े के ढ़ेर में किसी ने सिगरेट या बीड़ी फेंक दी थी, जिससे आग लगी और बढ़कर झुग्गियों तक फैल गई। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों के अनुसार रात करीब 12:30 बजे आग को मीडियम श्रेणी की घोषित किया गया। मौके पर डीसीएफओ एके मलिक, डीओ संदीप दुग्गल समेत कई अधिकारी मौजूद रहे और राहत एवं बचाव कार्य का नेतृत्व किया। करीब 2:20 बजे आग को चारों तरफ से घेर लिया गया और 2:30 बजे आग पर काबू पा लिया गया। इसके बाद दमकल कर्मियों ने कूलिंग ऑपरेशन शुरू किया, जो तड़के तक जारी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग में करीब 400 झुग्गियां, कई दोपहिया वाहन जलकर नष्ट हो गए। हालांकि अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस और दमकल विभाग की टीम मामले की जांच कर रही है।

## उत्तराखंड बजट सत्र में भाजपा सदस्य शिव अरोरा ने जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग उठाई

**भराड़ीसैंण।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक शिव अरोरा ने ग्रीष्मकालीन राजधानी भराड़ीसैंण में सत्र के दौरान राज्य में जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि तीन से अधिक बच्चों वाले परिवारों को सरकारी सुविधाओं से वंचित किया जाना चाहिए। गुरुवार को विधानसभा में भाजपा के सदस्य शिव अरोरा ने कहा कि राज्य में कुछ वर्ग विशेष की ओर से डेमोग्राफी चेंज किया जा रहा है, जिससे उत्तराखंड की सांस्कृतिक और आर्थिक स्थिति प्रभावित हो रही है। उन्होंने सुझाव दिया कि ऐसे परिवारों को सरकारी राशन, आयुष्मान कार्ड के तहत मुफ्त इलाज, सरकारी मकान और गैस सिलेंडर जैसी सुविधाएं नहीं दी जानी चाहिए। अरोरा ने कहा कि मैदानी और पर्वतीय जिलों में बाहरी राज्यों से आए लोग स्थानीय संसाधनों पर दबाव डाल रहे हैं और राज्य के बजट पर असर डाल रहे हैं। उन्होंने 'हम पांच हमारे पच्चीस' जैसी मानसिकता का हवाला देते हुए इसे रोकने की आवश्यकता बताई। विधानसभा सदस्य अरोरा ने यह भी कहा कि जैसे उत्तराखंड में यूसीसी लागू हुआ और मदरसा बोर्ड बंद किया जा रहा है, वैसे ही जनसंख्या नियंत्रण कानून भी राज्य में लाया जाना चाहिए। उन्होंने 2011 की जनगणना के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि राज्य में मुस्लिम आबादी 14 प्रतिशत से बढ़कर लगभग 18 प्रतिशत हो गई है। अरोरा ने कहा कि सरकार को इस मुद्दे पर विचार करना चाहिए ताकि राज्य की सांस्कृतिक धरोहर और संसाधनों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

## कथित ब्लैकमेलिंग से तंग आकर युवक ने की आत्महत्या, महिला के खिलाफ मामला दर्ज

**कपूरथला।** पंजाब में कपूरथला के लाहौरी गेट इलाके में बुधवार देर रात एक युवक ने कथित तौर पर लगातार उत्पीड़न और ब्लैकमेलिंग से तंग आकर आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों के मुताबिक मृतक की पहचान पटवारियां वाली गली निवासी सूरज नाहर के रूप में हुई है। वह अपने घर में पंखे से लटका हुआ पाया गया। आत्मघाती कदम उठाने से पहले सूरज ने कथित तौर पर एक वीडियो बयान रिकॉर्ड किया था, जिसमें उसने अपनी परेशानी की परिस्थितियों का विवरण दिया और एक महिला पर गंभीर आरोप लगाए।


चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063